CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 19°C
न्यूनतम : 10°C

देहरादून, मंगलवार 10 फरवरी 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 184 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन कृष्ण पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 21 शाबान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उत्तर प्रदेश अब 'बीमारू' नहीं, आर्थिक रूप से सशक्त राज्य: योगी पेज 2



पाकिस्तान-भारत वर्ल्ड कप मैच पर आखिरी फैसला शहबाज शरीफ लेंगे खेल टाइम्स



और अधिक गर्म होती धरती, लंबे होते पक्षियों के पैर सम्पादकीय




एपस्टीन फाइल्स:10 देशों में इस्तीफे, 80 ताकतवर लोगों की जांच पेज 12

# विपक्ष की नारेबाजी से काफी आहत दिखीं उप्र की राज्यपाल

शाह टाइम्स ब्यूरो

### कहा: आप लोगों का यही हाल रहा तो शून्य तक पहुंच जाएंगे, आनंदीबेन ने अभिभाषण में गिनाई सरकार की उपलब्धियां



**लखनऊ।** उप्र राज्य विधानमंडल में बजट सत्र के मौके पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने अपने अभिभाषण में प्रदेश की विकास यात्रा, सुशासन और उपलब्धियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। इस दौरान वह विपक्ष की नारेबाजी से काफी आहत दिखीं।

उन्होंने विपक्ष पर पलटवार करते हुए कहा कि आप लोगों का यही हाल रहा, तो शून्य तक पहुंच जाएंगे। अपने भाषण के दौरान कहा कि 'विकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश /2047' विजन डॉक्यूमेंट को साकार करने के लिए सदन में अत्यंत उपयोगी चर्चा हुई है। मार्च 2017 के बाद प्रदेश ने कानून-व्यवस्था, आधारभूत ढांचा, निवेश, रोजगार सृजन और जनकल्याण के क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। राज्यपाल ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि वर्तमान में प्रदेश के 18 राज्य विश्वविद्यालयों ने नैक में उत्कृष्ट श्रेणी प्राप्त की है। वर्ष 2017 में जहां नैक ए प्लस प्लस श्रेणी का कोई भी विश्वविद्यालय नहीं था, वहीं 2025 तक यह संख्या बढ़कर 9 हो गई है। इनमें 4 विश्वविद्यालय नैक 'ए प्लस' और 5 विश्वविद्यालय 'ए' श्रेणी में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि केवल एक वर्ष में नैक प्रत्यायित संस्थानों की संख्या 95 से बढ़कर 161 हो गई है। इसके साथ ही क्यूएस एशिया -शेष पृष्ठ दो पर

## सदन में पेश हुई पहली आर्थिक समीक्षा, प्रदेश में बढ़ी है प्रति व्यक्ति आय

**लखनऊ।** उप्र विधानमंडल का बजट सत्र सोमवार से शुरू हो गया। सत्र के पहले दिन की शुरुआत राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के अभिभाषण से हुई। इसके उपरांत विधानसभा में आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट पेश की गई। इसके बाद सदन की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बजट सत्र में आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया। इसमें उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश का राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में स्थान अब करीब नौ प्रतिशत से ज्यादा हो गया, जो कि 2016-17 में लगभग आठ प्रतिशत था। चालू वित्त वर्ष में उत्तर प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय 1.20 लाख रुपये प्रति व्यक्ति होने की संभावना है। इससे पहले बजट सत्र के आरंभ से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरकार का एजेंडा सामने रखा। सरकार प्रदेश के विकास, सुशासन और जनकल्याण के मुद्दों को प्राथमिकता के साथ सदन में रखेगी। मुख्यमंत्री ने विपक्ष से रचनात्मक सहयोग की अपील भी की। वहीं सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ही पूरी तैयारी के साथ सत्र में पहुंचे। यह बजट सत्र 9 फरवरी से 20 फरवरी तक चलेगा।

# नरवणे की अप्रकाशित किताब सोशल मीडिया पर प्रसारित होने पर FIR

■ दिल्ली पुलिस ने जांच शुरू की

**नई दिल्ली।** पूर्व सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे की आगामी किताब फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी के कथित रूप से सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के मामले में दिल्ली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, इस पुस्तक को अभी संबंधित प्राधिकरणों से प्रकाशन की आवश्यक अनुमति नहीं मिली है।

दिल्ली पुलिस ने बताया कि विभिन्न ऑनलाइन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और न्यूज फोरम पर ऐसी जानकारी सामने आई थी कि किताब की प्री-प्रिंट कॉपी इंटरनेट पर साझा की जा रही हैं। इन दावों के संज्ञान में आने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। शुरुआती जांच में पाया गया कि फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी शीर्षक से टाइपसेट की गई एक पीडीएफ कॉपी कुछ वेबसाइट्स पर उपलब्ध है। यह कॉपी कथित रूप से पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा तैयार की गई प्रतीत होती है। इसके अलावा कुछ ऑनलाइन मार्केटिंग प्लेटफॉर्म पर पुस्तक का फाइनल कवर भी इस तरह प्रदर्शित किया गया है, मानो वह बिक्री के लिए उपलब्ध हो।

## संक्षिप्त समाचार

### मणिपुर के लितान में हिंसा भड़की, 25 घर फूंके

**इंफाल।** मणिपुर के उखरुल जिले के व्यावसायिक कस्बे लितान में तनाव बना हुआ है। हालांकि भारी सुरक्षा तैनाती के बीच फिलहाल माहौल शांत है। पुलिस के अनुसार, तांगखुल नागा और कुकी समुदायों के बीच हुई हिंसक झड़पों के बाद लितान और उससे सटे मंगकोट गांव में बड़े पैमाने पर लोगों का पलायन जारी है। रविवार देर रात करीब 11:30 बजे लितान बाजार में हिंसा भड़क गई थी। इस दौरान उपद्रवियों ने स्वचालित हथियारों और राइफलों से गोलीबारी भी की, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। हिंसा में 25 घर और चार सरकारी क्वार्टर जलकर खाक हो गए हैं। हिंसा की शुरुआत 7 फरवरी की शाम लितान सरेइखोंग में हुए एक शराब के नशे में झगड़े से हुई, जिसमें तांगखुल नगा समुदाय के स्टर्लिंग नामक व्यक्ति के साथ कथित रूप से मारपीट हुई थी। बाद में उसे इलाज के लिए इंफाल के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। उखरुल के जिला मजिस्ट्रेट ने लितान में कर्फ्यू लगा दिया है।

### उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में पारा माइनस 24 डिग्री

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड में सोमवार को 5 जिलों में बारिश-बर्फबारी का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग (आईएमडी) के मुताबिक उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में हल्की बारिश और ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी की संभावना है। वहीं, पिथौरागढ़ जिले के मुनस्यारी में न्यूनतम तापमान माइनस 24 डिग्री सेल्सियस रहा। राजस्थान के 10 से ज्यादा शहरों में टेंपरेचर 10 डिग्री सेल्सियस डिग्री से कम रिकॉर्ड किया गया। पिछले 24 घंटे में सबसे ज्यादा सर्दी फतेहपुर और पाली में रही।

### इसरो ने चंद्रयान-4 के लिए लैंडिंग साइट तलाशी

**बेंगलुरु।** इसरो ने चंद्रयान-4 मिशन के लिए चंद्रमा के साउथ पोल के पास एक लैंडिंग साइट तलाश ली है। चंद्रयान-2 ऑर्बिटर से मिली तस्वीरों के आधार पर वैज्ञानिकों ने मान्स माउटन (एमएम-4) क्षेत्र को लैंडिंग के लिए सबसे सही बताया है। मान्स माउटन, चंद्रमा के साउथ पोल के पास स्थित करीब 6,000 मीटर ऊंचा पहाड़ है। इसकी चोटी काफी हद तक सपाट है, जो लैंडिंग के लिए अनुकूल है।

# एसआईआर में कोई रुकावट नहीं आने देंगे: सुप्रीम कोर्ट

## बंगाल में फाइनल वोटर लिस्ट पब्लिश करने की डेडलाइन एक हफ्ता बढ़ाई

### डीजीपी से मांगा हलफनामा

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में इस साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) करा रहा है। मतदाता सूची से जुड़ा यह विवाद सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया है। कोर्ट ने सोमवार को इस मामले में अहम दिशा-निर्देश दिए।

चीफ जस्टिस ने एसआईआर की समयसीमा बढ़ाने का भी निर्देश दिया। सीजेआई सूर्यकांत की पीठ ने कहा कि मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की डेडलाइन एक सप्ताह और बढ़ाई जा रही है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि निर्वाचन आयोग (ईसीआई) को पश्चिम बंगाल एसआईआर प्रक्रिया के बाद फाइनल वोटर लिस्ट पब्लिश करने के लिए और समय दिया जा रहा है। किसी को भी पश्चिम बंगाल में जारी एसआईआर में रुकावट डालने की इजाजत नहीं दी जाएगी। एसआईआर की डेडलाइन 14 फरवरी से एक हफ्ते आगे बढ़ाई जा रही है। माइक्रो ऑब्जर्वर या राज्य सरकार के -शेष पृष्ठ दो पर

### सेंगर की याचिका पर 'प्राथमिकता के आधार पर' सुनवाई करे दिल्ली हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को दिल्ली उच्च न्यायालय से कहा कि उन्नाव में हिरासत में मौत के मामले में उत्तर प्रदेश के पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर की याचिका पर सुनवाई प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र की जाए और इस अपील का निस्तारण अधिमानत तीन माह के भीतर किया जाए। शीर्ष अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि सेंगर की अपील के साथ ही पीड़ित पक्ष द्वारा सजा बढ़ाने के लिए दायर अपील तथा सह-आरोपियों की अपीलों की संयुक्त रूप से सुनवाई की जाए। पीठ सेंगर की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें दिल्ली उच्च न्यायालय के 19 जनवरी के आदेश को चुनौती दी गई थी।



### हिमाचल हाईकोर्ट के फैसले पर लगाई रोक, सरकारी कार्यालय बदलने को सरकार आजाद

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के उस आदेश को निरस्त कर दिया, जिसमें राज्य सरकार के हिमाचल प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग का मुख्यालय शिमला से कांगड़ा जिले के धर्मशाला स्थानांतरित करने के प्रस्ताव पर रोक लगाई गई थी। न्यायालय ने कहा कि किसी संस्था के मुख्यालय का स्थानांतरण नीति से जुड़ा विषय है और इसमें न्यायिक हस्तक्षेप की गुंजाइश अत्यंत सीमित होती है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने कहा कि प्रथम दृष्ट्या यह स्पष्ट है कि किसी संस्था के मुख्यालय को स्थानांतरित करना एक नीतिगत निर्णय है।

# असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा पर कानूनी वार

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ सुप्रीम कोर्ट पहुंचा शूटिंग वीडियो मामला
■ पूर्व एलजी समेत 12 लोगों ने दाखिल की याचिका

**नई दिल्ली।** एक समूह ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है, जिसमें असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और अन्य संवैधानिक पदाधिकारियों द्वारा दिए जा रहे भाषणों को संविधान के अनुरूप नहीं और अपमानजनक बताया गया है। याचिकाकर्ताओं ने इस मामले में अनुच्छेद 32 के तहत कोर्ट से दिशा-निर्देश जारी करने का अनुरोध किया है।

याचिका में उल्लेख किया गया है कि सीएम सरमा ने हाल ही में मुस्लिम समुदाय के खिलाफ टिप्पणियां कीं। इसके अलावा, उन्होंने कुछ समुदाय के नागरिकों को सब्जियों की कीमत बढ़ाने, लव जिहाद और फ्लड जिहाद जैसी घटनाओं के लिए जिम्मेदार ठहराया और यहां तक कहा कि चुनावी मतदाता सूची से 4-5 लाख लोगों को हटाना चाहते हैं। याचिकाकर्ताओं ने कहा कि केवल असम ही नहीं, बल्कि अन्य राज्यों के उच्च पदाधिकारियों द्वारा दिए गए भाषण भी संवैधानिक नैतिकता के खिलाफ हैं। उदाहरण के तौर पर, उत्तराखंड सीएम लैंड जिहाद और लव जिहाद की बातें करते हैं, जबकि उत्तर प्रदेश सीएम उर्दू भाषा समर्थकों के लिए अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल करते हैं। केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी मुसलमानों को घुसपैठियों और विदेशी समर्थकों के रूप में प्रस्तुत करते हैं। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि भले ही ये भाषण सीधे तौर पर हेट स्पीच कानून के दायरे में न आते हों, लेकिन इनका मकसद संवैधानिक नैतिकता को कमजोर करने वाला है। उन्होंने कोर्ट से अनुरोध किया है कि उच्च संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों के सार्वजनिक भाषणों के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश बनाए जाएं। याचिकाकर्ताओं ने जोर देकर कहा कि सार्वजनिक पदधारक साधारण वक्ता नहीं होते। उनके शब्द राज्य का प्रभाव रखते हैं, प्रशासनिक कार्रवाई को प्रभावित करते हैं और संवेदनशील समुदायों पर हानिकारक असर डाल सकते हैं। याचिका में सुप्रीम कोर्ट के नवतेज सिंह जोहर बनाम भारत संघ (2018), जोसेफ शाइन बनाम भारत संघ (2019) और गवर्नमेंट ऑफ एनसीटी ऑफ दिल्ली बनाम भारत संघ (2018) के फैसलों का हवाला दिया गया है, जिसमें कहा गया है कि संवैधानिक नैतिकता लोकप्रिय भावना पर हावी होनी चाहिए।

# न्यायालय परिसर के भीतर हिंसा की घटनाएं गुंडा राज: शीर्ष कोर्ट

■ कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए कहा: यह स्पष्ट रूप से विधि के शासन की विफलता है

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अदालत परिसर के भीतर हिंसा की घटनाओं की कड़ी निंदा करते हुए इसे 'गुंडा राज' करार देते हुए कहा कि यह स्पष्ट रूप से विधि के शासन की विफलता है।

न्यायालय दिल्ली के तीस हजारी अदालत परिसर के भीतर एक अधिवक्ता पर हुए कथित हमले के संबंध में एक 'उल्लेख' पर सुनवाई कर रहा था। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ को एक ऐसी घटना से अवगत कराया गया, जो कथित तौर पर सात फरवरी को तीस हजारी कोर्ट में अतिरिक्त जिला न्यायाधीश हरजीत सिंह पाल की अदालत के सामने हुई थी।

## खालिस्तानी धमकियों भरे ईमेल से संसद और दिल्ली के स्कूलों में सुरक्षा अलर्ट जारी

**नई दिल्ली।** खालिस्तानी समर्थकों ने दिल्ली में संसद भवन को उड़ाने की धमकी दी है, जिसके बाद संसद परिसर के आसपास सुरक्षा बहुत बढ़ा दी गई है। सोमवार को दिल्ली के कई स्कूलों को धमकी भरे ईमेल भी भेजे गए, जिनमें बम विस्फोटों की चेतावनी दी गई थी और हिंदुस्तान बनेगा खालिस्तान के नारे लिखे हुए थे। ये ईमेल ज़ैकरी जेनकिस नाम के व्यक्ति ने भेजे थे।

# लोकसभा की कार्यवाही केवल 13 मिनट ही चल पाई

■ राहुल बोले: स्पीकर ने कमिट किया, क्या आप बोलने देंगे, रिजिजू बोले: कोई कमिटमेंट नहीं
■ लोस की कार्यवाही स्थगित, विपक्ष स्पीकर बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ला सकता है

**नई दिल्ली।** बजट सत्र के 9 वें दिन लोकसभा की कार्यवाही केवल 13 मिनट ही चल पाई। विपक्ष सदन में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को बोलने देने की मांग कर रहा है।

राहुल गांधी ने लोकसभा में कहा कि एक घंटा पहले स्पीकर के पास हम गए, स्पीकर ने हमें कमिट किया कि मुझे बजट डिस्कशन से पहले बोलने दिए जाएगा, आप मुझे बोलने नहीं दे रही हैं। मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि आप मुझे बोलने देंगी या नहीं। 3 बजे जब सदन की कार्यवाही शुरू हुई, तो आसंदी (स्पीकर की चेयर) पर संध्या राय (भाजपा सांसद) बैठी थीं। राहुल की बात के जवाब में संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि मैं भी स्पीकर के केबिन में मौजूद था। ऐसा कोई कमिटनमेंट नहीं किया गया। संध्या ने राहुल से कहा कि आपकी तरफ से किसी और मुद्दे के लिए कोई नोटिस नहीं आया है, बजट पर चर्चा करनी हो तो बताएं। इसके बाद विपक्ष ने हंगामा किया। इसके बाद लोकसभा की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए कार्यवाही स्थगित कर दी गई। वहीं, विपक्ष लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ला सकता है।

## भारत ने नेपाल की सेना को 50 सैन्य वाहन सौंपे

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने नेपाल के साथ रक्षा सहयोग और क्षमता निर्माण को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के तहत सोमवार को भारत-नेपाल सीमा पर नेपाली सेना को 50 सैन्य उपयोगी वाहन सौंपे। इन वाहनों को औपचारिक रूप से काठमांडू में आयोजित होने वाले एक समारोह में नेपाल में भारत के राजदूत द्वारा दिया भेंट किया जाएगा।

# लोकसभा अध्यक्ष पर संसदीय अधिकारों की रक्षा नहीं कर पाने का आरोप

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ कांग्रेस की महिला सांसदों ने पत्र लिखकर लोकतंत्र के अभूतपूर्व हनन पर 'गहरी पीड़ा' व्यक्त की



**नई दिल्ली।** कांग्रेस की महिला सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर उन पर सत्ताधारी भाजपा के दबाव में विपक्षी महिला सांसदों के खिलाफ 'झूठे, निराधार और अपमानजनक' आरोप लगाने और विपक्ष के संसदीय अधिकारों की रक्षा करने में विफल रहने का आरोप लगाया है।

कांग्रेस सांसद एस. जोतिमणि के लेटरहेड पर सोमवार को भेजी गई एक कड़ी आपत्ति में, महिला सांसदों ने लोकसभा में लोकतंत्र के अभूतपूर्व हनन पर 'गहरी पीड़ा' व्यक्त की। पत्र में विशेष रूप से राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव की चर्चा के दौरान विपक्ष के नेता राहुल गांधी को बोलने की अनुमति देने से बार-बार इन्कार किए जाने पर सवाल उठाया गया है। पत्र में कहा गया है कि अध्यक्ष का पद एक संवैधानिक कार्यालय है जिसका उद्देश्य संसद की गरिमा की रक्षा करना, निष्पक्षता सुनिश्चित करना और पार्टी संबद्धता से परे सभी सदस्यों के अधिकारों की रक्षा करना है। इसमें कहा गया है कि पिछले चार दिनों से लगातार स्थापित संसदीय परंपरा का 'जानबूझकर उल्लंघन' किया गया है। कांग्रेस सांसदों ने आरोप लगाया कि जहां राहुल गांधी को बोलने का अवसर नहीं दिया गया, वहीं इंडिया गठबंधन के आठ सांसदों को 'सत्तारूढ़ दल के इशारे पर' निलंबित कर दिया गया, जबकि एक भाजपा सांसद को सदन में पूर्व प्रधानमंत्रियों के खिलाफ 'अभद्र और अश्लील' टिप्पणी करने की अनुमति दी गई।

# सदन में आते ही वापस लौटने पर होता है बहुत दुख: प्रियंका

■ बोलीं: सदन में विपक्ष के नेता को बोलने नहीं दिया जाता

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि यह बहुत दुखद स्थिति है कि लोकसभा नहीं चल रही है और सदन में आते ही उन्हें वापस लौटना पड़ता है।

श्रीमती वाड्रा ने लोकसभा की कार्यवाही दोपहर दो बजे दिनभर के लिए स्थगित होने के बाद संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा कि सदन में विपक्ष के नेता को बोलने नहीं दिया जाता है और सदन नहीं चल रहा है यह बहुत ही दुख की बात है। उन्होंने कहा कि सच कहूं तो, यह बहुत दुख की बात है कि हम सदन (लोकसभा) जाते हैं और बस बाहर आ जाते हैं। विपक्ष के नेता को एक मिनट भी बोलने की अनुमति नहीं दी जाती। यह हास्यास्पद है।

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी के 10 जिले घने कोहरे की चपेट में

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मौसम ने फिर करवट बदली है, जिससे तापमान में 1.2 डिग्री की गिरावट दर्ज हुई है। भारतीय मौसम विभाग ने तराई वाले 10 जिलों में घने कोहरे का अलर्ट जारी किया है, जबकि 13 अन्य जिलों में खराब मौसम की आशंका जताई है। राजधानी लखनऊ समेत उत्तरी यूपी में रातें ठंडी होंगी, हालांकि अगले कुछ दिनों में तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी की उम्मीद है। इसी प्रकार बाकी के 52 जिलों में मौसम शुष्क रहने के आसार हैं। मौसम विभाग के लखनऊ केंद्र से जारी ताजा बुलेटिन के मुताबिक तराई वाले जिलों गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, बरेली और पीलीभीत समेत आसपास के इलाकों में आज घना कोहरा छाया रहा। इन जिलों में सुबह के वक्त दृष्यता 10 मीटर से भी कम रही। इसी प्रकार बलिया, मऊ, आजमगढ़, देवरिया, संत कबीरनगर, बस्ती, गोंडा, सीतापुर, अंबेडकर नगर, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, शाहजहांपुर और आसपास के इलाकों में घने कोहरे का अलर्ट जारी किया गया है। हालांकि इस दौरान तापमान में ज्यादा परिवर्तन होने की कोई संभावना नहीं है।

### केजीएमयू के छह मजारों को दूसरी बार नोटिस जारी

**लखनऊ।** केजीएमयू परिसर में मौजूद मजारों को हटाने के लिए जारी पहली नोटिस का समय बीत चुका है, फिर भी मजारें हटाई नहीं गई हैं। अब केजीएमयू प्रशासन ने सोमवार को दूसरा नोटिस जारी कर दिया है। केजीएमयू परिसर में बनाई गई 6 मजारों को दूसरा नोटिस दिया गया है। केजीएमयू प्रशासन ने 22 जनवरी को मजारों को हटाने के लिए पहला नोटिस दिया था। इन मजारों को हटाने के लिए 15 दिन का समय दिया गया था।

## विधानमंडल में बजट सत्र के दौरान बोले सीएम योगी

# यूपी अब बीमारू नहीं, आर्थिक रूप से सशक्त

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ बजट सत्र के दो प्रमुख एजेंडे होते हैं पहला राज्यपाल का अभिभाषण, दूसरा सामान्य बजट

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को विधानमंडल के बजट सत्र के मौके पर कहा कि जनसंख्या घनत्व के मामले में अव्वल यह राज्य अब 'बीमारू' नहीं बल्कि आर्थिक रूप से सशक्त राज्यों की श्रेणी में आता है, जो गर्व की बात है।

योगी ने सत्र की शुरुआत से पहले पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उनकी सरकार ने उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नया आयाम दिया है और लंबे समय तक बीमारू राज्य अब देश में सशक्त राज्य के रूप में अपनी पहचान बना चुका है। सदन के नेता ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि संसदीय परंपराओं के अनुरूप बजट सत्र की शुरुआत राज्यपाल के अभिभाषण से होगी और इसके बाद सदन में सामान्य बजट पर चर्चा की जाएगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि बजट सत्र के दो प्रमुख एजेंडा होते हैं। पहला राज्यपाल का अभिभाषण और दूसरा सामान्य बजट। राज्यपाल का अभिभाषण सरकार की उपलब्धियों और भावी कार्य योजनाओं का दस्तावेज होता है, जिसके माध्यम से प्रदेश की जनता को संबोधित किया जाता है। इस पर सदन में माननीय सदस्य विस्तृत चर्चा करते हैं। उन्होंने कहा कि 11 फरवरी को वित्तीय वर्ष 2026-27 का सामान्य बजट प्रस्तुत किया जाएगा, जिस पर विचार-विमर्श किया जाएगा। बजट सत्र की कार्यवाही 20 फरवरी तक चलेगी। मुख्यमंत्री ने यह भी जानकारी दी कि राज्यपाल के अभिभाषण के बाद आज पहली बार सदन में आर्थिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट भी प्रस्तुत की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार ने उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नया आयाम दिया है और लंबे समय तक 'बीमारू राज्य' कही जाने वाली छवि को बदला है। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश ने आर्थिक क्षेत्र में ब्रेक थ्रू किया है, प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि हुई है और रोजगार के अवसर लगातार बढ़े हैं।

### बजट सत्र के दौरान चलने वाले स्वास्थ्य शिविर का मुख्यमंत्री ने किया उद्घाटन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बजट सत्र की शुरुआत से पूर्व विधान भवन में आयोजित स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन किया। यह स्वास्थ्य शिविर उत्तर प्रदेश विधान सभा और विधान परिषद सदस्यों के लिए लगाया गया है, जिसमें केजीएमयू के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। उद्घाटन के अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष, उप मुख्यमंत्री, मंत्रियों एवं जनप्रतिनिधियों ने भी अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। उत्तर प्रदेश विधानमंडल के सभी सदस्यों के स्वास्थ्य परीक्षण के उद्देश्य से स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा यह शिविर आयोजित किया गया है। यह शिविर माननीय सदस्यों के साथ-साथ विधान भवन में उपस्थित अन्य लोगों की सुविधा के लिए भी उपलब्ध रहेगा। योगी ने कहा कि स्वस्थ दिनचर्या हर नागरिक का अधिकार होना चाहिए और प्रदेश सरकार इस दिशा में पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

## पंजाब के लॉ कॉलेज में छात्रा का मर्डर कर की आत्महत्या

चंडीगढ़, वार्ता

■ परिजनों का आरोप पुलिस ने सही जानकारी नहीं दी

पंजाब के तरनतारन जिले के गांव उस्मा में स्थित एक मशहूर लॉ कॉलेज में सोमवार सुबह एक नौजवान छात्र ने कॉलेज कैंपस के अंदर ही अपनी साथी छात्रा के सिर में गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। इतना ही नहीं युवक ने मौके पर ही खुद को भी गोली मारकर आत्महत्या कर ली, उसकी भी मौत हो गई है।

गोली लगने से लड़की की मौके पर ही मौत हो गई। इस हमले के बाद कॉलेज में मौजूद छात्र और स्टाफ में भगदड़ मच गई। इस पूरी घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसके आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। मरने वाली छात्रा की पहचान संदीप कौर के तौर पर हुई, वहीं गोली मारने वाले शख्स का नाम प्रिंस राज है। जैसे ही घटना का पता चला, मौके पर पहुंचे परिवार वालों ने कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ अपना विरोध जताया। परिवार और पंचायत सदस्यों ने आरोप लगाया कि इतना मशहूर कॉलेज होने के बावजूद सुरक्षा के नाम पर कोई इंतजाम नहीं है। उन्होंने कहा कि एक नौजवान छात्र कॉलेज के अंदर पिस्तौल लेकर आया है, यह भी जांच का विषय है। उन्होंने कहा कि कॉलेज मैनेजमेंट समेत वहां के प्रिंसिपल के खिलाफ सही एक्शन लिया जाना चाहिए, क्योंकि घटना के बाद कॉलेज प्रशासन ने परिवार को सच नहीं बताया। परिवार वालों ने कहा कि कॉलेज प्रशासन ने सिर्फ उनसे इतना ही कहा कि वे लोग जल्द कॉलेज पहुंचे। उनकी बेटी घायल है।

परिवार के सदस्यों ने कहा कि जब वे कॉलेज पहुंचे, तो उनकी बच्ची मरी हुई पड़ी थी। उन्होंने कहा कि कॉलेज ने अपनी तरफ से वकील और पुलिस बुला ली है और उन्हें उनकी बेटी का चेहरा भी नहीं देखने दिया जा रहा है और न ही इस मामले में कोई जानकारी दी जा रही है। इस बीच इस मामले को लेकर मौके पर पहुंचे जांच अधिकारी ने मामले की अच्छी तरह से जांच की है। उन्होंने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज कब्जे में ली है।

## आंनदीबेन का संबोधन विकास से दूर: मायावती

### बसपा ने गंभीर सवाल खड़े किए

शाह टाइम्स ब्यूरो





**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र की शुरुआत पर राज्यपाल के अभिभाषण को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि संसदीय परंपरा के अनुसार दिया गया यह संबोधन प्रदेश के वास्तविक विकास, सर्वसमाज के उत्थान और व्यापक जनहित के मुद्दों से भटका हुआ नजर आया।


यह वास्तविक व थोड़ा उत्साही होता, तो यह बेहतर होता। सोमवार को सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए मायावती ने कहा कि वास्तव में पूरे उत्तर प्रदेश में सर्वसमाज के करोड़ों लोग सरकार की गलत नीतियों व कार्यकलापों आदि से दुखी व त्रस्त हैं। जिसके प्रति राज्यपाल को सरकार का ध्यान आकर्षित कराना चाहिए था। प्रदेश की जनता के साथ-साथ विपक्ष को भी थोड़ा आश्वासन मिलता, विपक्ष की नारेबाजी होती रही तथा हंगामा भी होता रहा। राज्यपाल के सम्बोधन में भाजपा की सरकार द्वारा जनहित व जनकल्याण सम्बंधी बड़े-बड़े दावों, आश्वासनों, घोषणाओं व वादों आदि को पूरा करने सम्बंधी विवरणों का अभाव भी लोगों की चिन्ता का कारण रहा।

### एनएचएम संविदा कर्मियों का वेतन संकट गहराया, संघ ने की हस्तक्षेप की मांग

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत संविदा स्वास्थ्य कर्मियों को दिसंबर 2025 से वेतन न मिलने के कारण हालात लगातार गंभीर होते जा रहे हैं। इस मुद्दे को लेकर संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ ने राज्य सरकार और स्वास्थ्य विभाग के समक्ष कड़ा विरोध जताते हुए तत्काल समाधान की मांग की है। संघ के अध्यक्ष डा. अनिल गुप्ता और महामंत्री योगेश उपाध्याय की ओर से उपमुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि एनएचएम के तहत कार्यरत अल्प वेतनभोगी संविदा कर्मी पूरी तरह अपने मासिक वेतन पर निर्भर रहते हैं। लगातार दो माह से वेतन न मिलने के कारण कर्मचारियों के सामने घर का किराया, बच्चों की पढ़ाई, भोजन, दवा और अन्य आवश्यक खर्चों को पूरा करना मुश्किल हो गया है।

## डा. मिर्जा शफीक ने देश का नाम रोशन किया: राज्यपाल

पटना, वार्ता



बिहार के राजपाल आरिफ मुहम्मद खान ने कहा है कि उर्दू स्कॉलर डा.मिर्जा शफीक हुसैन शफक ने देश का नाम रोशन किया है।

इस मौके पर डा.मिर्जा शफीक हुसैन शफक ने गवर्नर आरिफ मुहम्मद खान से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर बात करते हुए उन्हे अपनी किताबें 'इरफान सिद्दीकी,शख्स और शायर' और सेरफि ए अदब भेंट कीं। गवर्नर आरिफ मुहम्मद खान ने कहा कि डा. मिर्ज़ा शफीक हुसैन शफक ने बहुत कम समय में उर्दू अदब में अपनी एक अलग और खास जगह बनाई है। उर्दू आलोचना को लेकर अदब की दुनिया में उनका नाम बड़े आदर और तहजीब से लिया जाता है। जिस तरह उन्होंने अदब की दुनिया में नाम कमाया है, उसी तरह वे इस्लामी दुनिया में भी एक बेमिसाल वक्ता के तौर पर मशहूर हैं। उनकी लिखी दर्जनों किताबें आज हमारे अदब का बहुत कीमती खजाना हैं। आरिफ मुहम्मद खान ने आगे कहा कि हमें उम्मीद है कि डा. मिर्जा शफीक हुसैन शफक इसी लगन से अदब और दीन की सेवा करते रहेंगे और देश का नाम रोशन करने में अपना योगदान देते रहेंगे। डा.मिर्जा शफीक हुसैन शफक ने गवर्नर हाउस में हुए स्वागत के लिए बिहार के गवर्नर आरिफ मुहम्मद खान का शुक्रिया अदा किया।

## जैव विविधता प्रबंधन समितियों को 46 लाख रुपये दिए

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जैव-विविधता प्राधिकरण ने जैव विविधता संरक्षण और जैविक संसाधनों के इस्तेमाल से प्राप्त लाभ का पारदर्शी तथा समान वितरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राज्यों के बोर्डों को 45.05 लाख रुपये वितरित किए है। आधिकारिक सूचना में सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि जैव-विविधता बोर्डों और केंद्र शासित प्रदेश जैव-विविधता परिषदों के जरिए लाभार्थियों को यह राशि दी जाएगी। इस भुगतान से 10 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों में स्थापित 90 से अधिक जैव विविधता प्रबंधन समितियों और आंध्र प्रदेश के 15 लाल चंदन किसानों को लाभ मिलेगा। जिन राज्यों को यह सहायता दी गई है, उनमें तेलंगाना, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, गोवा, महाराष्ट्र, असम, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और लद्दाख शामिल हैं। यह लाभ-साझाकरण की राशि विभिन्न जैविक संसाधनों के उपयोग से उत्पन्न हुई है, पहुंच और लाभ-साझाकरण व्यवस्था के तहत, कंपनियों द्वारा अर्जित व्यावसायिक लाभ का एक हिस्सा संबंधित समुदायों को लौटाया जाता है। इससे न केवल उनकी आजीविका में सुधार होता है, बल्कि उन्हें जैव विविधता की रक्षा और संरक्षण के लिए प्रेरणा भी मिलती है।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 84065.75
निफ्टी 25867.30



सोना रु. 157400
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 261000
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में तेजी जारी सेंसेक्स 485 अंक चढ़ा

मुंबई, वार्ता



अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौते और विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को तेजी रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 485.35 अंक (0.58 प्रतिशत) की बढ़त में 84,065.75 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 173.60 अंक यानी 0.68 प्रतिशत ऊपर 25,867.30 अंक पर बंद हुआ। अमेरिका और भारत के बीच अंतारिम व्यापार समझौते पर दोनों देशों की ओर से 7 फरवरी को जारी साझा वक्तव्य में इसकी मुख्य बातों का खुलासा किया गया था। इससे आज निवेश धारणा को मजबूती मिली और बाजार में तेजी रही। बाजार में आज चौतरफा लिवाली रही। मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने ज्यादा विश्वास दिखाया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.33 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 2.64 प्रतिशत की बढ़त में रहा। सभी सेक्टरों के सूचकांक हरे निशान में रहे। सार्वजनिक बैंक, वित्त, मीडिया, धातु, फार्मा, रियलटी, स्वास्थ्य, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और रसायन समूहों के सूचकांकों में ज्यादा तेज रही। सेंसेक्स की कंपनियों में भारतीय स्टेट बैंक का शेयर सात प्रतिशत से अधिक उछला। टाइटन, टाटा स्टील और अल्ट्राटेक सीमेंट में ढाई से तीन प्रतिशत के बीच बढ़त रही। इटरनल, बीईएल, कोटक महिंद्रा बैंक, ट्रेंट, इंडिगो और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर एक से दो प्रतिशत की बीच चढ़े। एलएंडटी, अडानी पोर्ट्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स, सनफार्मा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और हिंदुस्तान यूनीलिवर के शेयर भी हरे निशान में बंद हुए। पावर ग्रिड और आईटीसी में एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट रही। एनटीपीसी, आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी नीचे बंद हुए।

## सोना और चांदी की कीमतों में भारी इजाफा

**नई दिल्ली।** सोना-चांदी के दाम में आज यानी 9 फरवरी को बढ़त देखने को मिली है। सोमवार दोपहर 3 बजे के करीब एमसीएक्स पर सोने का भाव 1,57,400 रुपये/10 ग्राम के करीब है। आज सोने में 1.25 प्रतिशत का उछाल देखा जा रहा है। वहीं चांदी की कीमतें आज सुबह से 4.45 प्रतिशत या 11,108 रुपये तक बढ़ चुकी है। चांदी फिलहाल एमसीएक्स पर 2.61 लाख/ किलो के पार पहुंच गई है। सर्राफा बाजार में सोने ने 29 जनवरी को 1,76,121 और चांदी ने 3,85,933 रुपए का हाई बनाया था। पिछले तीन कारोबारी सत्रों में सोने-चांदी की कीमतों में तेज गिरावट आई थी। इस दौरान सोना करीब 15 प्रतिशत तक सस्ता हो गया था।अब कीमतें स्थिर होते ही निवेशकों ने निचले स्तर पर खरीदारी शुरू कर दी है। हालांकि जानकारों का कहना है कि अभी सोने-चांदी में एकमुश्त पैसा लगाने से बचना चाहिए। इसकी जगह धीरे-धीरे निवेश करना ज्यादा फायदेमंद होगा। एक्सपर्ट ने चांदी की कीमतों पर बताया है कि मार्केट में डिमांड बरकरार है। प्रॉफिट बुकिंग अगर कम हो जाती है, तो एक बार फिर से चांदी के रेट में बड़ा इजाफा देखने को मिल सकता है। सोने-चांदी में आज निवेशकों ने खरीदारी का माहौल बनाया है।

# चावल ,चीनी, दालें महंगी, गेहूं सस्ता, खाद्य तेलों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ चीनी और दालों की कीमतों में भी तेजी रही जबकि गेहूं में भी नरमी देखी गई। खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 94 रुपये बढ़कर 3,850 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई।

गेहूं भी 31 रुपये टूट गया और 2,851 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा 42 रुपये सस्ता हुआ। दाल-दलहनों में तेजी रही। तुअर दाल की औसत कीमत 198 रुपये बढ़ गई। चना दाल 157 रुपये और मसूर दाल 130 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मूंग दाल 102 रुपये और उड़द दाल 32 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा आठ रिंगिट बढ़कर 4,162 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल का मार्च वायदा भी 1.55 प्रतिशत की मजबूती के साथ 56.19 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में सोया तेल की औसत कीमत 131 रुपये और पाम ऑयल की 102 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। सूरजमुखी तेल में 45 रुपये और मूंगफली तेल में 30 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। वनस्पति की कीमत 88 रुपये और सरसों तेल की 39 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गई। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 118 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। चीनी भी 17 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त



भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**विपक्ष की...**

रैंकिंग में सम्मिलित विश्वविद्यालयों की संख्या शून्य से बढ़कर 7 हो गई है। लखनऊ विश्वविद्यालय और छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर को क्यूएस वर्ल्ड रैंकिंग में एसडीजी श्रेणी में स्थान प्राप्त हुआ है। आनंदीबेन ने कहा कि कृषि शिक्षा के क्षेत्र में भी प्रदेश ने नई उपलब्धियां हासिल की हैं। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज (अयोध्या) को नैक की सर्वोच्च ए प्लस प्लस ग्रेडिंग मिली है, जबकि सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि विश्वविद्यालय, मेरठ और बांदा कृषि विश्वविद्यालय, बांदा को नैक की 'ए' ग्रेडिंग प्राप्त हुई है। कानून-व्यवस्था पर बोलते हुए राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश में जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अपराध और माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी है। नवम्बर 2019 से अब तक 35 माफिया और 94 सह-अपराधियों सहित कुल 129 को आजीवन कारावास अथवा अन्य अवधि के कारावास और अर्थदंड से दंडित कराया गया है। इस दौरान 2 मामलों में मृत्युदंड की सजा हुई है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से अब तक 267 अपराधी मुठभेड़ों में मारे गए हैं और 977 अभियुक्तों को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत निरुद्ध किया गया है। माफिया अपराधियों से 4,137 करोड़ रुपये से अधिक की अवैध रूप से अर्जित संपत्ति जब्त की जा चुकी है। शिक्षा के बुनियादी ढांचे पर प्रकाश डालते हुए राज्यपाल ने बताया कि प्रदेश के सभी 75 जनपदों में दो-दो विद्यालयों को मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय और एक-एक विद्यालय को मुख्यमंत्री अभ्युदय विद्यालय के रूप में विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022-23, 2023-24 और 2024-25 के दौरान परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में शिक्षकों के उपयोग के लिए 2 लाख 61 हजार से अधिक टैबलेट वितरित किए गए हैं। वर्ष 2025-26 में दुर्बल वर्ग के बच्चों के लिए निजी विद्यालयों में नि:शुल्क शिक्षा के अंतर्गत 1 लाख 40 हजार से अधिक बच्चों का प्रवेश कराया गया। राज्यपाल ने बताया कि प्रोजेक्ट अलंकार योजना के तहत जर्जर विद्यालय भवनों का नवनिर्माण और सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। वर्ष 2023-24 से 2025-26 तक 275 करोड़ रुपये की धनराशि से 590 सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों को इस योजना से आच्छादित किया गया है। अंत में राज्यपाल ने कहा कि इन उपलब्धियों ने उत्तर प्रदेश की भावी विकास यात्रा को सुदृढ़ आधार दिया है और प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश के लक्ष्य की ओर तेजी से अग्रसर है।

**एसआईआर में रुकावट...**

अधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी केवल ईआरओ की सहायता करना होगी, क्योंकि अंतिम निर्णय ईआरओ का ही होगा। चूंकि सरकारी अधिकारियों का एक नया समूह शामिल किया गया है, इसलिए प्रभावित व्यक्तियों द्वारा जमा किए गए दस्तावेजों की जांच प्रक्रिया में अधिक समय लगने की संभावना है। इसलिए ईआरओ को जांच पूरी करने और निर्णय लेने के लिए 14 फरवरी के बाद एक सप्ताह का अतिरिक्त समय दिया जाए। पश्चिम बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया को आसान बनाने और चिंताओं के समाधान के लिए कोर्ट अंतरिम निर्देश जारी कर रही है। राज्य सरकार सुनिश्चित करे कि सभी 8,555 ग्रुप बी अधिकारी, जिनकी सूची सोमवार को सौंपी गई है, शाम 5 बजे तक जिला चुनाव अधिकारियों (डीआरओ) को रिपोर्ट करें।

चुनाव आयोग (ईसीआई) के पास मौजूदा ईआरओ और एईआरओ को बदलने और योग्य पाए जाने पर अधिकारियों की सेवाओं का उपयोग करने का अधिकार होगा। तारीख बढ़ाने का आदेश पारित करने से पहले चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि एसआईआर की प्रक्रिया में लगे सभी अधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) को रिपोर्ट करेंगे। कोर्ट ने मुकदमे की सुनवाई के दौरान वरिष्ठ वकील को अनुशासन का पाठ भी पढ़ाया। उन्होंने कहा कि सब एक साथ बोल रहे हैं और एक-दूसरे की बात काट रहे हैं, जिससे सुनवाई करना मुश्किल हो रहा है। चीफ जस्टिस (सीजेआई) सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली इस पीठ में जस्टिस जॉयमाल्या बागची और एनवी अंजरिया भी शामिल हैं।

# ओवैसी ने असम के सीएम के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई

हैदराबाद, वार्ता



■ मुसलमानों के खिलाफ हिंसक वीडियो को लेकर आपराधिक कार्रवाई की मांग की

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के खिलाफ हैदराबाद पुलिस में एक शिकायत दर्ज कराई है। हाल ही में भाजपा के असम राज्य के सोशल मीडिया अकाउंट पर मुस्लिम विरोधी वीडियो अपलोड किया गया था, जिसमें असम के मुख्यमंत्री सरमा मुस्लिम व्यक्तियों पर गोलियां चला रहे हैं। हालांकि विवाद बढ़ने के बाद उस वीडियो को पोस्ट से डिलीट कर दिया गया। ओवैसी ने इस मामले को लेकर हैदराबाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए असम सीएम के खिलाफ तुरंत आपराधिक कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस कमिश्नर वीसी सज्जनार के पास सरमा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराते हुए हैदराबाद के सांसद ओवैसी ने कहा कि उन्होंने (हिमंत बिस्वा सरमा) जानबूझकर और गलत इरादे से मुसलमानों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। उन्होंने असम के मुख्यमंत्री पर दो धार्मिक समुदायों के बीच दुश्मनी बढ़ाने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह देश की एकता के लिए नुकसानदायक है। सांसद ओवैसी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि उन्होंने पुलिस कमिश्नर के पास शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें सरमा के खिलाफ उनके (अब डिलीट किए गए) हिंसक वीडियो के लिए क्रिमिनल एक्शन की मांग की गई है, जिसमें वे मुसलमानों को गोली मारते हुए दिख रहे हैं। ओवैसी ने पोस्ट किया कि दुर्भाग्य से नरसंहार वाली हेट स्पीच एक आम बात हो गई है। उन्होंने कमिश्नर को लिखा कि पिछले कई सालों से सरमा सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया, पब्लिक स्पीच और दूसरे प्लेटफॉर्म के जरिए लगातार मुस्लिम समुदाय के खिलाफ बयान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे कई भाषण अभी भी पब्लिक डोमेन में मौजूद हैं। पत्र में लिखा है कि हाल के महीनों में मुख्यमंत्री सरमा ने जानबूझकर अपने हेट स्पीच तेज कर दिए हैं, जिनका साफ और सोचा-समझा इरादा मुसलमानों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाना और हिंदुओं और मुसलमानों के बीच दुश्मनी और नफरत को बढ़ावा देना है, यह अच्छी तरह जानते हुए भी कि ऐसे इल्जाम देश की एकता के लिए नुकसानदायक हैं और सांप्रदायिक सद्भाव को नुकसान पहुंचाते हैं। असम भाजपा के ऑफिशियल एक्स अकाउंट से 7 फरवरी को पोस्ट किया गया एक हालिया वीडियो जिसे एक दिन बाद हटा दिया गया था, लेकिन अभी भी सोशल मीडिया पर मौजूद है।वीडियो में इस्तेमाल की गई तस्वीरें और पाइंट ब्लैंक शूट और नो मर्सी जैसे बयान जानबूझकर और गलत इरादे से किया गया काम है, जिसका मकसद मुसलमानों की भावनाओं को ठेस पहुंचाना, धार्मिक समुदायों के बीच नफरत और दुश्मनी को बढ़ावा देना और सांप्रदायिक हिंसा भड़काना है।

# कुंभ से संबंधित सभी तैयारियां अक्टूबर तक हों पूरी: सीएम

■ मुख्यमंत्री ने की कुम्भ मेला-2027 की तैयारियों की समीक्षा
■ अगले 24 घंटे के अंदर कुंभ मेले के लिए टेक्निकल पद के अधिकारियों की नियुक्ति के निर्देश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सचिवालय स्थित वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली सभागार में कुम्भ मेला-2027, हरिद्वार की तैयारियों के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक की।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कुंभ से संबंधित सभी तैयारियों को अक्टूबर माह तक पूरा किया जाए। साथ ही कुंभ की आवश्यकताओं को देखते हुए सभी प्रकार के निर्माण कार्य तय समय के अंदर पूरे हों। सभी निर्माण कार्य की गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान रखा जाए। शासन स्तर पर कुंभ से संबंधित कोई भी कार्य/फाइल लंबित न रहे। किसी भी कार्य को लंबित रखने पर संबंधित अधिकारियों की जवाब. दही तय की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा राज्य सरकार की प्राथमिकता है की कुंभ मेले का भव्य दिव्य और सफल आयोजन हो।

मुख्यमंत्री ने सचिव, पीडब्ल्यूडी को अगले 24 घंटे के अंदर कुंभ मेले के लिए टेक्निकल पद के अधिकारियों की नियुक्ति के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कुंभ क्षेत्र में बने सभी पुलों का ऑडिट किया जाए। साथ ही कुंभ क्षेत्र में स्थित सभी घाटो का सौंदर्यकरण और आवश्यकता अनुसार पुनर्निर्माण कार्य भी किया जाए। उन्होंने कहा श्रद्धालुओं के लिए हर की पैड़ी के साथ ही अन्य सभी घाटों में भी स्नान की व्यवस्था की जाए।

### वन संबंधित मामलों पर जल्द अनुमति ली जाए

मुख्यमंत्री ने कहा कि वन संबंधित मामलों पर जल्द अनुमति ली जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को अन्य प्रदेशों से भी परस्पर समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिया। उन्होंने कहा मेले से संबंधित सभी विकास कार्य कागजों के साथ धरातल में भी दिखाई देने चाहिए। मुख्यमंत्री ने आवास व टेंट सिटी की तैयारी समय से पूरी करने एवं मेला क्षेत्र में अस्थायी अस्पताल, एम्बुलेंस व मोबाइल चिकित्सा दल की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कुंभ मेला हमारी संस्कृति, आस्था और करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए एक बड़ा धार्मिक आयोजन है। इस आयोजन को सफल बनाना हम सभी का कर्तव्य है। जो भी श्रद्धालु राज्य में आए वह अच्छा अनुभव यहां से लेकर जाएं।

बैठक में कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, विधायक मदन कौशिक, विधायक आदेश चौहान, विधायक रेनू बिष्ट, विधायक अनुपमा रावत, विधायक रवि बहादुर, उत्तराखण्ड अवस्थापना अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष विश्वास डाबर, मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, डीजीपी दीपम सेठ, प्रमुख सचिव एल. फैनई, आरके सुधांशु, सचिव शैलेश बगौली, सचिव नितेश झा, कुंभ मेलाधिकारी सोनिका सिंह एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**कुंभ मेला क्षेत्र में विभिन्न अखाड़ों को भूमि आवंटन तय समय पर किया जाए:** मुख्यमंत्री ने कहा कि कुंभ मेला क्षेत्र में विभिन्न अखाड़ों को भूमि आवंटन तय समय पर किया जाए। इसकी मेलाधिकारी स्वयं मॉनिटरिंग करें। साथ ही सभी अखाड़ों, मठों ,संत समाज, संस्थाओं, समितियां एवं स्थानीय लोगों से परस्पर्म समन्वय किया जाए। साथ ही उनके सुझावों के अनुरूप मेले की तैयारी हो। मुख्यमंत्री ने कहा कुंभ के दौरान लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना न करना पड़े, इसके लिए कुंभ क्षेत्र में व्यापक स्तर पर अतिक्रमण की खिलाफ अभियान चलाया जाए।

### मेला क्षेत्र की स्वच्छता के लिए विस्तृत कार्य योजना तैयार की जाए

मुख्यमंत्री ने कहा कि मेला क्षेत्र की स्वच्छता के लिए विस्तृत कार्य योजना तैयार की जाए। सभी प्रमुख स्थानों पर शौचालय और पीने के पानी की व्यवस्था हो। पर्याप्त मात्रा में सुरक्षा बलों, जल पुलिस की तैनाती हो। साथ ही सुरक्षा के मद्देनजर ड्रोन, सीसीटीवी , एवं अन्य आधुनिक उपकरणों का उपयोग भी हो। उन्होंने कहा मेले के दौरान कानून व्यवस्था, पार्किंग, भीड़ प्रबंधन की विस्तृत कार्य योजना अलग से बनाई जाए।

# यू-प्रिपेयर की उच्च अधिकार प्राप्त समिति की बैठक

■ सीएस ने यू-प्रिपेयर से संबंधित विभागों के प्रोजेक्ट्स की धीमी गति पर जताई नाराजगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून ।** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने सोमवार को सचिवालय में विश्व बैंक सहायतित उत्तराखंड डिजास्टर प्रीपेयर्डनेस एंड रेजीलियंट प्रोजेक्ट (यू-प्रिपेयर) की उच्च अधिकार प्राप्त समिति की बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में विभिन्न प्रस्तावों को संस्तुति प्रदान की गयी।

मुख्य सचिव ने यू-प्रिपेयर से सम्बन्धित विभिन्न विभागों के प्रोजेक्ट्स की धीमी गति पर नारा. जगी भी जाहिर की। कहा कि यू-प्रिपेयर से सम्बन्धित प्रोजेक्ट्स में तेजी लाए जाने हेतु इनकी लगातार मॉनिटरिंग की जाए। मुख्य सचिव ने योजना के तहत लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाए जा रहे 45 पुलों के निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। बताया गया कि 45 में से 31 का कार्य अवार्ड कर दिया गया है। सीएस ने बाकि 14 पुलों का कार्य 30 जून, 2026 तक अवार्ड किए जाने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही उन्होंने लोनिवि द्वारा 8 सड़कों के निर्माण कार्य का आबंटन भी शीघ्र कराए जाने के निर्देश दिए। सीएस यूएसडीएमए द्वारा विभिन्न स्थानों पर 10 डिजास्टर शेल्टर भी शीघ्र तैयार किए जाने की बात कही। उन्होंने डिजास्टर शेल्टर तैयार किए जाने सहित यू-प्रिपेयर से सम्बन्धित सभी कार्यों की समयसीमा निर्धारित की जाए। उन्होंने एसडीआरएफ की प्रशिक्षण सुविधा और 19 फायर स्टेशनों के निर्माण कार्य में भी तेजी लाए जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सचिव सचिन कुर्वे, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, डॉ. वी. षणमुगम, विनोद कुमार सुमन, सी. रवि शंकर, रणवीर सिंह चौहान एवं आनन्द स्वरूप सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# मोहम्मद दीपक को जान से मारने की धमकी



■ सोशल मीडिया पर जान से मारने की धमकी का वीडियो वायरल, पुलिस ने तत्काल लिया संज्ञान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** कोटद्वार में दुकान का नाम बदलने को लेकर हुए विवाद के बीच चर्चाओं में आए दीपक कुमार उर्फ मोहम्मद दीपक को सोशल मीडिया पर जान से मारने की धमकी मिली है। साथ ही दो लाख रुपये का इनाम रखा गया है। दीपक कुमार की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रथम दृष्टया आरोपी की पहचान राजा उत्कर्ष, निवासी मोतिहारी, बिहार के रूप में हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कोटद्वार निवासी दीपक कुमार ने कोतवाली में शिकायती पत्र देकर बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से उन्हें जान से मारने के संबंध में 2 लाख रुपए का इनाम देने की धमकी दी गई है।

प्रकरण की गंभीरता के दृष्टिगत पौड़ी पुलिस द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए आरोपी के विरुद्ध कोतवाली कोटद्वार में मुकदमा दर्ज कर त्वरित कार्यवाही शुरू की गई। तकनीकी एवं आवश्यक सूचनाओं के माध्यम से की गई जांच में सोशल मीडिया पर इस पोस्ट को प्रसारित करने वाले युवक की पहचान उत्कर्ष कुमार, निवासी-मोतीहारी, बिहार के रूप में हुई। जिसके बाद पुलिस टीम द्वारा बिहार पुलिस से निरंतर संपर्क एवं समन्वय स्थापित करते हुए त्वरित कार्यवाही की गई तथा बिहार पुलिस के सहयोग से इस युवक को नजदीकी थाने लाकर पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान युवक ने बताया कि उनके सोशल मीडिया पर फॉलोवर नहीं बढ़ रहे थे।

दीपक नामक व्यक्ति सोशल मीडिया में ट्रेंडिंग में चल रहा था, जिस कारण सोशल मीडिया पर प्रसारित इस पोस्ट को उसने केवल अपने सोशल मीडिया चैनल की व्यूज एवं रीच बढ़ाने के उद्देश्य से की गई थी। जिससे उसके फॉलोवर और बढ़ जाएं तथा वीडियो में व्यक्त की गई जान से मारने की धमकी का किसी भी प्रकार का वास्तविक आपराधिक आशय नहीं था। इस प्रकरण में पौड़ी पुलिस टीम की ओर से युवक के विरूद्ध आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

# कोडीन युक्त कफ सिरप के निर्माण पर तत्काल रोक




■ आयुक्त खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन सचिन कुर्वे के दिशा-निर्देशों में अवैध दवाओं पर सख्त प्रहार

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग (उत्तराखण्ड) ने सचिव स्वास्थ्य व आयुक्त सचिन कुर्वे के दिशा-निर्देशों एवं मार्गदर्शन में अवैध, घटिया एवं दुरुपयोग की आशंका वाली औषधियों के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई शुरू कर दी है।

जन स्वास्थ्य की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता मानते हुए विभाग ने स्पष्ट कर दिया है कि औषधि गुणवत्ता, लाइसेंस शर्तों और वैधानिक प्रावधानों के उल्लंघन पर किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा। इसी क्रम में औषधि निरीक्षक शाखा के अधिकारियों द्वारा एक औषधि निर्माण इकाई का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान औषधि सिरप के निर्माण की प्रक्रिया, कच्चे माल की गुणवत्ता, भंडारण व्यवस्था, अभिलेखों के रख-रखाव एवं निर्धारित मानकों की विस्तार से जांच की गई। जांच में यह सामने आया कि संबंधित फर्म द्वारा निर्मित कुछ औषधियों की गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं पाई गई, जो जन स्वास्थ्य के लिए जोखिमपूर्ण हो सकती थी।

गंभीर अनियमितताओं को दृष्टिगत रखते हुए विभाग ने बिना विलंब किए कोडीन युक्त कफ सिरप के विनिर्माण पर तत्काल रोक लगा दी। इसके साथ ही संबंधित औषधि का अनुज्ञापन अग्रिम आद. ेशों तक निलम्बित कर दिया गया। विभाग ने स्पष्ट किया कि औषधियों के निर्माण और आपूर्ति में किसी भी प्रकार की लापरवाही सीधे आम नागरिकों के स्वास्थ्य से जुड़ी होती है, इसलिए ऐसे मामलों में सख्ती अनिवार्य है।

**स्पष्ट नीति : नियमों से समझौता नहीं:** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन का स्पष्ट रुख है कि औषधि गुणवत्ता से कोई समझौता स्वीकार्य नहीं है। विशेष रूप से कोडीन युक्त कफ सिरप जैसी औषधियों के दुरुपयोग की संभावना को देखते हुए निगरानी और प्रवर्तन को और अधिक सशक्त किया गया है। विभाग का मानना है कि सखख्त नियंत्रण और निरंतर निगरानी ही नशीली एवं मन:प्रभावी औषधियों के दुरुपयोग पर प्रभावी रोक लगा सकती है।

### जनता को सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण और मानक अनुरूप औषधियां उपलब्ध कराना प्राथमिकता: जग्गी

अपर आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (उत्तराखण्ड) ताजबर सिंह जग्गी ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता स्पष्ट हैख्रजनता को सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण और मानक अनुरूप औषधियां उपलब्ध कराना। औषधियों की गुणवत्ता से समझौता सीधे जन स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है। कोडीन युक्त कफ सिरप एवं मन:प्रभावी औषधियों के दुरुपयोग को रोकने के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति लागू की गई है। जहां भी अनियमितता, लाइसेंस उल्लंघन या अवैध गतिविधि पाई जाएगी, वहां बिना किसी दबाव के सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**न्यायिक स्तर पर भी सख्त संदेश:** प्रवर्तन के साथ-साथ न्यायिक मोर्चे पर भी विभाग को बड़ी सफलता मिली है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के अंतर्गत जनपद नैनीताल में एनडीपीएस अधिनियम के तहत वर्ष 2019 और 2020 में दर्ज मामलों में सत्र न्यायालय द्वारा 04 अभियुक्तों को 12 वर्ष की कठोर कारावास की सजा तथा 1,20,000 रुपये के जुर्माने से दण्डित किया गया है। यह फैसला न केवल कानून की प्रभावशीलता को दर्शाता है, बल्कि अवैध नशीली दवाओं के कारोबार से जुड़े तत्वों के लिए कड़ा संदेश भी है।

**पूरे प्रदेश में अलर्ट:** सचिव आयुक्त के निर्देश पर राज्य के सभी जनपदों के औषधि अधिकारियों को कोडीन सिरप एवं अन्य मन:प्रभावी औषधियों के दुरुपयोग की रोकथाम हेतु विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। मेडिकल स्टोर्स, थोक विक्रेताओं, निर्माण इकाइयों और वितरण नेटवर्क पर नियमित एवं आकस्मिक निरीक्षण तेज कर दिए गए हैं।

# जनता मिलन की एडीएम केके मिश्रा ने संभाली व्यवस्थाएं

■ पैरा ओलंपिक खिलाड़ी की जमीन पर कब्जे का प्रयास विफल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** जिलाधिकारी सविन बंसल की अध्यक्षता में सोमवार को ऋषिपर्णा सभागार में आयोजित 'जनता दर्शन' में शिकायतों का सैलाब उमड़ पड़ा। कुल 195 फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए जिलाधिकारी ने ऑन-द-स्पॉट निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी केके मिश्रा ने पूरी जनसुनवाई प्रक्रिया के समन्वय और शिकायतों के प्रभावी निस्तारण की रूपरेखा तैयार करने में प्रमुख भूमिका निभाई। नेशनल पैरा ओलंपिक खिलाड़ी विजय चौधरी की माता की भूमि पर अवैध कब्जे और पेड़ काटने की शिकायत पर डीएम ने तत्काल एसडीएम को यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए।कोटरा संतूर निवासी पूर्व सैनिक राजेश कुमार की जमीन पर अवैध कब्जे और उन पर दर्ज फर्जी मुकदमे को डीएम ने गंभीरता से लिया। एडीएम केके मिश्रा की देखरेख में हुई जांच के बाद पुलिस को मुकदमा खत्म करने और सैनिक को कब्जा दिलाने के आदेश दिए गए।

### एडीएम मिश्रा ने किया विभागों का समन्वय

जनता दर्शन में उमड़ी भीड़ के बीच एडीएम केके मिश्रा ने विभागीय अधिकारियों के साथ समन्वय बिठाकर शिकायतों को श्रेणीबद्ध किया। उन्होंने सुनिश्चित किया कि भूमि विवाद, चिकित्सा प्रतिपूर्ति और सिंचाई नहर जैसे गंभीर मामलों पर संबंधित अधिकारी दो दिन के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। डीएम ने स्पष्ट किया कि महिलाओं व बुजुर्गों के सम्मान से समझौता करने वाले अधिकारियों व भू-माफियाओं को बख्शा नहीं जाएगा।

# रोजगार सृजन के केंद्र में है पहाड़ी एवं सीमावर्ती जिलों से पलायन रोकथाम: भट्ट



■ पीएमवीबीआरवाई से दो वर्षों में 3.5 करोड़ रोजगार सृजन को प्रतिबद्ध केंद्र

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना से दो वर्षों में 3.5 करोड़ रोजगार सृजन की प्रतिबद्धता जताई है। लगभग 3 लाख करोड़ के बजट परिव्यय से संचालित इस योजना के अंतर्गत ही पहाड़ी और सीमावर्ती जिलों में पलायन रोकथाम में मददगार कोशिशें की जा रही हैं। जिसमें अनुकूल इको-टूरिज्म, बाग. वानी, हथकरघा, हस्तशिल्प और संबद्ध गतिविधियों को प्रमुख रूप से बढ़ाया जा रहा है।

प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट द्वारा राज्यसभा में पर्वतीय एवं सीमावर्ती क्षेत्रों में पलायन के सम्बन्ध में पूछे गए सवाल के जवाब यह जानकारी सामने आई है।

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार शोभा कारान्दलाजे ने बताया कि केंद्रीय द्वारा 1 अगस्त 2025 से विनिर्माण क्षेत्र पर विशेष ध्यान देते हुए रोजगार सृजन को बढ़ावा देने, रोजगार क्षमता बढ़ाने और सभी क्षेत्रों में सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना (पीएमवीबीआरवाई) नामक रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना शुरू की गई। इस योजना की पंजीकरण अवधि 31 जुलाई 2027 तक दो वर्ष रखी गई है।

जिसका बजटीय परिव्यय 299,446 करोड़ है, जिससे 2 वर्षों की अवधि में पूरे देश में 3.5 करोड़ से अधिक नौकरियों के सृजन को प्रोत्साहित किया जाना है। जिसके तहत सरकार स्थानीय संसाधनों और तुलनात्मक लाभों के अनुरुप ग्रामीण रोजगार, कौशल विकास और स्व-रोजगार कार्यक्रमों के माध्यम से स्थानीय रोजगार के अवसरों को मजबूत करते हुए रोजगार सृजन कर रही है।

पहाड़ी और सीमावर्ती जिलों को लेकर उन्होंने बताया कि कौशल प्रशिक्षण, अप्रेंटिसशिप और उद्यमिता सहायता तक पहुंच बढ़ाकर वहां के युवाओं की रोजगार क्षमता में सुधार किया जा रहा है।

# राज्यपाल से की महानिदेशक, खुफिया एवं सुरक्षा उत्तराखण्ड अभिनव कुमार ने शिष्टाचार भेंट

**देहरादून( शाह टाइम्स संवाददाता )।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से सोमवार को लोक भवन में महानिदेशक, खुफिया एवं सुरक्षा, उत्तराखण्ड अभिनव कुमार ने शिष्टाचार भेंट की।




# सीएम धामी से की सीबीएफसी अध्यक्ष प्रसून जोशी ने मुलाकात

■ कला, संस्कृति, साहित्य एवं सिनेमा से जुड़े विभिन्न विषयों पर की चर्चा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से सोमवार को मुख्यमंत्री आवास में केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) के अध्यक्ष, प्रख्यात लेखक, कवि एवं गीतकार प्रसून जोशी ने शिष्टाचार भेंट की।

मुख्यमंत्री धामी ने प्रसून जोशी के साहित्य एवं सिनेमा के क्षेत्र में दिए गए उल्लेखनीय योगदान की सराहना की तथा कला, संस्कृति, साहित्य एवं सिनेमा से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

इस अवसर पर उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत, लोक कला, लोक संगीत तथा राज्य में फिल्म निर्माण की संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड सरकार राज्य को फिल्म निर्माण एवं शूटिंग के अनुकूल केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है तथा इसके लिए आवश्यक नीतिगत सहयोग एवं सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं।

मुख्यमंत्री धामी ने केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में प्रसून जोशी द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए भविष्य में उत्तराखंड में सिनेमा, साहित्य एवं सांस्कृतिक गति. विधियों के विस्तार के लिए सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की।

# एनआरएलएम के तहत 'सखी वन धन केन्द्र' का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** सहसपुर ब्लॉक प्रमुख अर्चना रावत एवं जिला मिशन प्रबंधक सोनम गुप्ता द्वारा सोमवार को सहसपुर ब्लॉक के नया गांव पेलियों, ग्राम पंचायत भूडी चकमनसा में राष्ट्रीय ग्रामीण आजी. विका मिशन और ट्राई फेड के सहयोग से स्थापित सखी वन धन केन्द्र का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी मुन्नी शाह भी उपस्थित रही।

इस वन धन केन्द्र के माध्यम से बोकसा जनजाति के समूह की महिलाओं को स्वरोजगार के नए अवसर प्रदान किए जाएंगे। केन्द्र में कुल 55 महिलाएं शामिल हैं, जो राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के विभिन्न समूहों से जुड़ी हैं। इस केन्द्र में महिलाएं गांव में उत्पादित साबुत मसालों का क्रय, सफाई, पिसाई और पैकिंग करेंगी और उन्हें उच्च गुणवत्ता के साथ बाजार में उपलब्ध कराएंगी।

इस पहल से न केवल गांव में महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, बल्कि किसानों को अपने उत्पाद बेचने का नया अवसर मिलेगा और उन्हें खेती में और रुचि बढ़ेगी। इस केंद्र के संचालन से महिलाओं के लिए स्वरोजगार, उनके परिवार और पूरे गांव की आर्थिक प्रगति सुनिश्चित होगी।

उद्घाटन कार्यक्रम में एनआरएलएम सहसपुर ब्लॉक मिशन मैनेजर संगीता मौर्य, एरिया कोऑर्डिनेटर इंदर सिंह चौहान, आईपीआरपी गीता नेगी, प्रगति सीएलएफ की अध्यक्ष और सचिव, सक्रिय महिलाएं, पशु सखी और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं ने सरकार और एनआरएलएम के प्रति अपने हार्दिक आभार व्यक्त किए।

# डीएम ने सुनीं फरियादें, निस्तारण के दिए निर्देश

**■ सीएम हेल्पलाइन और जन समर्पण पोर्टल की लंबित शिकायतों पर जिलाधिकारी सख्त, चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर सभी एसडीएम को किया अलर्ट**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जनपद के जिला सभागार में सोमवार को आयोजित जनता दरबार में जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल ने दूर दराज से आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 40 शिकायतें और आवेदन पत्र पंजीकृत किए गए।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनसमस्याओं का निस्तारण केवल कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि धरातल पर भी उसका असर दिखाई देना चाहिए। बैठक में सीएम हेल्पलाइन और जन समर्पण पोर्टल पर लंबित शिकायतों की विभागवार समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि शिकायतों का निस्तारण तय समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाए। इसके साथ ही, जिला सेक्टर, राज्य सेक्टर और केंद्र पोषित योजनाओं के तहत आवंटित धनराशि का शत प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित करने और निर्धारित लक्ष्यों को समय से पूरा करने के निर्देश भी दिए गए।

जनता दरबार में भूमि और उद्यान से जुड़े मामले भी प्रमुखता से छाए रहे। पट्टी बमुण्ड के ग्राम सौड निवासी सुरमा देवी ने मंसूरी फल पट्टी योजना के तहत अपने दिवंगत पति विक्रम चंद रमोला के नाम स्वीकृत पट्टे को अपने नाम पर पुनर्जीवित करने की गुहार लगाई। वहीं, ग्राम हटवालगांव निवासी बुद्धि ने पुनर्वास नीति के तहत आवंटित प्लॉट से फलदार वृक्ष कटवाने की अनुमति मांगी। इन दोनों प्रकरणों पर जिलाधिकारी ने जिला उद्यान अधिकारी को नियमानुसार उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके अलावा गूलर पट्टी दोगी के ग्राम लोयल निवासी रमेश सिंह पुण्डीर ने कारगिल शहीद जगत सिंह मोटर मार्ग पर स्थित प्राथमिक विद्यालय की क्षतिग्रस्त सुरक्षा दीवार के निर्माण की मांग उठाई, जिस पर आपदा प्रबंधन अधिकारी को आवश्यक कदम उठाने को कहा गया।

पेयजल और आपदा से जुड़े मामलों पर भी प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया। तहसील गजा के ग्राम पाली के ग्रामीणों ने शिकायत दर्ज कराई कि गांव के 10 परिवारों की पेयजल पाइपलाइन को जानबूझकर क्षतिग्रस्त किया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने एसडीएम नरेंद्रनगर को तत्काल जांच कर रिपोर्ट सौंपने के आदेश दिए। वहीं, पट्टी खास जाखणीधार के ग्राम गेंवली निवासी शान्ति प्रसाद सेमवाल और रामेश्वर प्रसाद सेमवाल ने बारिश के कारण सड़क का बाहरी किनारा टूटने से उनके आवासीय भवन के क्षतिग्रस्त होने की व्यथा सुनाई। इस पर आपदा प्रबंधन विभाग को मौके का मुआयना कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

जनता दरबार में प्रशासन का मानवीय चेहरा भी देखने को मिला। विकासखंड जाखणीधार के पालकोट निवासी सुंदर सिंह, जो कड़ाके की ठंड में अपनी फरियाद लेकर पहुंचे थे, उन्हें जिलाधिकारी ने कंबल और स्वेटर प्रदान कर राहत दी।

इसके अलावा विकासखंड प्रताप. नगर के मुखमाल गांव चाका के ग्रामीणों ने सड़क निर्माण की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। आगामी चारधाम यात्रा को देखते हुए जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम को अपने अपने क्षेत्रों में सड़कों का निरीक्षण करने और अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए हैं, ताकि यात्रा सुगम और सुरक्षित रहे। बैठक में एडीएम अवधेश कुमार, सीएमओ डॉक्टर श्याम विजय, एसडीएम टिहरी स्नेहिल कुंवर सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# ऊखीमठ में पुलिस की जागरूकता मुहिम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रहलाद कोड़े के निर्देशन में थाना ऊखीमठ पुलिस ने टैक्सी स्टैंड एवं मुख्य बाजार क्षेत्र में जन-जागरूकता अभियान चलाया। प्रभारी निरीक्षक मनोज नेगी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने टैक्सी चालकों व व्यापारियों को सड़क सुरक्षा और साइबर अपराध से बचाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी।इस दौरान पुलिस ने टैक्सी चाल. कों को पर्वतीय क्षेत्रों में सुरक्षित वाहन संचालन के निर्देश देते हुए तीव्र मोड़ों पर ओवरटेकिंग न करने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने तथा नशे में वाहन न चलाने की सख्त हिदायत दी। साथ ही आगामी चारधाम यात्रा को देखते हुए यात्रियों के साथ शालीन व्यवहार रखने और वाहन के सभी कागजात पूर्ण रखने की सलाह दी गई। वहीं व्यापारियों को साइबर ठगी से बचाव के प्रति जागरूक करते हुए पुलिस ने स्पष्ट किया कि किसी भी स्थिति में ओटीपी साझा न करें और लुभावने ऑफर या संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें। साइबर ठगी की स्थिति में तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराने की अपील की गई। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक मनोज नेगी, उपनिरीक्षक सुरेश कुमार सिंह, अपर उपनिरीक्षक अनिल, अपर उपनिरीक्षक राकेश, आरक्षी पंकज एवं आरक्षी दीर्घायु सहित अन्य मौजूद थे।

# महिलाओं की सुविधा को लेकर नगर पालिका का सराहनीय कदम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।**महिलाओं की सुविधा, स्वच्छता और सम्मान को केंद्र में रखते हुए नगर पालिका रुद्रप्रयाग ने एक महत्वपूर्ण और दूरदर्शी पहल की है। शहर के दो प्रमुख सार्वजनिक हाईटेक शौचालयों में स्वचालित सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन स्थापित की गई हैं, जिससे महिलाओं को सार्वजनिक स्थलों पर बड़ी राहत मिलेगी।

यह सुविधा केदारनाथ तिराहा एवं डाट पुलिया के समीप बने सार्वजनिक शौचालयों में शुरू की गई है। नगर पालिका की यह पहल महिलाओं की हाइजिन आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए की गई है, जो आधुनिक शहरी सुविधाओं की दिशा में एक मजबूत कदम माना जा रहा है। नगर पालि. का अध्यक्ष संतोष रावत के विशेष प्रयासों से यह व्यवस्था लागू की गई है। उन्होंने बताया कि महिलाओं को सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता से जुड़ी समस्याओं का सामना न करना पड़े, इसी उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया। इस पहल से न केवल महिलाओं को सुविधा मिलेगी, बल्कि समाज में स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी। नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि पालिका महिलाओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य और सम्मान को लेकर पूरी तरह गंभीर है। बोर्ड के निर्णय के बाद शहर के प्रमुख सार्वजनिक शौचालयों में चरणबद्ध तरीके से स्वचालित सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन स्थापित की जा रही हैं। भविष्य में इस सुविधा का विस्तार अन्य सार्वजनिक स्थलों पर भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर पालिका रुद्रप्रयाग को एक आदर्श नगर के रूप में विकसित करने के लिए लगातार जनहित से जुड़ी योजनाओं को धरातल पर उतार रही है।

# बाल अधिकारों पर आयोजित हुआ जागरूकता अभियान

**कोटद्वार ।** राजकीय इंटर कॉलेज झंडीचौड़ में सोमवार को बाल अधिकारों, संरक्षण एवं विधिक प्रावधानों को लेकर जनजागरुकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्रदृछात्राओं को किशोर न्याय अधिनियम, पॉक्सो अधिनियम, बाल अधिकारों तथा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की उपयोगिता की जानकारी दी गयी।

वहीं प्रज्ञा नैथानी ने चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की भूमिका और आपात परिस्थितियों में इसकी त्वरित सहायता प्रणाली के बारे में विस्तार से बताया। राकेश चंद्रा ने विद्यार्थियों को सुरक्षित रहने, सजग रहने तथा किसी भी समस्या की स्थिति में तुरंत सहायता लेने के लिए प्रेरित किया। राजकीय संप्रेषण गृह किशोरी, कोटद्वार की अधीक्षिका विजयलक्ष्मी ने चाइल्ड हेल्पलाइन एवं पॉक्सो अधिनियम विषय पर प्रश्नोत्तरी आयोजित की।

# केमसारी के विस्थापितों का धरना 27वें दिन भी जारी रहा, मालिकाना हक की मांग पर अड़े

**■ पुरानी टिहरी के विस्थापितों की सुध नहीं ले रहा प्रशासन, टिन शेड कॉलोनी वासियों ने दी आंदोलन तेज करने की चेतावनी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** ऐतिहासिक टिहरी बांध की झील में समा चुकी पुरानी टिहरी की यादें और विस्थापन का दर्द आज भी लोगों का पीछा नहीं छोड़ रहा है। विस्थापन के बाद केमसारी टिन शेड कॉलोनी में बसाए गए लोगों का धैर्य अब जवाब देने लगा है। अपने आवा. सों पर स्थायी मालिकाना हक की मांग को लेकर एकता शक्ति संगठन के बैनर तले चल रहा इन विस्थापितों का आंदोलन 27वें दिन भी बदस्तूर जारी रहा। तमाम दुश्वारियों के बावजूद आंदोलनकारी अपनी मांगों पर अडिग हैं, लेकिन विडंबना यह है कि लगभग एक महीने का समय बीत जाने के बाद भी शासन और प्रशासन ने उनकी सुध लेने की जहमत नहीं उठाई है।धरना स्थल पर आक्रोश व्यक्त करते हुए आंदोलनकारियों ने कहा कि वे पिछले तीन सप्ताह से अधिक समय से शांतिपूर्ण तरीके से अपनी जायज मांगों के लिए आवाज उठा रहे हैं। उनका आरोप है कि टिहरी बांध बनने के बाद उन्हें विस्थापित तो कर दिया गया, लेकिन दो दशक से अधिक का लंबा समय गुजर जाने के बावजूद आज तक उन्हें उनके आवासों का स्थायी आवंटन नहीं किया गया है। वे आज भी अपने ही घरों में अनिश्चितता और असुरक्षा के साये में जीने को मजबूर हैं। सरक. ारें आती हैं और जाती हैं, लेकिन विस्थापितों का यह दर्द जस का तस बना हुआ है। उन्होंने शासन प्रशासन से मांग की है कि टिहरी बांध विस्थापितों की लंबित मालिकाना मांगों पर शीघ्र अति शीघ्र सकारात्मक निर्णय लिया जाए।प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन को स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों की अनदेखी इसी तरह जारी रही, तो उनका यह शांतिपूर्ण आंदोलन उग्र रूप ले सकता है। उन्होंने कहा कि अगर जल्द ही मालिकाना हक को लेकर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। इस दौरान धरना स्थल पर एकता शक्ति संगठन के संरक्षक सुरेंद्र खत्री, सुरेंद्र घई, मनीष, पंकज, नीरज, दीपक, गुड्डी देवी, सुनीता राणा, ममता पैन्यूली, राजेश और मधु देवी सहित बड़ी संख्या में विस्थापित मौजूद रहे। जब तक उन्हें न्याय नहीं मिल जाता, उनका संघर्ष जारी रहेगा ।

## एक नजर ....

### श्रीनगर में 14 मार्च को होगी प्री-लोक अदालत

**श्रीनगर।** आगामी 14 मार्च को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर सोमवार को प्री-लोक अदालत बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर प्लान आफ एक्शन का अनुपालन करने को लेकर चर्चा की गई। बैठक में सिविल जज अलका ने लोक अदालत में अधिक-से-अधिक वादों के निस्तारण करने कों कहा। इस मौके पर बार एशोसिएशन श्रीनगर के अध्यक्ष प्रमेश चन्द्र जोशी, संरक्षक अनूप श्री पांथरी, पीएलवी सदस्य पूनम हटवाल, रोशनी रतूड़ी, प्रियंका रॉय, मानव बिष्ट, प्रीति बिष्ट, प्रकाश नेगी सहित आदि मौजूद थे।

### भाबर के झंडीचौड़ रामलीला मैदान में धूमधाम से मनाया गया विराट हिंदू सम्मेलन

**कोटद्वार।** नगरनिगम कोटद्वार के कुम्भीचौड व झंडीचौड़ रामलीला मैदान में विराट हिंदू सम्मेलन धूमधाम से मनाया गया। स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति की ओर से श्री पृथ्वी विद्या मंदिर से आयोजन स्थल तक कलश यात्रा निकाली गई। मुख्य अतिथि धर्मगुरु डॉ शिल्पा डोभाल और विशिष्ट अतिथि प्रांत धर्म जागरण प्रमुख आरएसएस किसलय ने सम्मेलन का उद्घाटन किया। जीतलाल प्राइवेट आईटीआई के छात्रों की ओर से झांसी की रानी पर आधारित नृत्य नाटिका ने सभी का मन मोहा। श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल कण्वघाटी, एवीएन पब्लिक स्कूल हल्दूखाता, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झंडीचौड़ उत्तरी, गुरुकुल महाविद्यालय कण्वाश्रम के योगियों ने मंत्रोच्चार, योग प्रशिक्षक रजनी अग्रवाल के नेतृत्व में योगियों ने योगासनों की आकर्षक प्रस्तुति दी।योग के क्षेत्र में प्रशिक्षक रजनी अग्रवाल और खेती के क्षेत्र में कांता प्रसाद सेलवाल को सम्मानित किया गया। सम्मेलन में कोटद्वार के मेयर शैलेंद्र सिंह रावत, गोसेवा समिति के अध्यक्ष डॉ राजेंद्र अणथ्वाल, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत, पूर्व प्रधानाचार्य गिरीश चंद्र नैथानी, पार्षद रजनीश बेबनी, बहुखंडी, सुखपाल मौजूद रहे।
शैक्षणिक भ्रमण के तहत कार्तिक स्वामी तीर्थ पहुंचे छात्र

### प्रकृति और संस्कृति से रूबरू हुए एमएल पब्लिक स्कूल के छात्र

**रुद्रप्रयाग/ऊखीमठ।** एमएल पब्लिक स्कूल नाला, गुप्तकाशी के 70 सदस्यीय छात्र-छात्राओं के दल ने शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के तहत प्रसिद्ध धार्मिक एवं पर्यटन स्थल कार्तिक स्वामी तीर्थ के दर्शन किए। भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को पाठ्य पुस्तकों से इतर प्रकृति, संस्कृति, इतिहास एवं धार्मिक धरोहरों से प्रत्यक्ष रूप से जोड़ना था।इस दौरान छात्रों ने भगवान कार्तिकेय के धाम में पूजा-अर्चना कर आध्यात्मिक अनुभूति प्राप्त की तथा हिमालय की पर्वत श्रृंखलाओं, हरी-भरी वनस्पतियों और मनोरम प्राकृतिक दृश्यों का अवलोकन किया। कार्तिक स्वामी तीर्थ के पुजारी ने छात्रों को इस स्थल के धार्मिक, पौराणिक एवं ऐतिहासिक महत्व की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह तीर्थ भगवान शिव के ज्येष्ठ पुत्र कार्तिकेय को समर्पित है तथा यहां से सूर्योदय और सूर्यास्त का दृश्य अत्यंत मनोहारी दिखाई देता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रदीप सेमवाल ने कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं और उनमें प्रकृति संरक्षण, सांस्कृतिक मूल्यों व अनुशासन की भावना विकसित करते हैं। वहीं छात्रों ने इस यात्रा को ज्ञानवर्धक और अविस्मरणीय अनुभव बताते हुए विद्यालय प्रबंधन व शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रियदीप सिंह नेगी, जसवंत सिंह पुंडीर, दीपक सती, प्रवीण बिष्ट, देव नेगी, प्रियंशी शर्मा, मेदनीधर, रविन्द्र कुमार, पुष्कर सिंह सहित 30 छात्र व 32 छात्राएं उपस्थित रहे।

# जाखणीधर में गरजे पूर्व मंत्री दिनेश धनाई, कहा विकास के नाम पर दस साल से होता रहा छलावा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** टिहरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जाखणीधार विकासखंड में सियासी पारा गरमाने लगा है। पूर्व मंत्री दिनेश धनाई ने क्षेत्र के सुदूरवर्ती गांवों का रुख करते हुए सीधा जन-संवाद कार्यक्रम के माध्यम से सरकार की कार्यप्रणाली पर तीखे प्रहार किए हैं। सोमवार को ग्राम पंचायत उठड़ और ग्राम पंचायत चौपड़ा में आयोजित चौपाल कार्यक्रमों में उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और पिछले एक दशक में क्षेत्र की उपेक्षा को लेकर वर्तमान नेतृत्व को कटघरे में खड़ा किया। इस दौरान ग्रामीणों ने भी खुलकर अपनी बात रखी और विशेष रूप से पुनर्वास से जुड़ी लंबित समस्याओं को प्रमुखता से उठाया, जिस पर पूर्व मंत्री ने आर-पार की लड़ाई लड़ने का आश्वासन दिया है।

जन-संवाद कार्यक्रम के दौरान पूर्व मंत्री दिनेश धनाई ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि उनके कार्यकाल के बाद पिछले दस वर्षों में टिहरी विधानसभा के जाखणीधार क्षेत्र में विकास का पहिया पूरी तरह थम गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस अवधि में क्षेत्र में एक भी नई विकास योजना धरातल पर नहीं उतर पाई है, जिससे जनता खुद को ठगा सा महसूस कर रही है। धनाई ने अपने कार्यकाल की उपलब्धियों को गिनाते हुए याद दिलाया कि उन्होंने क्षेत्र की प्यास बुझाने के लिए कोशियार पंपिंग योजना को चालू कराया था और नंदगांव में गैस एजेंसी की स्थापना करवाई थी, जिससे महिलाओं को धुएं से आजादी मिली। इसके अतिरिक्त, युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण के लिए राजकीय पॉलिटेक्निक भवन का निर्माण कर उसे संचालित करना उनकी प्राथमिकता रही थी।ग्राम पंचायत उठड़ और चौपड़ा में आयोजित इन बैठकों में ग्रामीणों ने पुनर्वास विभाग की लचर कार्यप्रणाली को लेकर गहरा रोष व्यक्त किया। ग्रामीणों का कहना था कि विस्थापन का दंश झेलने के बावजूद उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। इस पर पूर्व मंत्री ने गंभीरता से संज्ञान लेते हुए कहा कि वे इन मुद्दों को शासन और प्रशासन के समक्ष मजबूती से उठाएंगे और जरूरत पड़ी तो सड़क पर उतरकर संघर्ष करेंगे। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख जाखणीधार राजेश नौटियाल, ग्राम प्रधान अनीता रावत, पूर्व प्रधान समन सिंह रावत, क्षेत्र पंचायत सदस्य गोपाल सिंह, प्रधान गीता देवी, पूर्व प्रधान जसमती देवी, अमर सिंह, जसपाल सिंह, सुनीता रावत, नीलम रावत, यशपाल पंवार, दर्शन सिंह, भरत सिंह, संगीता देवी, गोवर्धन सिंह, शीशपाल सिंह, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष प्रताप गुसाईं, पूर्व प्रधान जया पंवार, मनोज रावत और अमित रतूड़ी सहित सैकड़ों की संख्या में मातृशक्ति और युवा साथी मौजूद रहे।

# वाद-विवाद प्रतियोगिता के ऑडिशन के लिए उमड़े छात्र

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय में चितौड़गढ़ राजस्थान में होने वाली राष्ट्रीय स्तर की वाद-विवाद प्रतियोगिता 2026 के लिए चयन प्रक्रिया सम्पन्न हुई। सोमवार को विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. ओपी गुसाईं के निर्देशन में एसीएल सभागार में हुई वाद-विवाद प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया। मेवाड़ विश्वविद्यालय में होने वाली अखिल भारतीय नंदलाल गड़िया स्मृति वाद विवाद प्रतियोगिता के लिए विश्वविद्यालय से प्रतिभागियों के पंजीकरण मांगे गए हैं। जिसके लिए विश्वविद्यालय स्तर की चयन प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें 70 से अधिक छात्र-छात्राओं ने ऑडिशन दिया। यह प्रतियोगिता 27 एवं 28 फरवरी को मेवाड़ विश्वविद्यालय, चित्तौड़गढ़ राजस्थान में सम्पन्न होगी।

# न्याय पंचायत में शिविर आयोजित, शिकायतें दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार ।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशन में संचालित जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार अभियान के तहत सोमवार को विकासखंड बीरोंखाल की न्याय पंचायत ग्वीन में बहुउद्देश्यीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 33 शिकायतें दर्ज हुई, जिनमें से अधिकांश का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। वहीं 89 पात्र लोगों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित भी किया गया। शिविर में कुल 560 लोगों ने प्रतिभाग किया।

शिविर की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी अनिल सिंह गर्ब्याल ने की। उन्होंने स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनते हुए कई मामलों का समाधान मौके पर किया। शेष शिकायतों के संबंध में उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार की इस पहल से क्षेत्रवासियों को एक ही स्थान पर विभागीय सेवाएं उपलब्ध हो रही हैं। साथ ही पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ और जनसमस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण भी किया। इस दौरान विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि पात्र लोगों को मौके पर ही योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। शिविर में राजस्व, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा, बाल विकास, कृषि, उद्यान, पशुपालन सहित 23 अन्य विभागों के स्टॉल लगाए गएइस अवसर पर उपजिलाधिकारी थलीसैंण कृष्णा त्रिपाठी, खंड विकास अधिकारी सुदर्शन सिंह बुटोला, सहायक अभियंता विद्युत मनोज कुमार, पूर्ति निरीक्षक शशिबा. ला रावत, एडीओ उद्यान विक्रम सिंह रावत, सहायक अभियंता सिंचाई पवन कुमार सहित अन्य विभागों के अधिकारी और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# विधायक नेगी ने दी 50 सेट फर्नीचर की सौगात

**■ कार्तिकानंद समृद्धि फाउंडेशन के वार्षिकोत्सव में झूमे नौनिहाल, गरीब और असहाय बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा देकर मिसाल पेश कर रहा विद्यालय**



**शाह टाइम्स संवाददता**

**नई टिहरी।** पट्टी ओण के जखवालगांव स्थित कार्तिकानंद समृद्धि फाउंडेशन का वार्षिकोत्सव समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम के बीच आयोजित इस समारोह का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक विक्रम सिंह नेगी और विशिष्ट अतिथि पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रदीप रमोला ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विद्यालय के नौनिहालों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए समां बांध दिया। वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं द्वारा गढ़वाली, हिंदी और भोजपुरी गीतों पर एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुतियां दी गईं, जिसने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक विक्रम सिंह नेगी ने कहा कि विद्यालय ही बच्चों के शैक्षिक विकास की प्रथम पाठशाला होती है। छात्रों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विधायक ने विद्यालय को 50 सेट फर्नीचर देने की महत्वपूर्ण घोषणा की। विशिष्ट अतिथि पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रदीप रमोला ने संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह फाउंडेशन क्षेत्र के गरीब और असहाय बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा प्रदान कर एक पुनीत कार्य कर रहा है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य गोकुल बगियाल ने बताया कि वर्तमान में फाउंडेशन द्वारा 50 बच्चों को पूर्णत: नि:शुल्क शिक्षा दी जा रही है। कार्यक्रम के अंत में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को विधायक विक्रम सिंह नेगी द्वारा नकद धनराशि और प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी पंवार, ज्येष्ठ प्रमुख प्रकाश चंद रमोला, कनिष्ठ प्रमुख विशन सिंह रांगड, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजीव पंवार, पूर्व सैनिक संगठन अध्यक्ष युद्धवीर राणा, क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रवीण व्यास, चंद्रशेखर पैन्यूली, प्रधान करण सिंह थलवाल, प्रधान शुक्री ममता कुडियाल, शैलेंद्र सेमवाल, मनोज सेमवाल सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# संघ के शताब्दी वर्ष पर बौराड़ी में गूंजा हिंदुत्व का जयघोष

**नई टिहरी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के पावन अवसर पर जिला मुख्यालय के बौराड़ी क्षेत्र में त्रिहरि हिंदू सम्मेलन समिति के तत्वावधान में एक भव्य विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस महासम्मेलन में वक्ताओं ने हिंदू धर्म की वैज्ञानिकता और उसकी विशेषताओं को विश्व कल्याण के लिए अनिवार्य बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीकेजी की निदेशक शालिनी जौली ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में योगाचार्य दयाशंकर विद्यालंकार और मुख्य वक्ता आरएसएस के प्रांत सहप्रच. ारक चंद्रशेखर ने शिरकत की। दीप प्रज्वलन और भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि राष्ट्र की सेवा, धर्म और संस्कृति की रक्षा करना केवल संघ के स्वयंसेवकों का ही नहीं, बल्कि प्रत्येक जागरूक नागरिक का कर्तव्य है।

# श्रीनगर में रोजगार की तलाश में बड़ी संख्या में उमड़े युवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) श्रीनगर परिसर में आयोजित प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप रोजगार मेले में युवाओं की भारी भीड़ उमड़ी। रोजगार की तलाश में अपने भविष्य को संवारने की उम्मीद लिए सैकड़ों युवा सुबह से ही मेले में पहुंच गए और पंजीकरण व चयन प्रक्रिया के लिए लंबी कतारों में खड़े नजर आए। मेले में 350 से भी अधिक छात्रों ने प्रतिभाग किया। रोजगार मेले में विभिन्न निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों ने भाग लिया। रोजगार मेले में पहुंचकर 9 कंपनियों ने छात्र-छात्राओं के साक्षात्कार लिए।

युवाओं को तकनीकी, औद्योगिक और सेवा क्षेत्र में प्रशिक्षण के साथ अप्रेंटिसशिप एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए। रोजगार मेले में 160 छात्र-छात्राओं का विभिन्न कंपनियों के लिए चयन



किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि राजकीय प्राविधिक शिक्षा निदेशालय के संयुक्त निद. ेशक देवेंद्र गिरी ने कहा कि अप्रेंटिसशिप से छात्रों में तकनीकी दक्षता और आत्मविश्वास दोनों बढ़ते हैं। इस तरह के रोजगार मेले छात्रों और उद्योगों के बीच सीधा सेतु बनते हैं, जिससे प्रशिक्षण और रोजगार के बीच की दूरी कम होती है। आईटीआई के प्राचार्य संजीव कुमार ने बताया कि भारत सरकार की प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप रोजगार योजना युवाओं के लिए एक संजीवनी की तरह है। हैं। इस तरह की योजना से छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान तो मिल ही रहा है और सीखने को भी मिल रहा है, जो कि उनके भविष्य का निर्माण कर रहा है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप योजना से छात्र-छात्राओं को समान अवसर मिल रहे हैं और वे अपने कौशल को निखारकर आत्मनिर्भर बन रहे हैं।

# दस बीघा अवैध प्लॉटिंग पर चला एमडीडीए का बुलडोजर

**एमडीडीए की सख्त कार्रवाई जारी, सेलाकुई क्षेत्र में नियमों को ताक पर रखकर की जा रही थी अवैध प्लॉटिंग**



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) द्वारा प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत अवैध प्लॉटिंग के विरुद्ध सघन अभियान जारी है। इसी क्रम में देहरादून जनपद के सेलाकुई क्षेत्र में नियमों को ताक पर रखकर की जा रही अवैध प्लॉटिंग पर सोमवार को सखष्त कार्रवाई करते हुए ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई। यह कार्रवाई एमडीडीए की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत की गई, जिसका उद्देश्य सुनियोजित विकास, पर्यावरण संरक्षण और आमजन के हितों की रक्षा करना है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वीरू भण्डारी एवं अन्य द्वारा जी.डी. गोयंका स्कूल बस स्टॉप के निकट, सेलाकुई देहरादून क्षेत्र में लगभग 10 बीघा भूमि पर बिना मानचित्र स्वीकृति एवं प्राधिकरण की अनुम.ति के अवैध प्लॉटिंग की जा रही थी। मामले की जांच के बाद एमडीडीए द्वारा नियमानुसार नोटिस जारी किए गए, परंतु अनियमित गतिविधियाँ जारी रहने पर आज मौके पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई। ध्वस्तीकरण की यह कार्रवाई सहायक अभियंता शशांक सक्सेना, अवर अभियंता सिद्धार्थ सेमवाल एवं मनीष नौटियाल, सुप.रवाइजर तथा पर्याप्त पुलिस बल की मौजूदगी में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई गई। कार्रवाई के दौरान अवैध रूप से बनाए गए आंतरिक मार्ग, बाउंड्री चिन्हांकन एवं अन्य संरचनाओं को हटाया गया। एमडीडीए ने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी अवैध निर्माण एवं प्लॉटिंग के विरुद्ध इसी प्रकार कठोर कदम उठाए जाएंगे।

एमडीडीए ने पुन: नागरिकों से आग्रह किया है कि वे किसी भी प्रकार की अवैध प्लॉटिंग में निवेश करने से पहले प्राधिकरण से जानक.ारी अवश्य लें। प्राधिकरण द्वारा जारी मानचित्र स्वीकृति और अनुमति ही वैध मानी जाएगी।

### अवैध प्लॉटिंग और निर्माण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे : तिवारी

उपाध्यक्ष एमडीडीए बंशीधर तिवारी ने कहा कि मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध प्लॉटिंग और निर्माण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। प्राधिकरण का स्पष्ट निर्देश है कि बिना मानचित्र स्वीकृति एवं नियमानुसार अनुमति के कोई भी विकास कार्य अवैध है। आज की कार्रवाई उसी प्रतिबद्धता का परिणाम है। आम नागरिकों से अपील है कि भूमि क्रय-विक्रय या निर्माण से पूर्व एमडीडीए से विधिवत अनुमति अवश्य प्राप्त करें, अन्यथा कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### प्राधिकरण का उद्देश्य लोगों को ठगी से बचाना व नियोजित शहरी विकास को बढ़ावा देना : बर्निया

सचिव एमडीडीए मोहन सिंह बर्निया ने कहा कि एमडीडीए द्वारा लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है और जहां भी अवैध प्लॉटिंग या निर्माण की शिकायतें मिल रही हैं, वहां त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। हमारा उद्देश्य लोगों को ठगी से बचाना, नियोजित शहरी विकास को बढ़ावा देना और पर्यावरणीय संत.ुलन बनाए रखना है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# प्रत्येक विभाग अपने सभी कार्यों को लेकर वार्षिक कैलेण्डर करें तैयार: सीएस

**अगले वित्तीय वर्ष में कराए जाने वाले नए कार्यों के लिए 15 फरवरी तक ली जाएं स्वीकृतियां**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में सोमवार को सचिवालय में सचिव समिति की बैठक सम्पन्न हुई। इस अवसर पर मुख्य सचिव ने सचिवगणों के साथ विभिन्न विषयों पर चर्चा कर दिशा-निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि अगले वित्तीय वर्ष में कराए जाने वाले नए कार्यों के लिए 15 फरवरी तक स्वीकृतियां ले ली जाएं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग अपने सभी कार्यों को लेकर वार्षिक कैलेण्डर तैयार कर, उसके अनुसार अपनी सभी गतिविधियों को संचालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कुम्भ मेला - 2027 से सम्बन्धित कार्यों को भी प्राथमिकता पर लेते हुए सभी प्रकार की स्वीकृतियां और प्रक्रियाएं समय पर पूर्ण करते हुए निर्धारित प्रक्रिया समय पर पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने खाद्य सुरक्षा के मापदण्डों का प्रवर्तन एवं निगरानी को और मजबूत किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इसके लिए टेस्टिंग लैब आदि बढ़ाए जाने एवं इससे सम्बन्धित मामलों के निस्तारण में तेजी लाए जाने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने पूंजी निवेश के लिए राज्यों को दी जाने वाली विशेष सहायता के तहत् सभी प्रोजेक्ट्स को गतिशक्ति पोर्टल पर अपलोड किए जाने एवं निर्धारित समय सीमा पर कार्य पूर्ण किए जाने हेतु लगातार निगरानी किए जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, एल. फैनाई, धनंजय चुतर्वेदी, सचिव शैलेश बगौली, नितेश कुमार झा, सचिन कुर्वे, डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरूषोत्तम, रविनाथ रमन, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा, चंद्रेश कुमार यादव, बृजेश कुमार संत, डॉ. वी. षणमुगम, डॉ. सुरेन्द्र नारायण पाण्डेय, विनोद कुमार सुमन, सी. रवि शंकर, रणवीर सिंह चौहान एवं धीराज सिंह गर्ब्याल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# केंद्रीय बजट 2026 युवाओं को केंद्र में रखकर किया गया है तैयार: सुबोध

**भाजयुमो महानगर देहरादून ने किया बजट युवा सम्मेलन का आयोजन**




**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भारतीय जनता युवा मोर्चा महानगर देहरादून ने गुरु राम राय विश्वविद्यालय, पटेलनगर, देहरादून में बजट युवा सम्मेलन का आयोजन किया।

सम्मेलन के दौरान युवाओं के समग्र विकास, रोजगार के अवसरों तथा उनके उज्ज्वल भविष्य से जुड़े विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। अपने संबोधन में कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि सरकार युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है और इस दिशा में अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट 2026 युवाओं को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है, जिससे शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल ने कहा कि बजट 2026 शिक्षा, कौशल विकास, स्टार्टअप, स्वरोजगार और रोजगार सृजन के माध्यम से युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखता है। यह कार्यक्रम महानगर अध्यक्ष युवा मोर्चा कुलदीप पंत की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में कैंट विधायक सविता कपूर, भाजपा प्रदेश मंत्री एवं युवा मोर्चा प्रभारी आदित्य चौहान, युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री उत्कर्ष गुप्ता, बजट कार्यक्रम सह-संयोजक शुभम सिमल्टी एवं सत्यम तोमर सहित भारतीय जनता युवा मोर्चा महानगर देहरादून के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## जिला प्रशासन की सख्ताई पर शिमला बाईपास पर सड़क निर्माण शुरू

**देहरादून।** शिमला बायपास रोड पर सड़क खुदाई के कारण आमजन को हो रही असुविधा एवं यातायात बाधित होने की शिकायतों पर जिलाधिकारी सविन बंसल ने तत्काल संज्ञान लिया। जिलाधिकारी के निर्देश पर संयुक्त मजिस्ट्रेट राहुल कुमार द्वारा मौके पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि शिमला बायपास मार्ग पर की गई खुदाई उत्तराखंड पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीसीएल) द्वारा की गई है, जिसके कारण सड़क की सतह क्षतिग्रस्त हो गई है और आवागमन में बाधा उत्पन्न हो रही है। स्थानीय नागरिकों द्वारा धूल, गड्ढों एवं जाम की समस्या की शिकायत भी की गई।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनहित को प्राथमिकता देते हुए सड़क की तत्काल मरम्मत सुनिश्चित की जाए।

# प्रदेश में विकास की नई संभावनाओं वाला है केंद्रीय बजट: जोशी

**कृषि मत्री ने कहा देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने वाला है प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत सरकार का 15वां केंद्रीय बजट**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अल्मोड़ा।** प्रदेश के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत सरकार का 15वां केंद्रीय बजट न केवल देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने वाला है, बल्कि विषम भौगोलिक परिस्थितियों वाले हिमालयी राज्य उत्तराखण्ड के समग्र विकास के लिए भी नई संभावनाओं के द्वार खोलता है

सोमवार को कृषि मंत्रीजोशी ने जनपद अल्मोड़ा पहुंचकर नगर निगम सभागार में केंद्रीय बजट 2026-27 के संबंध में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित किया।

जोशी ने कहा कि यह बजट भारत को "विकसित भारत 2047" के लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ाने वाला है, जिसमें सामाजिक समावेशन, आर्थिक सुदृढ़ता और बुनियादी ढांचे को सशक्त करने पर विशेष जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 के बाद से भारतीय अर्थव्यवस्था में मौलिक परिवर्तन आया है, जो इस बजट में स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है। इसके लिए कृषि मंत्री गणेश जोशी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केंद्रीय वित्त मंत्री का आभार व्यक्त किया।

कृषि मंत्री जोशी ने कहा कि यह बजट भारत की उस ऐतिहासिक यात्रा को रेखांकित करता है, जिसमें देश कमजोर अर्थव्यवस्थाओं में गिने जाने से आगे बढ़कर आज दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और सबसे भरोसेमंद वैश्विक विकास कहानियों में से एक बन चुका है। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर 7.4 प्रतिशत अनुमानित की गई है, जो उपभोग और निवेश आधारित विकास को दर्शाती है। यह लगातार चौथा वर्ष है जब भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है, जबकि वैश्विक विकास दर लगभग 3 प्रतिशत के आसपास है। जोशी ने कहा कि केंद्रीय बजट 2026-27 में कृषि क्षेत्र को विशेष प्राथमिकता दी गई है। कृषि विभाग के लिए 1.30 लाख करोड़ का प्रावधान किया गया है। वहीं ग्रामीण विकास के लिए 'विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण)' के अंतर्गत ₹95,692 करोड़ का आवंटन किया गया है।

कृषि मंत्री जोशी ने बताया कि 'लखपति दीदी' पहल के अंतर्गत प्रत्येक जिले में 'शी मार्ट' रिटेल आउटलेट खोले जाएंगे, जिससे महिला किसान एवं स्वयं सहायता समूह अपनी उत्पादों की सीधी बिक्री कर सकेंगी। इससे महिलाओं की आय में वृद्धि के साथ-साथ उनके आर्थिक सशक्तिकरण को बल मिलेगा। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए बजट में कई महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं।

इस अवसर पर मेयर अल्मोड़ा अजय वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश नयाल सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# छठे चरण की बैडमिंटन व वॉलीबाल प्रतियोगिताओं का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग उत्तराखण्ड के तत्वाधान में राज्य स्तर पर आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिताओं के छठे चरण के तहत सोमवार को बैडमिंटन वॉलीबाल प्रतियोगिताओं का समापन हुआ। बहुउद्देशीय हॉल आमवाला में आयोजित अण्डर-14 व अण्डर-19 बालक बालिकाओं के बैडमिंटन के फाइनल मुकाबलों में जबरदस्त खेल देखने को मिला। महाराणा प्रताप स्पोर्टस कालेज रायपुर में आयोजित अण्डर-14 व अण्डर-19 बालक बालिकाओं के वॉलीबाल के फाइनल मुकाबलों के परिणामों में अण्डर-14 बालक वर्ग में प्रथम स्थान देहरादून ने प्राप्त किया, द्वितीय स्थान हरिद्वार राज्य सभा व तृतीय स्थान नैनीताल ने प्राप्त किया। अण्डर-14

बालिका वर्ग में नैनीताल प्रथम स्थान प्राप्त किया द्वितीय स्थान चमोली व तृतीय स्थान अल्मोडा ने प्राप्त किया। अण्डर-19 बालक वर्ग में प्रथम स्थान देहरादून ने प्राप्त किया, द्वितीय स्थान हरिद्वार व तृतीय स्थान हरिद्वार लोक सभा ने प्राप्त किया। अण्डर-19 बालिका वर्ग प्रथम स्थान अल्मोडा, द्वितीय स्थान पौडी व तृतीय स्थान हरिद्वार ने प्राप्त किया।




**अंडर-14 व 19 वर्ग के बालक वर्ग में देहरादून ने हासिल किया पहला स्थान**

विजेता खिलाडियों को विभागीय अधिकारियों द्वारा मेडल एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर विभाग से उप निद.ेशक शक्ति सिंह, एस के जयराज, सहायक निदेशक नीरज गुप्ता, जिला युवा कल्याण एवं पी-आर-डी अधिकारी प्रमोद चन्द्र पाण्डे, क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं पी-आर-डी- अधिकारी मनोज कापडी, मौ- इमरान सन्दीप वर्मा, पीयूष पटवाल, आदिती मौर्य, प्रदीप रावत, विपिन गौतम एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्रतिभा को स्वर्ण पदक जीतने पर जुगरान ने दी बधाई

**देहरादून।** भाजपा नेता रवीन्द्र जुगरान ने अंतरराष्ट्रीय बाडी बिल्डर प्रतिभा थपलियाल को 16 वीं राष्ट्रीय महिला बाडी बिल्डिंग चौंपियनशिप में 08 फरवरी को करीमनगर तेलंगाना में स्वर्ण पदक हासिल करने पर बधाई दी।



रवीन्द्र जुगरान ने बताया कि देहराद.ून निवासी प्रतिभा थपलियाल वर्ष 2023 में भी राष्ट्रीय महिला बाडी बिल्डिंग में स्वर्ण पदक प्राप्त कर चुकी हैं। रवीन्द्र जुगरान ने बताया कि पूर्व में भी एशियन चौंपियनशिप में कांस्य पदक प्राप्त कर चुकी हैं। विश्व चौंपियनशिप में भी कांस्य पदक प्राप्त कर चुकी हैं। जुगरान ने कहा कि यह उत्तराखण्ड के लिए गौरव की बात है। जुगरान ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के दृष्टिगत व महिलाओ को आत्म निर्भर करने के लिए व महिलाओ को उत्साहित प्रोत्साहित करने के लिए उत्तराखण्ड सरकार को प्रतिभा थपलियाल व ऐसी उदयमान महिला खिलाडियों को उत्तराखण्ड सरकार की राज्याधीन सेवाओं में लेकर मातृशक्ति का उत्साहवर्धन करना चाहिये।

# उत्तराखंड में 'स्मार्ट मीटर पखवाड़ा' का शुभारंभ

**हल्द्वानी से प्रबंध निदेशक ने किया अभियान का आगाज**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** केंद्र सरकार की रिवैम्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) के अंतर्गत उत्तराखंड राज्य में 'स्मार्ट मीटर पखवाडा' का शुभारंभआज प्रबंध निदेशक महोदय द्वारा कुमाऊँ जोन, हल्द्वानी से किया गया। यह राज्य स्तरीय जन-जागरूकता अभियान उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर के लाभों से अवगत कराने एवं उनके विश्वास को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर निदेशक (परिचालन), मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, जोन एवं सर्किल स्तर के वरिष्ठ अधिकारी, परियोजना से जुड़े तकनीकी अधिकारी तथा क्षेत्रीय कार्मिक उपस्थित रहे।

इस दौरान प्रबंध निदेशक द्वारा अवगत कराया कि स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है. जिसका मूल उद्देश्य विद्युत उपभोग में पारदर्शिता, सटीक एवं समयबद्ध चिलिंग तथा उपभोक्ता को अपनी खपत पर पूर्ण नियंत्रण प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर के माध्यम से उपभोक्ता को केवल वास्तविक खपत के आधार पर ही बिल प्राप्त होता है, जिससे अनुमा.नित अथवा औसत बिलिंग की समस्या समाप्त होती है।

प्रबंध निदेशक ने यह भी बताया कि स्मार्ट मीटर से उपभोक्ताओं को रीयल टाइम खपत एवं बैलेंस की जानकारी, बिजली उपयोग की निरंतर निगरानी, डिजिटल माध्यम से बिल मुगतान, बेहतर शिकायत निवारण जैसी सुविधाएं प्राप्त होंगी। इसके अतिरिक्त उपभोक्ता अपनी खपत को नियोजित कर ऊर्जा की बचत भी कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह अभियान स्मार्ट मीटर को लेकर उपभोक्ताओं में व्याप्त भ्रांतियों को दूर करने, विश्वास वृद्धि तथा स्थापना के दौरान स्वैच्छिक सहयोग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। इस संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि पखवाडे के दौरान फील्ड स्तर पर विशेष जन-संवाद, उपभोक्ता बैठकें, शि.विर, सोशल मीडिया एवं अन्य संचार माध्यमों से व्यापक जागरूकता सुनिश्चित की जाए, ताकि प्रत्येक उपभोक्ता तक स्मार्ट मीटर के लाभसरल एवं स्पष्ट भाषा में पहुंचाए जा सकें।

कार्यक्रम के अंत में प्रबंध निद.ेशक ने राज्य के समस्त उपभोक्ताओं से अपील की कि वे स्मार्ट मीटर स्थापना के दौरान सहयोग प्रदान करें और ष्मेरी बिजली, मेरा कंट्रोल' अभियान को सफल बनाएं, जिससे उत्तराखंड में एक पारदर्शी, आधुनिक एवं उपभोक्ता हितैषी विद्युत व्यवस्था की स्थापना सुनिश्चित की जा सके।

UJVNL
यूजेवीएन लिमिटेड
मुख्यालय "उज्जवल" महारानी बाग, जी.एम.एस. रोड, देहरादून-248006
दूरभाष : 0135-2763808, फैक्स : 0135-2763508
सी0आई0एन0 सं0 U40101UR2001SGC025866, वेबसाइट : www.ujvnl.com
RO No. 112 निविदा सूचना Dated : 09/02/2026
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (अनुरक्षण), मनेरी भाली-।।, चिन्यालीसौड़ (उत्तरकाशी) इच्छुक निविदादाताओं से मुहरबन्द निविदायें आमन्त्रित करता है। निविदाओं का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है।
निविदा संख्या - 32/अ0अ0(अनु0)/म0भा0-।।/25-26
कार्य/पूर्ति/सेवायें का नामः वर्ष 2025-26 हेतु शक्तिपुरम कालोनी चिन्यालीसौड,, धरासु मे विद्युत अनुरक्षण, एवं एच0 टी0, एल0 टी0 लाईन के वार्षिक सामान्य अनुरक्षण कार्य हेतु।
अनुमानित मूल्य : रु0 10,76,293/- मात्र (कर अतिरिक्त)
वेबसाइट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि : 10.02.2026
निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि : 06.03.2026 प्रात : 11:00 बजे तक
अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाइट "www.ujvnl.com" से डाउनलोड किये जा सकते है।
अधिशासी अभियन्ता (अनुरक्षण)
"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

UJVNL
यूजेवीएन लिमिटेड
मुख्यालय 'उज्ज्वल' महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाषः 0135-2763808, फैक्स- 0135-2763508
सी0आई0एन0 सं0: U40101UR2001SGC025866 | वेबसाइटः www.ujvnl.com
पत्रांक-114 निविदा सूचना दिनांक- 09/02/2026
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (सिविल), मनेरी भाली-।।, चिन्यालीसौड़ इच्छुक निविदादाताओं से मुहरबन्द निविदा आमंत्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत हैः
**निविदा संख्या 30/अधि.अभि. (सिविल)/ एमबी-।।/चिन्यालीसौड़/2025-26**
**कार्य का नामः-** मनेरी भाली परियोजना द्वितीय चरण के धरासू स्टील ब्रिज से डीजल पावर हाउस तक पहुंच मार्ग,सड़क एवं तत्सम्बन्धी जानपदीय अनुरक्षण का कार्य।
**अनुमानित लागत** रू. 8,44,842.46 (GST अतिरिक्त)
**वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथिः** 10.02.2026 सांय 5:00 बजे से
**निविदा जमा करने की अन्तिम तिथिः** 05.03.2026 प्रातः 11:00 बजे तक
अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाईट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाईट **www.ujvnl.com** से डाउनलोड किये जा सकते है।
"बिजली के दुरूपयोग से बचें"
अधिशासी अभियन्ता (सिविल), एम.बी.-।।, चिन्यालीसौड़

UJVNL
यूजेवीएन लिमिटेड
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
मुख्य कार्यालयः "उज्जवल" महारानी बाग, जी० एम० एस० रोड, देहरादून-248006
फोनः 0135 - 2763508 2763808, फैक्स न0- 0135-2763507
CIN No. U40101UR2001SGC025866 वेबसाइटः www.ujvnl.com
पत्रांकः 116 निविदा सूचना दि0: 09.02.2026
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (जानपद-अनुरक्षण), यमुना भवन, यमुना कालोनी, देहरादून इच्छुक निविदादाताओं से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित करता है।
निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है :
निविदा सं0. 14/EE(C-M)/DDN/2025-26.
कार्य का नामः- न्यू कॉरपोरेट ऑफिस बिल्डिंग उज्ज्वल, महारानी बाग जी0एम0एस0रोड में सी0सी0टी0वी0 सर्वेलान्स सिस्टम के आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं कमीशनिंग से सम्बन्धित कार्य।
अनुमानित लागतः- रू 20.54 लाख (जी0एस0टी0 अतिरिक्त)
वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथिः 10.02.2026 को 14.00 बजे से।
निविदा जमा करने की अन्तिम तिथिः 06.03.2026 को 14.00 बजे तक।
अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाइट **"www.ujvnl.com"** से डाउनलोड किये जा सकते हैं।
अधिशासी अभियन्ता (जानपद-अनुरक्षण)
"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

# हिमालय की घाटियों से भी गहरा था डॉ. नित्यानंद का सेवा-भाव: सीएम

## मुख्यमंत्री ने डॉ. नित्यानंद की जन्मशताब्दी वर्ष पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी कार्यक्रम में किया प्रतिभाग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को दून विश्वविद्यालय, देहरादून में डॉ. नित्यानंद की जन्मशताब्दी वर्ष समारोह के उपलक्ष्य पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सत्तत हिमालयी पर्यावरण पुरस्कार 2025 -26 से श्री जयेंद्र सिंह राणा एवं श्री संजय सत्यवली को सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने डॉ. नित्यानंद को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उन्होंने अपना पूरा जीवन हिमालय, प्रकृति, समाज और राष्ट्र को समर्पित किया। उनकी सोच, हिमालय की शिखरों जैसी ऊँची और उनका सेवा-भाव हिमालय की घाटियों से भी गहरा था। उनका मानना था कि हिमालय की रक्षा करना, भारतीय सभ्यता और राष्ट्र के भविष्य के लिए भी आवश्यक है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. नित्यानंद ने विज्ञान को अध्यात्म से, शोध को लोक-जीवन से और चिंतन को राष्ट्रहित से जोड़ने का कार्य किया। वो समाज के प्रत्येक वर्ग में राष्ट्रभाव और सामाजिक चेतना का संचार करते रहे। उन्होंने गांवों के सशक्तिकरण के लिए भी आजीवन कार्य किया। वे प्रतिवर्ष अपनी आय से लगभग 40 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान किया करते थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 1991 में उत्तरकाशी और 1999 में चमोली की आपदा के बाद डॉ. नित्यानंद ने बिना किसी विलंब के स्वयंसेवकों के साथ मिलकर राहत एवं पुनर्वास कार्यों का ऐसा मॉडल प्रस्तुत किया, जो आज भी श्रेष्ठ माना जाता है। उन्होंने मनेरी गाँव को अपना केंद्र बनाकर वहाँ 400 से अधिक भूकंप रोधी मकानों के निर्माण का कार्य भी कराया। मुख्यमंत्री ने कहा डॉ. नित्यानंद ने 'उत्तरांचल दैवीय आपदा पीड़ित सहायता समिति' का गठन कर उन्होंने सेवा को संस्थागत स्वरूप दिया, जो आज भी देशभर में आपदाओं के समय मानवता की सेवा का सबसे बेहतर उदाहरण प्रस्तुत कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमालयी क्षेत्रों में पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने के लिए पौधारोपण अभियान, जल संरक्षण अभियान और पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रमों चलाए जा रहे हैं। इस अवसर पर आर.एस.एस के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ दिनेश, आर.एस.एस प्रान्त प्रचारक डॉ. शैलेन्द्र, विधायक विनोद चमोली, विधायक मुन्ना सिंह चौहान, विधायक बृजभूषण गैरोला, डॉ. कमलेश कुमार, उत्तरांचल उत्थान परिषद के संरक्षक प्रेम बड़ाकोटी, कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल, रविदेवानंद, एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

## जिला प्रशासन का जनता दर्शन: न्याय से लेकर एक्शन तक

**देहरादून।** डीएम सविन बंसल की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ऋषिपर्णा सभागार में जनता दरबार का आयोजन कर जनसमस्याओं का निस्तारण किया गया। जनता दरबार में उपस्थित फरियादियों ने भूमि विवाद, निजी भूमि का सीमांकन, अवैध कब्जा, आपसी विवाद, आर्थिक सहायता, रोजगार, शिक्षा, एडीए, नगर निगम से संबंधित कुल 195 शिकायतें एवं समस्याएँ जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कीं।

कार्यालय मुख्य महाप्रबन्धक, निर्माण विंग
उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम
तृतीय तल (विश्वेश्वरैया भवन) (ओ0एन0जी0सी0 हॉस्पिटल के सामने), कमला नगर, देहरादून- 248001
email: cgmnirmanwing@yahoo.com, gmnirmanwing@gmail.com
पत्रांक- 151/निविदा/14 दिनांक 09.02.2026
नीलामी सूचना
उत्तराखण्ड पेयजल निगम के कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, निर्माण इकाई, उत्तराखण्ड पेयजल निगम, विकासनगरः के अन्तर्गत जनपद हरिद्वार के उपकारागार रूड़की परिसर में स्थित निष्प्रयोजित घोषित आवासीय भवन के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही हेतु अधीक्षक, उपकरागार रूड़की के पत्र संख्या 68/मु० का0 राजकीय आ०-8/आगणन /2025 दिनाँक 20/01/2026 द्वारा दी गयी अनुमति के क्रम में निम्नलिखित भवन की नीलामी हेतु सील बंद कोटेशन दिनांक 16/02/2026 को समय 15:00 बजे तक कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, निर्माण इकाई, उत्तराखण्ड पेयजल निगम, बाबुगढ़ (आशाराम वैदिक इन्टर कॉलेज के सामने), विकासनगर, देहरादून 248198 में निम्नानुसार आमन्त्रित की जाती है, जो उसी दिन समय 15:30 बजे कोटेशनदाताओं के समक्ष अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके द्वारा मनोनीत प्रतिनिधि द्वारा खोली जायेगी।

| क्र०सं० | कार्य का विवरण | टिप्पणी |
|---|---|---|
| 1 | जनपद हरिद्वार के उपकारागार रूड़की परिसर में स्थित निष्प्रयोजित घोषित आवासीय भवन के ध्वस्तीकरण कर कार्यस्थल को साफ करने का कार्य। | सम्पूर्ण कार्य 15 दिन के अन्तर्गत पूर्ण कराया जाना है। |

नीलामी से सम्बन्धित आगामी परिशिष्ट / शुद्धि पत्र/निरस्तीकरण इत्यादि ई अधिप्राप्ति सम्बन्धी सूचना पोर्टल www.eauctionindia.com पर देखी जा सकती है।
परियोजना प्रबन्धक

# कांग्रेसियों ने स्मार्ट मीटर का किया विरोध

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** नया हरिद्वार स्थित राधाकृष्ण मंदिर में यूपीसीएल द्वारा स्मार्ट मीटर को लेकर लगाए गए जागरूकता शिविर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी करते हुए स्मार्ट मीटर का विरोध किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकारी अधिकारियों पर प्राइवेट कंपनी का प्रचार करने का आरोप लगाते हुए आम जनता से स्मार्ट मीटर ना लगवाने की अपील भी की। वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोज सैनी ने कहा कि सरकार जनविरोधी फैसले ले रही है। सरकारी अधिकारी प्राइवेट कंपनी का प्रचार प्रसार कर जनता के साथ धोखा कर रहे हैं। स्मार्ट मीटर सबसे पहले जनप्रतिनिधियों के यहां लगाए जाएं। युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष कैश खुराना और दीपक टंडन ने कहा कि अधिकारियों को बताना चाहिए कि पुराने मीटर में क्या कमी है, जो स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। स्मार्ट मीटर लगने से मीटर रीडर का काम कर रहे लोग बेरोजगार हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि जहां भी स्मार्ट मीटर लगे हैं। वहां लोग इससे परेशान हैं। इसलिए हरिद्वार में स्मार्ट मीटर नहीं लगने दिया जाएंगे। स्मार्ट मीटर का प्रचार प्रसार भी नहीं करने दिया जाएगा। विरोध करने वालों में जतिन हांडा, मनोज धीमान, सोम त्यागी, रामबाबू बंसल, विकास चंद्रा सहित कई कार्यकर्ता शामिल रहे।

यूपीसीएल के एडीओ अजय धीमान का कहना है कि पुराने मीटर में सही से रीडिंग नहीं आ पाती है। जिससे उपभोक्ता और विभाग दोनों परेशान हैं। स्मार्ट मीटर पूरी तरह तरह से सुरक्षित है। इससे बिजली का सटीक बिल प्राप्त होगा और उपभोक्ताओं को सीधा फायदा मिलेगा।

# दौड़ प्रतियोगिता एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम किया आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** वसुधैवनीडम् फाउंडेशन एवं रन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में वृक्षारोपण समारोह एवं पांच किमी की दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया। आर्य समाज मंदिर भेल सेक्टर-1 से शुरू हुई दौड़ का शुभारंभ आचार्य योगेंद्र मेधावी एवं मुख्य अतिथि वसुधैवनीडम् के उपाध्यक्ष राकेश कुमार ने हरी झंडी दिखाकर किया। दौड़ प्रतियोगिता में बच्चों के साथ बड़ी संख्या में युवकों व युवतियों ने भी भाग लिया। इस दौरान बंजर भूमि पर फलदार व औषधीय पौधों का रोपण भी किया गया। मुख्य अतिथि राकेश कुमार ने विचारों की शुद्धता को उत्तम कर्म का आधार बताया। देहरादून से आईं भैरवी ने कार्यक्रम की सामाजिक व सांस्कृतिक उपयोगिता पर प्रकाश डाला। दौड़ प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

# भाजपा ओबीसी मोर्चा ने बजट को बताया जनहितैषी

## लोगों को आत्मनिर्भर बनाने व आगे ले जाने का काम करेगा बजट : प्रदीप पाल

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा ने केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए बजट 2026-27 को जन हितैषी करार दिया है। कहा कि बजट में पब्लिक सेक्टर को विस्तार करने के साथ बजट का फोकस छात्रों, किसानों, महिलाओं, स्वास्थ्यकर्मियों, निवेशकों और करदाताओं को आगे बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। सोमवार को ओबीसी मोर्चा की ओर से भाजपा जिला कार्यालय जगजीतपुर पर बजट-2026 पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप पाल ने कहा कि केंद्रीय बजट से लोगों को आत्मनिर्भर बनाने व आगे ले जाने का काम होगा। केंद्रीय सरकार रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म पर आधारित काम कर रही है। कार्यक्रम संयोजक एवं मोर्चा के गढ़वाल संयोजक डा.प्रदीप चौधरी ने कहा कि किसानों, मध्यम वर्ग, मजदूरों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए बजट में प्रावधान किए गए है। शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए नए इंस्टीट्यूट, हॉस्टल बनाए जाएंगे। कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की दवाईयों पर कस्टम ड्यूटी हटाने से हर किसी को आसानी से उपलब्ध होगी। साथ ही अन्य कुछ दवाओं पर एक्सपोर्ट ड्यूटी सब्सिडी को बढ़ाया गया। इससे मरीजों, खासकर कैंसर पीड़ितों पर आर्थिक बोझ कम होगा और दुर्लभ बीमारियों के मरीजों को पर्सनल यूज के लिए ड्यूटी-फ्री आयात आसान होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिलाध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार ने हर वर्ग को आगे बढ़ाने के लिए




काम किया है। 2014 से केंद्र सरकार ने हर क्षेत्र में देश को उन्नत बनाने का सपना तैयार किया और योजनाओं एवं घोषणाओं को धरातल पर उतारने का काम किया। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश प्रवक्ता संदीप सिंघानिया ने किया। इस दौरान मोर्चा के जिला प्रभारी नृपेंद्र चौधरी, कार्यक्रम के सह संयोजक विपिन चौधरी, पूर्व जिलामंत्री श्याम सिंह, श्याम सिंह रोड, जिला उपाध्यक्ष मुनेश पाल, रवि कश्यप, पवनदीप, आशीष चौधरी, डा.प्रेम प्रकाश सतलेवाल, तिलकराम सैनी, सुधीर ठाकुर, भूपेंद्र ठाकुर, अजय मलिक, एडवोकेट सतीश कुमार, सर्वेश प्रजापति, अनुज पाल, मिथुन चौधरी आदि शामिल रहे।

# विद्युत विभाग की छापेमारी, 15 घरों में पकड़ी चोरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** विद्युत विभाग ने सोमवार सुबह ज्वालापुर क्षेत्र में बिजली चोरी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। विभाग की इस अचानक छापेमारी से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। मुख्य अभियंता हरिद्वार जोन शेखर चंद त्रिपाठी के निर्देश पर यह अभियान चलाया गया। विद्युत विभाग की टीम ने सुबह-सुबह ज्वालापुर की बाल्मीकि बस्ती, सोनिया बस्ती और पावधोई क्षेत्र में सघन चेकिंग शुरू की। इस दौरान टीम ने कुल 35 बिजली कनेक्शनों की बारीकी से जांच की। जांच में 15 उपभोक्ता सीधे तौर पर बिजली चोरी करते हुए पकड़े गए।कार्रवाई का नेतृत्व उपखंड अधिकारी शिल्पी सैनी और सहायक अभियंता अमित तोमर ने किया। टीम में अवर अभियंता अक्षय कुमार सिंह, दीप्ति चौहान और अन्य कर्मचारी शामिल रहे। अधिशासी अभियंता ज्वालापुर रवि कुमार ने बताया कि



पकड़े गए सभी 15 लोगों के खिलाफ विभाग के नियमों के अनुसार जुर्माना लगाया जा रहा है। साथ ही, उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि राजस्व की हानि रोकने के लिए बिजली चोरी के खिलाफ यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# रामधाम कॉलोनी में सड़क व पुलिया निर्माण कार्य का शुभारंभ

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** रानीपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक आदेश चौहान ने नगरपालिका शिवालिकनगर अंतर्गत वार्ड संख्या 12, रामधाम कॉलोनी की रोशनपुरी कॉलोनी में आंतरिक सड़क एवं पुलिया निर्माण कार्य का भूमि पूजन कर शुभारंभ कराया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने उपस्थित होकर विधायक आदेश चौहान का स्वागत किया और विकास कार्य शुरू कराने पर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विधायक आदेश चौहान ने कहा कि क्षेत्र का विकास राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। सरकार द्वारा अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि विकास कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से पूरे विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य निरंतर प्रगति पर हैं। भाजपा सरकार क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और विकास कार्यों में धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। जनता को मूलभूत सुविधाओं का बेहतर लाभ दिलाने का सरकार का वादा धरातल पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है।



कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि अतुल वशिष्ठ ने कहा कि विधायक आदेश चौहान ने क्षेत्र के विकास कार्यों में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उनकी कार्यप्रणाली के चलते योजनाबद्ध तरीके से विकास कार्य जमीन पर उतरते नजर आ रहे हैं। स्थानीय सभासद गरिमा सिंह ने विधायक आदेश चौहान का आभार जताते हुए कहा कि विकास की दृष्टि से नई बसी कॉलोनियों में भी पिछले कुछ समय में ही कई करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्य कराए गए हैं। उनकी कार्यशैली अन्य जनप्रतिनिधियों के लिए भी प्रेरणास्रोत है। उद्घाटन कार्यक्रम में अश्वनी कुमार, सतपाल सिंह, संजीव चौहान, नीटू कुमार, कमलाकर शास्त्री, सूरज नेगी, ललित कुमार, प्रीतम, भूरा कुमार, सौरभ सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# अवैध निर्माण पर चला एचआरडीए का डंडा, निर्माणाधीन मकान सीज

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** हरिद्वार-रुड़की विकास प्राधिकरण ने अवैध निर्माण के खिलाफ अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। सोमवार को टीम ने भीमगौड़ा क्षेत्र में एक व्यवसायिक अवैध निर्माण को सील कर दिया। प्राधिकरण ने साफ चेतावनी दी है कि यदि दोबारा बिना अनुमति के काम शुरू किया गया, तो निर्माण को ढहाने के साथ ही सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।प्राधिकरण के सचिव मनीष कुमार सिंह ने बताया कि भीमगौड़ा कुंड के पास रेलवे लाइन के किनारे अवैध निर्माण की सूचना मिली थी। यहां नवीन और मुन्ना परांठे वाला द्वारा पहले से बने एक भवन की दूसरी मंजिल सैकेंड फ्लोर)पर करीब 40 गुणा 20 फीट के हिस्से में पक्का निर्माण किया जा रहा था। जब टीम मौके पर पहुंची, तब तक लिंटर डाला जा चुका था।प्राधिकरण की टीम ने मौके पर पहुंचकर इस अवैध निर्माण को पूरी तरह सील कर दिया। अधिकारियों ने निर्माण करने वालों को सख्त हिदायत दी है कि बिना नक्शा स्वीकृत कराए अब यहां कोई काम नहीं होगा। साथ ही यह भी कहा गया है कि अगर किसी ने भी सील तोड़ी या काम आगे बढ़ाया तो मुकदमा दर्ज कराकर अवैध हिस्से को ध्वस्तीकरण दिया जाएगा।

# करंट खाता बंद होने के बाद 12 करोड़ का संदिग्ध लेनदेन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** मोती बाजार निवासी व्यापारी अवनीत अरोड़ा के करंट खाते से 12 करोड़ रुपये से अधिक के संदिग्ध लेनदेन का मामला सामने आया है। व्यापारी ने बैंक कर्मचारियों पर धोखाधड़ी, कूटरचना और धमकी देने का आरोप लगाते हुए कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कराया है। ज्वालापुर कोतवाली पुलिस जांच कर रही है। शिकायत के अनुसार अरोड़ा ने अप्रैल 2025 में बंधन बैंक की ज्वालापुर रोड शाखा में स्थित अपना करंट खाता बंद कराने के लिए आवेदन, एटीएम कार्ड और चेकबुक जमा कर दी थी। आरोप है कि खाते के बंद होने की पुष्टि भी कर दी गई थी, लेकिन 13 अगस्त 2025 को मिली बैंक स्टेटमेंट में एक मई से 26 जून 2025 के बीच करीब 12.14 करोड़ रुपये जमा और 12.12 करोड़ रुपये निकाले जाने का खुलासा हुआ।

# बस की टक्कर से घायल युवती की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** बस की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हुई युवती ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। रोशनाबाद निवासी रविंद्र पाल पुत्र जगदीश पाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी पुत्री ईशा पाल अपने भांजे अजय पाल के साथ मोटरसाइकिल से गद्दारोना, मंगलौर जा रही थी। इसी दौरान पतंजलि के पास पीछे से आ रही उत्तराखंड रोडवेज की बस ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में ईशा पाल और अजय पाल दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर मौजूद राहगीरों और पुलिस की मदद से दोनों घायलों को भूमानंद अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान ईशा पाल की मौत हो गई, जबकि अजय पाल का उपचार जारी बताया जा रहा है।

# सिद्धेश्वर महादेव मंदिर का 36वां स्थापना दिवस मनाया

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** महंत विनोद गिरी, हनुमान बाबा ने कहा कि स्वयंभूमि सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में साक्षात शिव शिवलिंग के रूप में विराजमान हैं। उनके दर्शन मात्र से भक्तों को शिव की कृपा प्राप्त होती है। इस धारणा के चलते दूर- दराज से भक्त दर्शनों के लिए आते हैं और महादेव उनकी मनोकामनाएं पूर्ण करते है। उन्होंने कहा हर वर्ष मंदिर का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जाता है। यह परंपरा लगातार अनावरत जारी है। लक्सर रोड स्थित मिश्रपुर, कनखल में गंगा की पावन धरा नीलधारा के तट पर स्थित स्वयंभूमि सिद्धेश्वर महादेव मंदिर का 36वां स्थापना दिवस, सोमवार को श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के वातावरण में धूमधाम से मनाया गया। इसके पूर्व मंदिर के संस्थापक एवं श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी के महंत विनोद गिरी, हनुमान बाबा के पावन सानिध्य में अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया, जो विधिवत रूप से संपन्न हुआ। वहीं स्वयंभू शिवलिंग सिद्धेश्वर महादेव का वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ अभिषेक एवं पूजन किया गया। धार्मिक अनुष्ठानों के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें अखाड़े के संतों के साथ-साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं आमजन ने प्रसाद ग्रहण किया।

कार्यक्रम में अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी, महंत सूर्य मोहन गिरी, महंत किशन पुरी, महंत कुंदन पुरी, महंत सिद्धेश्वर गिरी, पं. विनय मिश्रा, पं. भोगेंद्र झा, चंदन कुमार झा, नीरज कुमार सहित अनेक संत-महात्मा एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर "हर-हर महादेव" के जयघोष से गूंजता रहा और श्रद्धालुओं ने आध्यात्मिक वातावरण का आनंद लिया।

## ग्रामीणों को दी वीबी-जीरामजी योजना की जानकारी

# योजना से ग्रामीण अर्थव्यवस्था होगी मजबूत : राजीव शर्मा

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** नगर पालिका शिवालिक नगर अध्यक्ष राजीव शर्मा एवं भाजपा पदाधिकारियों ने ग्राम औरंगाबाद में विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) के तहत आयोजित चौपाल कार्यक्रम में ग्रामीण रोजगार, आजीविका सशक्तिकरण तथा किसान-श्रमिक कल्याण को लेकर ग्रामीणों के साथ संवाद किया और वीबी-जीरामजी योजना के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर नगर पालिका शिवालिक नगर के अध्यक्ष राजीव शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के विजन और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में वीबी-जीरामजी अभियान ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान कर रहा है। इस मिशन के माध्यम से आत्मनिर्भर ग्राम, समृद्ध



किसान और सशक्त श्रमिक का संकल्प साकार हो रहा है। किसानों एवं श्रमिकों को रोजगार और आजीविका से जोड़ना ही सच्चे अर्थों में राष्ट्र निर्माण की नींव है। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए जनप्रतिनिधि निरंतर कार्य कर रहे हैं, ताकि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को भी विकास का लाभ मिल सके। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष बिन्दर पाल, महामंत्री सौरभ चौहान, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि विजय चौहान, क्षेत्र पंचायत सदस्य रवि सिंह, अरुण चौहान, दिशांत चौहान, शशांक चौहान, साधुराम पाल, डा. कुलदीप, सुलेख चंद, ऋतिक प्रजापति, अरविंद, रजत, गौरव चौहान, संजय राजपूत, राजेंद्र भंवर, नीतू चौधरी, दीपा सिंह, बागेश्वरी बग्गा सहित पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी मौजूद रहे।

# निवेश के नाम पर हुई धोखाधड़ी गवाहों को धमकाने पर मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जमीन में पैसे लगवाने के नाम पर हुई 60 लाख रुपये की धोखाधड़ी के मामले में अब गवाहों को डराने-धमकाने का नया विवाद सामने आया है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि मुख्य आरोपी जमानत पर बाहर आने के बाद से उन पर और उनके गवाहों पर लगातार दबाव बना रहा है। इस शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। बहादराबाद रोड स्थित पैटल वुड सोसायटी की रहने वाली चारु अग्रवाल ने पुलिस को बताया कि पिछले साल उन्होंने जगजीवनराम और उसके साथियों के खिलाफ 60 लाख रुपये की ठगी और अपहरण जैसे गंभीर आरोपों में केस दर्ज कराया था। इस मामले की चार्जशीट कोर्ट में जमा हो चुकी है और सुनवाई चल रही है। आरोप है कि केस को कमजोर करने के लिए आरोपी पक्ष अब गवाहों को डरा रहा है। शिकायत में यह भी बताया गया है कि उन्हें एक ऑडियो रिकॉर्डिंग मिली है, जिसमें पूरे परिवार की हत्या की साजिश रचने की बात कही जा रही है। यह रिकॉर्डिंग पुलिस को सौंप दी गई है। चारु अग्रवाल ने बताया कि जब उनके जेठ हितेश अग्रवाल कोर्ट में केस की पैरवी के लिए गए थे, तो वहां भी उन्हें धमकाया गया। इस घटना की जानकारी सिडकुल पुलिस को दी गई थी। पीड़िता का कहना है कि आरोपी पक्ष उन्हें डराने के लिए झूठी शिकायतें और मुकदमे भी दर्ज करवा रहा है, जिन्हें जांच के बाद पुलिस ने गलत पाया है। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# बोर्ड परीक्षार्थियों की सफलता को विद्यालय में किया हवन यज्ञ का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** डा. हरिराम आर्य इंटर कालेज मायापुर में बोर्ड परीक्षा तथा गृह परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों की सफलता की कामना करते हुए यज्ञ का आयोजन किया गया। वानप्रस्थ आश्रम आर्य नगर ज्वालापुर से आए स्वामी तेजस मुनि ने बताया कि यज्ञ का आयोजन विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. अरविंद शर्मा के अनुरोध पर कक्षा 10 एवं 12 की बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने जा रहे छात्र-छात्राओं की सफलता एवं कक्षा 12 के छात्रों को विद्यालय से विदाई के अवसर पर आशीर्वाद प्रदान करने के उद्देश्य किया गया। उन्होंने कहा कि यज्ञ करने से वातावरण और मन शुद्ध होता है। यज्ञ के प्रभाव से हर मनोकामना पूर्ण होती है। यज्ञ के पश्चात पंडित राज बल शर्मा वैदिक न्यास की ओर से आयोजित आर्य संस्कृति व साहित्य



ज्ञान परीक्षा का परीक्षा परिणाम भी घोषित किया गया। परीक्षा परिणाम घोषित करते हुए पंडित प्रभात मुनि ने बताया कि परीक्षा से पूर्व तेजस मुनि ने 1 माह तक विद्यालय के कक्षा 6 से 8 तक के सभी छात्र-छात्राओं की प्रतिदिन 1 घंटा तैयारी करायी। उनके प्रयास से कक्षा 8 की छात्रा सिमरन सैनी ने प्रथम, कक्षा 7 की गोरी ने द्वितीय, तथा कक्षा 8 की खुशी वर्मा एवं कक्षा 6 की आस्था ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। न्यास की ओर से छात्राओं को क्रमशः 5000, 3000 एवं 2000 रूपए का नकद पुरस्कार दिया गया। छात्र अंशुल शर्मा, वैष्णवी, गौरव, तेजस शर्मा, कृष्ण सिंह नेगी, नैंसी, क्रांति नाइक, करीना सैनी, योगेश राजपूत, विनीत एवं राजीव कुमार को सांत्वना पुरस्कार के रूप में 500-500 रुपए प्रदान किए गए। वानप्रस्थ आश्रम के प्रधान आरके गुप्ता ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के में निरंतर योगदान कर रहे विद्यालय के प्रधानाचार्य डा.अरविंद शर्मा तथा समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं बधाई के पात्र हैं। उनके इस प्रयास में वानप्रस्थ आश्रम सदैव उनके साथ है। कार्यक्रम के समापन पर पंडित राजपाल शर्मा वैदिक न्यास के अधिष्ठाता प्रभात मुनि एवं सविता शर्मा द्वारा छात्र छात्राओं एवं समस्त स्टाफ को प्रसाद के रूप में मिष्ठान्न वितरण किया गया। इस अवसर पर वानप्रस्थ आश्रम के उप प्रधान कामेंद्र आर्य, सुबोध गुप्ता, निर्मल सचदेवा, राजेंद्र बिष्ट, दिनेश कुमार शर्मा तथा विद्यालय के शिक्षक प्रवीण त्यागी, सरीन कुमार, श्रवण कुमार, दीपक मिश्रा, प्रियंका शर्मा, निधि शर्मा, जागृति पंडित, राजीव कौशिक, नीरज कुमार, सुषमा शर्मा, यज्ञ राज भट्ट, निशा, राजेश ठाकुर, प्रेम, आशीष आदि शामिल रहे।

## मिथिला की रंगीन परंपरा में रंगा हरिद्वार

# सखि बहिनपा मैथिलानी समूह ने मनाया होली मिलन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** रंगों के पर्व होली पर मिथिला की सांस्कृतिक परंपराओं की मनमोहक छटा उस समय देखने को मिली, जब सखि बहिनपा मैथिलानी समूह इकाई हरिद्वार की ओर से भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। स्थानीय होटल में आयोजित कार्यक्रम में पारंपरिक मैथिली वेशभूषा में सजी-धजी सखियों ने गीत, नृत्य और लोकसंस्कृति के माध्यम से होली का उल्लास बिखेरा। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ, इसके पश्चात सभी सखियों ने समूह की संस्थापक आरती झा को शुभकामनाएं देते हुए एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में पारंपरिक मैथिली होली गीतों,



लोकधुनों और नृत्य ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। फूलों की होली कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रही। इस अवसर पर रश्मि सखि ने कहा कि भाषा, संस्कृति और परंपरा का संरक्षण हम सभी का दायित्व है। मोनी सखि ने सखियों के आपसी मिलन को भावनात्मक बताया, जबकि राखी सखि और मीनाक्षी सखि ने आयोजन की सफलता का श्रेय आपसी सहयोग और समर्पण को दिया। कार्यक्रम में मुन्नी, मधु, कशिका, रीना, गुड़िया, ममता, सोनी, खुशबू, कल्पना, नीतू सहित अनेक सखियों ने सहभागिता कर समारोह को यादगार बनाया।

# फागुनी कांवड़ है प्राचीन कांवड़ यात्रा

## इसी माह होती है महाशिवरात्रि, भीड़ के कारण प्रमुख बन गया सावन मेला

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** धर्मनगरी में आजकल चल रही शारदीय कांवड़ यात्रा को ही प्राचीन कांवड़ यात्रा माना जाता है। हालांकि भारी भीड़भाड़ के कारण अब लोग सावन के कांवड़ मेले को ही प्रमुख कांवड़ मेला मानने लगे हैं। कांवड़ यात्रा का प्रचलित इतिहास करीब तीन सौ साल पुराना है हालांकि कुछ लोग इसे पौराणिक भी मानते हैं। एक कथा के अनुसार सतयुग में समुद्र मंथन के बाद भगवान शिव के कंठ से विष का ताप शांत करने के लिए देवताओं ने उनपर सामूहिक रूप से जलार्पण किया था, तभी से कांवड़ की शुरुआत हुई। कुछ लोग भगवान राम, रावण और श्रवण कुमार से भी कांवड़ परंपरा को जोड़ते हैं। हालांकि उत्तर भारत में ज्यादातर कांवड़िए स्वयं को भगवान परशुराम द्वारा शुरू की गई कांवड़ परंपरा से जोड़ते हैं।

हरिद्वार में सावन और फागुन में कांवड़ मेले की परंपरा वर्षों से है। सावन भोलेनाथ का प्रिय मास है तो वर्ष की 12 शिवरात्रियों में से महाशिवरात्रि केवल फागुन में आती है। अब से करीब चार दशक पूर्व तक हरिद्वार में केवल महाशिवरात्रि पर ही कांवड़िए प्रमुख रुप से जुटा करते थे। इस मेले में आमतौर पर ग्रामीण, किसान और उम्रदराज श्रद्धालु ही आया करते थे जो पूर्ण श्रद्धा भाव से वनों के रास्ते कांवड़ में कांच की शीशियों में पैदल जल लेकर जाया करते थे। जबकि सावन में सीमित संख्या में शहरी क्षेत्रों के श्रद्धालु प्रायः बसों, ट्रेनों और वाहनों में जल लेकर जाते थे। 80 के दशक से इन मेलों में युवाओं की भागीदारी बढ़ी खासकर राममंदिर आंदोलन के बाद सावन के कांवड़ मेले में युवाओं का प्रवेश हुआ और भीड़भाड़ बढ़ी। सावन के कांवड़ मेले को लोकप्रिय बनाने में प्रसिद्ध फिल्म निर्माता स्वः गुलशन कुमार की भी खास भूमिका रही, जिन्होंने सावन के दौरान हरिद्वार आकर कांवड़ मेले के दृश्यों को सेल्यूलाइट पर उतारा और शिव महिमा जैसी फिल्में बनाई। जिसके बाद सावन की कांवड़ यात्रा प्रसिद्ध होती गई। अब भीड़भाड़ की दृष्टि से लोग सावन के कांवड़ मेले को ही प्रमुख कांवड़ मेला मानने लगे हैं।

# हाईटेंशन लाइन शिफ्टिंग कार्य अधर में, किसान की आपत्ति बनी बाधा

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत धनपुरा में आबादी के ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन की लाइन की सिप्टिंग का कार्ये अधर में लटका, लाइन की सिप्टिंग का कार्ये ग्रामीण विधायक अनुपमा रावत द्वारा कराया जा रहा था। सड़क किनारे पोल लगाने पर किसान ने की आपत्ति।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत धनपुरा में आबादी के ऊपर से गुजर रही हाइटेंशन विद्युत लाईन सिप्टिंग कार्य अधर में लटका, आबादी के बीच से हाई टेंशन की लाइन गुजर रही थी। ग्रामीण बार बार लाइन को हटवाने के लिये 40 वर्षो से विभाग के चक्कर काट रहे थे। ग्रामीणों की मांग को गंभीरता से लेते हुए ग्रामीण विधायक अनुपमा रावत ने अपने कर कमलों से 16 मई 2025 को सिप्टिंग का कार्ये शुरू करा दिया था। मगर सड़क किनारे खेत स्वामी किसान ने पोल लगाने को लेकर आपत्ति करने से लाईन शिफ्टिंग का कार्य दस माह बाद भी अधर में लटका हुआ है। जिससे जिन परिवार की छत के ऊपर से हाईटेंशन की विधुत लाइन गुजर रही है। उनको बड़ा झटका लगा है। हर रोज मौत के साये में जी रहे है। क्योंकि लाइन में काफी पुराने व जर्जर हालत के तारो से आये दिन हादसे होते थे। कई बार लाइन का तार टूटकर ग्रामीणों के घरों पर गिरा और उससे आग लग गई। उन्होंने सोचा था कि लाइन शिफ्ट होने से ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलेगी। इससे ग्रामीण उत्साहित थे ग्रामीणों ने विधायक अनुपमा रावत का आभार जताया था। मगर दस माह बीत जाने के बाद भी लाईन सिप्टिंग का मामला अधर में लटकने से ग्रामीणों में रोष उत्पन्न हो रहा है।

ग्रामीण विधायक अनुपमा रावत ने बताया हमने हाई टेंशन विद्युत लाइन शिफ्टिंग का कार्य शुरू कर दिया था मगर धनपुरा निवासी किसान ने सड़क किनारे पोल लगाने से मना कर दिया जिससे कार्य रुक गया। अब किसान व ग्रामीणों की सहमति होती है तो 2 दिन में हाई टेंशन शिफ्टिंग कार्य पूरा कर दिया जाएगा।

विद्युत विभाग से एसडीओ सचिन कुमार ने बताया हाई टेंशन लाइन शिफ्टिंग का कार्य अधूरा इसीलिए है। क्योंकि धनपुरा निवासी किसान ने सड़क किनारे पोल लगाने पर रोक लगा दी राजस्व विभाग की टीम आती है तो किसान नही मिलता जिससे कार्य रुका है। किसान से सहमति होते ही लगभग दो सौ मीटर तक पोल लगाकर दो दिन में लाइन शिफ्टिंग का कार्य पूर्ण कर दिया जायेगा।

# 10 लीटर कच्ची शराब के साथ युवक गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए गये अभियान में 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस ने नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत अवैध शराब, स्मैक, चरस, गांजा, नशीली दवाई एव इंजेक्शन आदि तस्करों के खिलाफ चलाए गए अभियान में पुलिस ने सोमवार को गस्त चौकिंग के दौरान राणा चौक सुभाषगढ़ मार्ग फाटक तिराहे को जाने वाले रास्ते पर छापेमारी करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया आरोपी से 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम विरमपाल 55वर्ष पुत्र रोड़ा निवासी दुर्गागढ़ थाना पथरी बताया पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया है। एसओ पथरी मनोज नोटियाल ने बताया नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान में एक आरोपित को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया है। आगे भी नशे के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।
**सैफ सलमानी**
ब्यूरो चीफ
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# फरवरी में ही महक उठा बुरांश, बदले मौसम ने बढ़ाई चिंता

**विक्रम सिंह**

**चकराता।** हिमालयी क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन के संकेत अब केवल तापमान तक सीमित नहीं रह गए हैं, बल्कि इसका सीधा असर जंगलों की जैव विविधता पर भी दिखाई देने लगा है। चकराता क्षेत्र में इस वर्ष फरवरी माह में ही राज्य वृक्ष बुरांश के फूल खिलने शुरू हो गए हैं, जिससे स्थानीय ग्रामीणों के साथ-साथ पर्यावरणविद भी चिंतित हैं। सामान्य तौर पर बुरांश का पुष्पन मार्च के अंत से अप्रैल तक होता है, लेकिन इस बार समय से पहले खिले फूल मौसम के असामान्य व्यवहार की ओर इशारा कर रहे हैं। समुद्रतल से लगभग 1650 मीटर से लेकर 3400 मीटर की ऊंचाई तक फैले उत्तराखंड के जंगलों में बुरांश की व्यापक उपस्थिति पाई जाती है।



वैज्ञानिक दृष्टि से प्रदेश में रोडोडेंड्रोन एरबोरियम, रोडोडेंड्रोन बारबेटम, रोडोडेंड्रोन केम्पानुलेटम और रोडोडेंड्रोन लेपिडोटम जैसी प्रजातियां प्रमुख हैं। जौनसार-बावर क्षेत्र में चकराता-कालसी मोटर मार्ग के आसपास के वन क्षेत्रों में इन दिनों बड़ी संख्या में बुरांश के खिले फूल नजर आ रहे हैं, जो आमतौर पर इस समय नहीं दिखते।

**तापमान में असामान्य बदलाव बना वजह**

ढकरानी के कृषि विज्ञानी डॉ. ए. के. शर्मा का कहना है कि समय से पहले फूलों का खिलना जलवायु परिवर्तन का स्पष्ट संकेत है। उन्होंने बताया कि हाल के वर्षों में दिन और रात के तापमान के अंतर में तेजी से वृद्धि हुई है। दिन के समय अचानक बढ़ती गर्मी और रात में बनी रहने वाली ठंड पौधों की प्राकृतिक पुष्पन प्रक्रिया को प्रभावित कर रही है। यही कारण है कि बुरांश सहित कई वनस्पतियों में बौर और फूल अपेक्षित समय से पहले आ रहे हैं।

**ग्रामीणों में बना चर्चा का विषय**

स्थानीय निवासी देवेंद्र सिंह, नरेंद्र, राजेंद्र सिंह चौहान और अमित सिंह का कहना है कि उन्होंने अपने जीवन में पहली बार फरवरी माह में बुरांश को इस तरह खिला हुआ देखा है। ग्रामीणों के अनुसार आमतौर पर बुरांश के फूल मार्च-अप्रैल में ही नजर आते थे, लेकिन इस बार प्रकृति का यह बदला मिजाज सभी के लिए हैरानी का कारण बना हुआ है। ग्रामीणों ने यह भी चिंता जताई कि अप्रैल माह में मनाए जाने वाले पारंपरिक 'बिस्सू पर्व' पर बुरांश के फूलों का विशेष महत्व होता है। इस अवसर पर फूलों को देवस्थलों में अर्पित किया जाता है और घरों की सजावट में भी इनका उपयोग होता है। यदि फूल समय से पहले झड़ गए, तो पर्व की पारंपरिक प्रकृति पर भी असर पड़ सकता है।

**भविष्य के लिए चेतावनी**

पर्यावरण विशेषज्ञों का मानना है कि यदि जलवायु परिवर्तन का यह रुझान लगातार बना रहा, तो हिमालयी क्षेत्र की वनस्पतियों और वन्य जीवन के जीवनचक्र में और भी असामान्य बदलाव देखने को मिल सकते हैं। समय से पहले पुष्पन, फलन और प्रजातियों के व्यवहार में बदलाव भविष्य में पारिस्थितिकी संतुलन के लिए गंभीर चुनौती बन सकता है।

# पूर्व काबीना मंत्री ने राजभवन घेराव को लेकर किया जनसंपर्क



**कार्यकर्ता सरकार के ताबूत में अंतिम कील ठोकने का करें काम: नवप्रभात**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** कांग्रेस पार्टी द्वारा 16 फरवरी को होने वाले राज भवन घेराव को लेकर पूर्व कैबिनेट मंत्री नव प्रभात विकासनगर के कई स्थान पर जनसंपर्क किया। नवप्रभात ने कहा कि आज पूरे प्रदेश में भ्रष्टाचार का बोलबाला है, खनन माफिया की मकड़ जाल में पूरा प्रदेश बर्बाद हो गया है प्रदेश में नकल माफिया अभी भी है, रोजगार के साधन सरकार उपलब्ध नहीं कर पा रही है, माताएं बहने सुरक्षित नहीं है, सरेआम प्रदेश में बहनों के कत्ल किये जा रहे हैं।

उन्होंने कहा अब सभी का कर्तव्य बनता है की अधिक से अधिक 16 फरवरी को देहरादून पहुंचकर राज भवन का घेराव करें और सरकार के ताबूत में अंतिम कील ठोकने का काम करें। साथ ही पूर्व काबीना मंत्री ने कहा कि नशे का कारोबार क्षेत्र में फल फूल रहा है सरकार का कोई ध्यान नहीं है इसके कारण आए दिन आने को घटनाएं घट रही है जिससे आम आदमी प्रभावित हो रहा है। कहा शीघ्र इसके खिलाफ भी आवाज उठाई जाएगी।इस मौके पर प्रदेश सचिव विकास शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष अभिनव ठाकुर, सेवा दल के अध्यक्ष भूवन पंत, राजकमल, किसान सेवा सहकारी समिति के उपाध्यक्ष शैलेंद्र डोगरा, एतेंद्र पुंडीर, बलीराम, सुरेंद्र साहू, विनीत शर्मा, हरबर्टपुर के अध्यक्ष आशीष पुंडीर, ऋषभ सेमवाल आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# द्रोणा पब्लिक स्कूल में विराट हिंदू सम्मेलन का सफलता से सम्पन्न




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** द्रोणा पब्लिक स्कूल, लक्ष्मीपुर में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन बड़े उत्साह, श्रद्धा और जनभागीदारी के साथ भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में समाज के सभी वर्गों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की और इसे ऐतिहासिक बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाई।

सम्मेलन के मुख्य वक्ता आचार्य डॉ. सुनील पैन्यूली ने कहा कि बच्चों को दो वर्ष की आयु से ही संस्कार सीखना शुरू कर देना चाहिए, ताकि वे गलत दिशा में भटकने से बच सकें। संस्कार ही वह दीपक हैं जो जीवन के हर अंधकार में सही मार्ग दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि बचपन में दिए गए संस्कार ही भविष्य के चरित्र, राष्ट्रभक्ति और व्यक्तित्व की मजबूत नींव रखते हैं।

सौरभ ने कहा कि इस विराट हिंदू सम्मेलन से युवाओं में राष्ट्रभक्ति की चेतना जागृत होगी और समाज में सकारात्मक परिवर्तन की लहर उत्पन्न होगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण केवल सरकार या संस्थाओं का कार्य नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक के जीवन में परिवर्तन से प्रारंभ होता है। उन्होंने ने युवाओं से आह्वान किया कि वे इन पाँच परिवर्तनों को अपने जीवन में आत्मसात कर राष्ट्र सेवा के पथ पर आगे बढ़ें और एक समरस, संस्कारित तथा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।द इंडियन फ्लावर्स स्कूल की प्रधानाचार्या शीला राठौड़ ने कहा "भारतीय संस्कृति में कुटुंब केवल साथ रहने की व्यवस्था नहीं, बल्कि संस्कारों की जीवंत पाठशाला है। सम्मेलन में विधायक मुन्ना सिंह चौहान, राज्य मंत्री कुलदीप कुमार, ब्लॉक प्रमुख नारायण ठाकुर, कर्नल देशराज राणा, चमन नेगी, राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता एडवोकेट गुरुमेल सिंह राठौड़, अनुज गुलरिया, गोपाल डोगरा, शक्ति सिंह चौहान, संजय राठौड़, हिमांशु राठौड़, अरविंद राठौड़, आशा चौहान, ममता डोगरा, कर्म सिंह तोमर, उदय सिंह, हरीश राठौड़, शुभम चौहान, शेखर राणा, अनुज चौहान, पूजा बिष्ट, रोमा बेलवाल आदि ने अपने विचार प्रस्तुत किए।

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**बागेश्वर।** कपकोट पुलिस थाने में कक्षा 11वीं में पढ़ने वाली छात्रा के साथ घर के बहला फुसला कर ले जाने व नाबालिग के साथ दुष्कर्म किए जाने के मामले में 24 वर्षीय युवक को पॉक्सो अधिनियम में गिरफ्तार किया।

वही पुलिस ने नाबालिग का सोमवार को मेडिकल जांच के लिए जिला अस्पताल भेजा गया गया। कपकोट पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार नाबालिग लड़की के फूफा ने विगत दिवस कपकोट पुलिस थाने में उसके भतीजी के साथ गरुड़ क्षेत्र निवासी हाल निवासी रीमा उड़ियार मनीष आर्या पुत्र सोहन लाल के खिलाफ नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने का मामला दर्ज किया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम का गठन किया। टीम ने रविवार दोपहर में अभियुक्त को गिरफ्तार किया। पीड़िता के अनुसार युवक ने उसके साथ 6 फरवरी को दुष्कर्म किया था। इधर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 137(2) 64 बीएनएस एल 5/6 में मुकदमा दर्ज किया गया है। अभियुक्त का सोमवार को मेडिकल करने के बाद जिला न्यायालय में पेश किया गया।

# दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने की पहल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** दिव्यांगजनों के जीवन को सरल और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में समाज कल्याण विभाग द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की गई।

प्रधानमंत्री दिव्यांगजन कल्याण योजना के अंतर्गत आयोजित दिव्यांग शिविरों में चयनित लाभार्थियों को रविवार को चकराता क्षेत्र में सहायक उपकरण वितरित किए गए।सोमवार को आयोजित इस वितरण कार्यक्रम में दिव्यांग. जनों को उनकी शारीरिक आवश्यकताओं के अनुसार विशेष सहायक उपकरण उपलब्ध कराए गए, जिससे वे दैनिक कार्यों को अधिक सहजता से कर सकें। कार्यक्रम के तहत त्यूणी क्षेत्र में 15 दिव्यांग लाभार्थियों को कुल 89 सहायक उपकरण वितरित किए गए, जबकि कनासर क्षेत्र में 7 लाभार्थियों को 30 सहायक उपकरण प्रदान किए गए। इनमें चलने-फिरने, सुनने और अन्य दैनिक आवश्यकताओं से जुड़े उपकरण शामिल रहे।इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण (चकराता) खजान सिंह सारस्वत, यूनिवर्सल सपोर्ट वर्कर विनोद तथा जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के विशेष शिक्षक प्रशांत शर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

**एक नजर .......**

## नई टिहरी के जिला अस्पताल में दूरबीन विधि से किया गया सफल ऑपरेशन



**नई टिहरी।** सीमांत जनपद की स्वास्थ्य सेवाएं अब आधुनिकता की ओर तेजी से कदम बढ़ा रही हैं। जिला मुख्यालय स्थित जिला अस्पताल बौराड़ी में जटिल ऑपरेशनों का सिलसिला शुरू हो गया है, जिससे स्थानीय जनता को बड़ी राहत मिल रही है। इसी कड़ी में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एक 35 वर्षीय महिला का सफल लैप्रोस्कोपिक ऑपरेशन कर एक नई उपलब्धि हासिल की है। यह ऑपरेशन न केवल मरीज के लिए जीवनदान साबित हुआ है, बल्कि यह जिला अस्पताल में उपलब्ध हो रही अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं और विशेषज्ञ चिकित्सकों की दक्षता का भी प्रमाण है। जानकारी के अनुसार एक 35 वर्षीय महिला पिछले काफी समय से पेट में असहनीय दर्द और अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रही थी। जांच करने पर पता चला कि वह कोलेलिथियासिस यानी पित्ताशय की पथरी से पीड़ित है। इस स्थिति में तत्काल सर्जरी की आवश्यकता थी। जिला अस्पताल के जनरल सर्जन मिथुन विश्वास और रिचा नौटियाल ने केस की गंभीरता को देखते हुए लैप्रोस्कोपिक विधि अपनाने का निर्णय लिया। चिकित्सकों की टीम ने पहले डायग्नोस्टिक लैपरोस्कोपी के माध्यम से बीमारी की सटीक स्थिति का आकलन किया और उसके बाद लैपरोस्कोपिक कोलेसिस्टेक्टॉमी प्रक्रिया अपनाते हुए पित्ताशय को सफलतापूर्व हटा दिया। ऑपरेशन थिएटर में जनरल सर्जन जफिर अहमद, निश्चेतक शैलेंद्र और दिव्यांशु नैथानी ने अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाई।

## राज्यपाल ने किया फ्लेवर ऑफ देवभूमि पुस्तक का विमोचन



**देहरादून (शाह टाइम्स संवाददाता)** ।राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने सोमवार को लोक भवन में "फ्लेवर ऑफ देवभूमि" पुस्तक का विमोचन किया। इस पुस्तक का प्रकाशन इंडियन फेडरेशन ऑफ कुलिनरी एसोसिएशन द्वारा किया गया है। पुस्तक के निर्माण में शेफ डॉ. नीरज अग्रवाल, शेफ योगेन्द्र सिंह नेगी, शेफ दीपा चावला तथा गोपाल सिंह का विशेष योगदान रहा है। इस पुस्तक में उत्तराखण्ड के पारंपरिक खान-पान, संस्कृति एवं जीवन-शैली को सरल और रोचक रूप में प्रस्तुत किया गया है। साथ ही इसमें प्रदेश के पारंपरिक व्यंजनों के साथ उनके स्वास्थ्य लाभों का भी विस्तार से उल्लेख किया गया है। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि यह पुस्तक प्रदेश की प्राचीन रसोई परंपराओं को संरक्षित एवं प्रोत्साहित करने का सराहनीय प्रयास है।

# पुलिस उपाधीक्षक ने किया ऊखीमठ थाने का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊखीमठ।** पुलिस उपाधीक्षक गुप्तकाशी विकास पुण्डीर ने थाना ऊखीमठ का निरीक्षण कर थाना परिसर में क्राइम ऑब्जर्वेशन रिकॉर्ड लेते हुए लंबित विवेचनाओं, कानून व्यवस्था और सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होने ने लंबित मामलों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही मुख्यालय स्तर से संचालित विशेष अभियानों में प्रभावी कार्रवाई करने पर जोर दिया।

उन्होंने वर्तमान में चल रहे सड़क सुरक्षा माह के तहत आम जनता को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने तथा साइबर अपराध व ऑनलाइन ठगी से बचाव को लेकर जन-जागरूकता अभियान तेज करने के निर्देश दिए। चोपता-तुंगनाथ क्षेत्र में पर्यटन सीजन और संभावित बर्फबारी को ध्यान में रखते हुए पर्यटकों की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था और निरंतर निगरानी बनाए रखने को कहा। इसके अलावा महिला सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए 'पुलिस आपके द्वार' कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए। ठंड के मौसम को देखते हुए उन्होंने पुलिस कर्मियों को स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने तथा पूरी निष्ठा और कर्तव्यपरायणता के साथ ड्यूटी करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज नेगी, चौकी प्रभारी चोपता सुरेश कुमार, उपनिरीक्षक पूजा रावत, अपर उपनिरीक्षक अनिल, अपर उपनिरीक्षक राकेश सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे।

# औली : राष्ट्रीय स्कीइंग चैंपियनशिप की आधी-अधूरी तैयारियां, सड़क खस्ताहाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।**औली में आयोजित होनी वाली विंटर कार्निवल और राष्ट्रीय स्कीइंग चौंपियनशिप आयोजन को लेकर अभी तक आधा-अधूरी तैयारियां दिखाई दे रही है, वहीं कम बर्फ भी बड़ी चुनौती बनी हुई है। औली पहुंचने में पर्यटकों के साथ ही स्थानीय लोगों को भी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।

औली में 12-16 फरवरी 2026 तक होने वाले नेशनल विंटर गेम्स और पहले विंटर कार्निवल की तैयारियां अंतिम चरण में हैं, लेकिन बर्फ की कमी जैसी चुनौतियों के बीच इन्हें पूरा किया जा रहा है। वहीं जोशीमठ भूस्खलन के बाद से रोपवे बंद पड़ा हुआ है।

तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी शासन - प्रशासन द्वारा इसे सुचारू करने के अभी तक कोई प्रयास नहीं किए गए हैं। जिसके चलते हजारों पर्यटक जोशीमठ से औली अपने व निजी वाहनों से ही पहुंच रहे हैं।

जिससे औली सड़क पर वाहनों की अधिक आवाजाही होने से जाम की स्थिति भी बन रही है और घंटों जाम लगना आम है। इसके बावजूद प्रशासन द्वारा सड़क को दुरुस्त करने की अभी तक कोई ठोस प्रयास नहीं किए गए हैं। संकरी सड़क होने के साथ ही सुनील से औली तक सड़क पर पानी निकासी के लिए कहीं भी नाली नहीं बनी है, जिसके चलते सारा पानी सड़कों पर बह रहा है। कही जगहों पर झाड़ियां सड़क तक पहुंच गई है। वहीं एक जगह पर सड़क पूरी तरह धंस गई है, इसके ट्रीटमेंट तक नहीं किया गया है।

5 फरवरी को जिलाधिकारी चमोली गौरव कुमार ने राष्ट्रीय स्कीइंग चौंपियनशिप तैयारियों को लेकर सभी विभागों के बैठक कर समय से पूर्व सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद करने के निर्देश दिए गए थे। बावजूद सड़क निर्माण विभाग बीआरओ और लोनिवि द्वारा डीएम के आदेश को गंभीरता से नहीं लिया गया है। स्थिति यह है कि सुनील से औली तक सड़क कहीं धंसी हुई है तो कहीं झाड़ियां सड़क तक पहुंची हैं और नाली का सारा पानी सड़क पर बह रहा है।

वहीं औली में भी वाहनों की पार्किंग के लिए कोई समुचित व्यवस्थाएं नहीं हैं। औली में पहुंच रहे हजारों पर्यटकों के लिए गढ़वाल मंडल विकास निगम द्वारा अभी तक कहीं भी अस्थाई सार्वजनिक शौचालय निर्माण नहीं किए गए हैं। भोपाल से आई औली पहुंची श्रेया ने बताया कि और की नैसर्गिक सौंदर्य के लिए हजारों पर्यटक पहुंच रहे हैं, लेकिन गढ़वाल मंडल विकास निगम द्वारा यहां पर पीने का पानी और अस्थाई शौचालय तक की व्यवस्थाएं नहीं की गई है। जिससे महिला पर्यटकों को खासा परेशानी हो रही है।

ऐसे में साफ है कि नेशनल विंटर गेम्स में पर्यटकों के साथ स्थानीय लोगों को भी अव्यवस्थाओं से दो-चार होना पड़ेगा

उपजिलाधिकारी ज्योर्तिमठ चन्द्रशेखर वशिष्ठ ने बताया कि राष्ट्रीय स्कीइंग चौंपियनशिप तैयारियों को लेकर सभी विभागों को निर्देशित किया गया है। सड़क मामले को लेकर संबंधित विभाग को अवगत कराया जाएगा।

# शैक्षणिक भ्रमण के तहत कार्तिक स्वामी तीर्थ पहुंचे छात्र

**रुद्रप्रयाग/ऊखीमठ।** एमएल पब्लिक स्कूल नाला, गुप्तकाशी के 70 सदस्यीय छात्र-छात्राओं के दल ने शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के तहत प्रसिद्ध धार्मिक एवं पर्यटन स्थल कार्तिक स्वामी तीर्थ के दर्शन किए। भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को पाठ्य पुस्तकों से इतर प्रकृति, संस्कृति, इतिहास एवं धार्मिक धरोहरों से प्रत्यक्ष रूप से जोड़ना था।इस दौरान छात्रों ने भगवान कार्तिकेय के धाम में पूजा-अर्चना कर आध्यात्मिक अनुभूति प्राप्त की तथा हिमालय की पर्वत श्रृंखलाओं, हरी-भरी वनस्पतियों और मनोरम प्राकृतिक दृश्यों का अवलोकन किया। कार्तिक स्वामी तीर्थ के पुजारी ने छात्रों को इस स्थल के धार्मिक, पौराणिक एवं ऐतिहासिक महत्व की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह तीर्थ भगवान शिव के ज्येष्ठ पुत्र कार्तिकेय को समर्पित है तथा यहां से सूर्योदय और सूर्यास्त का दृश्य अत्यंत मनोहारी दिखाई देता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रदीप सेमवाल ने कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं और उनमें प्रकृति संरक्षण, सांस्कृतिक मूल्यों व अनुशासन की भावना विकसित करते हैं। वहीं छात्रों ने इस यात्रा को ज्ञानवर्धक और अविस्मरणीय अनुभव बताते हुए विद्यालय प्रबंधन व शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रियदीप सिंह नेगी, जसवंत सिंह पुंडीर, दीपक सती, प्रवीण बिष्ट, देव नेगी, प्रियंशी शर्मा, मेदनीधर, रविन्द्र कुमार, पुष्कर सिंह सहित 30 छात्र व 32 छात्राएं उपस्थित रहे।

## विद्यार्थियों ने पीएम के कार्यक्रम परीक्षा पर चर्चा लाइव प्रसारण सुना

**विकासनगर।** एसबी कालेज ऑफ एजुकेशन विकासनगर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम 'परीक्षा पर चर्चा' लाइव आयोजित किया गया जिसमें छात्र छात्राओं एवं शिक्षक बढ़ चढ़कर शामिल हुए। प्रधानमंत्री द्वारा छात्रों को परीक्षा में और परीक्षा से पहले तनाव मुक्त रहने के लिए प्रेरित किया गया। संस्थान की प्राचार्या डा. सुधा वर्मा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों के मनोबल को बढ़ाते हैं एवं छात्रा को तनाव मुक्त परीक्षा के लिए प्रेरित करते हैं। इस मौके पर शिक्षको में प्रियंका कौशिक, जागृति परमार, राखी सोलंकी, महिपाल नेगी, अमित सैनी, हिमाद्री वर्मा, अंजली, कोमल एवं विद्यार्थियों में मनोज, सुमित, भूमिका, माही, अंशुल, निशिता, शांतनु, शिवांगी, अम्बिका, सिद्धार्थ, अंकुश, शिवा, प्रियांशु, अर्पित आदि मौजूद रहे।

**कार्यालय:- नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार (पौड़ी गढवाल)**

पत्रांक 5445/स्वा.अनु./ई-टेण्डर/पी.एम.सी./2025-26 दिनांक 07.02.2026

**विज्ञप्ति**

नगर निगम कोटद्वार द्वारा Appointment of Project Management Consultancy services for Design, Build, Operate, Manage and Transfer of 80 TPD waste processing and disposal Facility at Kotdwar on DBOMT Mode with PPP कार्य हेतु https://uktenders.gov.in पर पुनः ई-निविदा दिनांक 07.02.2025 को प्रकाशित कर आमंत्रित की गई है। जिसका विस्तृत निविदा कार्यक्रम/ तिथियां तथा Request for proposal https://uktenders.gov.in इच्छुक निविदादाताओं द्वारा देखी जा सकती है।

**सहायक नगर आयुक्त**
**नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार**

**कार्यालय नगर पंचायत गंगोत्री उत्तरकाशी**

पत्रांक 763/निर्माण निविदा/2025-26 दिनांक 07.02.2026

**सार्वजनिक निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत गंगोत्री द्वारा तीर्थ धाम गंगोत्री में निम्नलिखित कार्यों हेतु नगर पंचायत गंगोत्री तेखला कार्यालय के सभागार में दिनाक 23.02.2026 को समय प्रातः 10:00 से समय 12:00 बजे अपराहन तक, पंजीकृत ठेकेदारों से, सीलबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। जो कि उसी दिन समय 12:30 बजे / अवकाश की दशा/कारण विशेष के कारण अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। निविदा से सम्बन्धित शर्तें/अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर देखी/प्राप्त की जा सकती है। निविदा के साथ धरोहर राशि के रुप में सी.डी.आर./ एफ.डी.आर. जमा करनी आवश्यक होगी, जो कि आगणन धनराशि का न्यूनतम 3 प्रतिशत होगी, को निविदा के साथ संलग्न करना आवश्यक होगा, कार्य का विवरण निम्न प्रकार से है:-

| क्र. सं. | योजना का नाम | आगणन की धनराशि (रु. लाख) | धरोहर धनराशि (रु.) | निविदा फार्म मूल्य जी.एस.टी. सहित (रू.) | निविदा तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | गंगोत्री धाम में स्टील ब्रिज से मौनी बाबा आश्रम के गेट तक मार्ग मरम्मत का कार्य। | 5.83 | 17,490.00 | 1,180.00 | 23.02.2026 |
| 2. | गंगोत्री धाम में आर्ट गैलरी से जी.एम.वी.एन. तक रास्ते की मरम्मत एवं रेलिंग का कार्य। | 6.03 | 18,090.00 | 1,180.00 | |
| 3. | मुख्य मंदिर मार्ग से गौमुख सम्पर्क मार्गो का मरम्मत कार्य। | 3.68 | 11,040.00 | 590.00 | |
| 4. | गंगोत्री धाम में पुलिस चौकी के पास शौचालय का निर्माण कार्य। | 6.25 | 18,750.00 | 1,180.00 | |
| 5. | भैरवघाटी में स्मार्ट शौचालय का निर्माण कार्य। | 24.82 | 74,460.00 | 2,360.00 | |

**अधिशासी अधिकारी,**
**नगर पंचायत गंगोत्री, उत्तरकाशी**

**प्रभारी अधिकारी,**
**नगर पंचायत गगोत्री, उत्तरकाशी**

# पाणी गांव में माँ भद्रकाली के सानिध्य में ध्याणी– मैती मिलन समारोह

## ध्याणियों ने भद्रकाली को किया सोने का बिजोरा अर्पित

**पुरोला (उत्तरकाशी)।** विकासखंड जनपद के पुरोला के पाणी गांव में भव्य ध्याणी– मैती मिलन समारोह अपने आराध्य देवी माँ भद्रकाली के सानिध्य में सोमवार को शुरू हो गया है।

समारोह रवांई की पारंपरिक रीतिख्ररिवाजों के साथ "ध्याणीख्रमैती मिलन एवं माँ भद्रकाली भेंट सम्मान समारोह" का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान गांव की बेटियों (ध्याणीयों) ने अपने मैती की कुलदेवी माँ भद्रकाली को विशेष भेंट स्वरूप सोने का बिजोरा अर्पित किया, जो माता के झामण व छत्र के मध्य स्थापित किया गया। साथ ही माँ द्रौपती के लिए चांदी की कटोरी, कालका माँ के लिए चांदी का छुरा तथा माँ काली को तलवार भेंट की गई। इस अवसर पर तीन पीढ़ियोंख्रबहनों, भतीजियों एवं बुआओंख्रका भावनात्मक एवं सांस्कृतिक मिलन देखने को मिला, जिससे पूरे गांव में उत्सव और आत्मीयता का वातावरण बना रहा। देव स्नान यात्रा के पश्चात गांव की रियाणियों (बहुओं) द्वारा गांव की ध्याणीयों का पारंपरिक स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम में गांव के सभी दामादों (जवांई) का भी सराहनीय सहयोग रहा। इसके उपरांत रासोख्रतान्दी नृत्य के माध्यम से ग्रामीणों ने सामूहिक सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत कर



कार्यक्रम को उल्लासपूर्ण बना दिया। समारोह में गांव के कुल पुरो. हित शिव प्रसाद सेमवाल, माँ भद्रकाली के माली देव प्रसाद बहुगुणा, पुजारी बुद्धि बहुगुणा, गोपाल सिंह कलूडा, तिलक चंद कलूडा, जयवीर सिंह, त्रेपन सिंह, बिशन सिंह, ग्राम प्रधान जयपाल भारती, प्रदीप कलूडा, मनवीर सिंह, बलवीर सिंह, सुरेंद्र सिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य पूर्णचंद भारती, पूर्व प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य सूर्या लाल, अनमोल सिंह, दीवान सिंह, आजाद सिंह, लोकेन्द्र सिंह, दीपेंद्र सिंह, कलूडा सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने इस आयोजन को पारंपरिक सांस्कृतिक मूल्यों, मैतीख्रध्याणी परंपरा तथा सामाजिक एकता को मजबूत करने वाला बताया।

# निरंतर विकास के पथ पर नैनीताल

- कैंचीधाम बाईपास 15 जून तक पूरा करें
- सतपाल महाराज ने किया 1258.12 लाभ रुपये की 5 योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**भीमताल।** प्रदेश सरकार द्वारा लगातार विभिन्न विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य किया जा रहा है। जनपद नैनीताल निरंतर विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। विकास की इस कड़ी में कैबीनेट मंत्री सतपाल महाराज द्वारा विकास भवन पहुँचकर लोक निर्माण विभाग की 945.99 (नौ करोड़ पैंतालीस लाख निन्यानवे हजार) 4 योजनाओं का शिलान्यास किया गया। जबकि लोक निर्माण विभाग की ही 312.13 (तीन करोड़ बारह लाख तेरह हजार) की एक योजना का लोकार्पण किया गया है। इस प्रकार कुल 1258.12 लाभ रूपये की 5 योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलांयास किया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि प्रदेश में पंचायतों को सशक्त करने के लिए 73वें संविधान संशोधन के तहत 11वीं अनुसूची में वर्णित 29 विषयों के हस्तांतरण के लिए कार्यवाही की जा रही है। इसके साथ ही प्रदेश के समस्त जनपदों में नये पंचायत भवनों का निर्माण एवं पुराने पंचायत भवनों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है।

इस दौरान कैबीनेट मंत्री सतपाल महाराज ने विकास भवन सभागार पहुँचकर जन संवाद किया तथा जनपद में चल रहे विकास कार्यों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने लो. निवि को निर्देश दिए कि कैंची धाम आने वाले श्रद्धालुओं तथा पर्यटकों की यात्रा को सरल, सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए कैंचीधाम बायपास निर्माण कार्य 15 जून तक पूर्ण कर लिया जाये। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये कि बायपास में 75 मीटर स्पान के बन रहे पुल में विलम्ब होने की संभावना होने पर अस्थायी रूप से वैलीब्रिज की व्यवस्था करते हुए



15 जून तक हर हाल में बायपास रोड शुरू कर दिया जाए। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि क्षतिग्रस्त गूलों एवं नहरों की मरम्मत प्राथमिकता के आधार पर की जाये।

साथ ही भीमताल–नौकुचियाताल नहर से अतिक्रमण हटाने के लिए शीघ्रता से कार्यवाही करते हुए जिला प्रशासन के सहयोग से तत्काल अतिक्रमण हटाया जाये। उन्होंने पर्यटन विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि संचालित होम स्टे में स्वच्छ शौचालय हों तथा सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि होम स्टे योजना के अन्तर्गत कमरों की संख्या बढ़ाने की दिशा में सरकार कार्य कर रही है। बैठक में विधायक सरिता आर्य, जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दरम्वाल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट सहित मुख्य विकास अधिकारी अरविन्द कुमार पाण्डे, जिला विकास अधिक. ारी गोपाल गिरी व विभिन्न जनप्रति. निधि मौजूद रहे।

# एसआईटी ने धनंजय पर कसा शिकंजा

- आरोपी के खिलाफ चेक बाउंस के 38 मामले सामने आए
- कई जांच अधिकारी भी सवालों के घेरे में

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड में जमीन धोखाधड़ी के मामलों में माहिर और फरार जालसाज धनंजय गिरी पर शि. कंजा कसने के लिए पुलिस की एसआईटी सक्रिय हो गई है। हाल में पता चला है कि धनंजय के खिलाफ चेक बाउंस के 38 मामले दर्ज हैं, जिनमें से सभी एनआई एक्ट के तहत कोर्ट में विचाराधीन हैं। इसके अलावा, धनंजय पर धोखाधड़ी के 9 और



मुकदमे भी दर्ज हैं। जानकारी के अनुसार बिहार से मजदूरी करने हल्द्वानी आया धनंजय गिरी ने उत्तराखंड में जमीनों की धोखाधड़ी का ऐसा नेटवर्क फैलाया कि कुछ ही समय में वह धन्ना सेठ बन गया। उसने कई लोगों को चेक दिए, लेकिन जब उन चेकों को बैंक में डाला गया, तो वे बाउंस हो गए। यह सिलसिला 38 मामलों तक पहुंच चुका है, और इन मामलों की जांच अब पुलिस की एसआईटी कर रही है, जो एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल के नेतृत्व में काम कर रही है। बता दें कि हाल में आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने उस दरोगा अनिल कुमार को सस्पेंड कर दिया था, जिसे धनंजय को गिरफ्तार करने का जिम्मा सौंपा गया था। इसके अलावा, ऐसे कई जांच अधिकारी भी सवालों के घेरे में हैं, जिन्हें धनंजय के मामलों की जांच सौंपी गई थी। एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि धनंजय फिलहाल पुलिस की पकड़ से दूर है, और वह राजनीतिक संरक्षण में छिपा हुआ है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। पुलिस अब फरार ठेकेदार धनंजय के शस्त्र लाइसेंस और पासपोर्ट के जरिए उसके वास्तविक पते का पता लगाने में जुटी है।

# मामूली बात में दो छात्रों में घमासान

- एक छात्र ने दूसरे छात्र को मारा चाकू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा थानाक्षेत्र में एक घटना सामाने आई है जहां पर आठवीं में पढ़ने वाले दो छात्रों के बीच किसी बात को लेकर घमासान हो गया। देखते ही देखते दोनो छात्रों के बीच विवाद इतना बढ़ गया था कि आठवीं के एक छात्र ने दूसरे छात्र पर चाकू से हमला कर दिया। इस दौरान चाकू से हमला करने वाला छात्र भी घायल हो गया। दोनों घायलों को अस्पताल लाया गया। वहीं पुलिस ने कहा कि इस मामले में अभी कोई तहरीर नहीं मिली है तहरीर मिलने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जायेगी। जानकारी के अनुसार गौलापार निवासी एक छात्र बनभूलपुरा इंटर कालेज में आठवीं का छात्र है। इसी स्कूल में बनभूलपुरा का रहने वाला भी उसी स्कूल में आठवीं का छात्र है। बताया जाता है कि पिछले कुछ दिनों से दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। बताया जा रहा कि सोमवार को स्कूल छूटने के बाद दोनों छात्र स्कूल से बाहर आए तभी फिर दोनो में विवाद हो गया। इसी बीच आठवीं के छात्र ने चाकू से दूसरे छात्र पर हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा कि जिस छात्र ने चाकू से हमला किया था उसकी भी अंगुलियां भी कट गई। इस मारपीट में दोनो छात्र घायल हो गए। घटना को बाद दोनों को बेस अस्पताल लाया गया। इधर बनभूलपुरा थाना प्रभारी दिनेश फर्त्याल ने बताया कि मामले की कोई तहरीर नहीं मिली है तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# विकास को कोर्ट से मिली जमानत

- ईवीसीएल टूर्नामेंट में धोखाधड़ी मामले में पुलिस ने किया था गिरफ्तार
- 11 फरवरी को हाईकोर्ट में दाखिल किया जाएगा रिमांड आर्डर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** ईवीसीएल फ्रॉड के आरोप में जेल में बंद विकास ढाका आखिकार आज चार दिन बाद जमानत मिल गई। एसीजेएम कोर्ट हल्द्वानी ने उसे जमानत दे दी है, और माना जा रहा है कि उसके परवाना पहुंचने के बाद मंगलवार को उसे हल्द्वानी उप कारागार से रिहा कर दिया जाएगा। विकास ने हाईकोर्ट में भी गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका लगाई है। बता दें कि इंदिरा गांधी अंत. रराष्ट्रीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में ईवीसीएल टी–20 क्रिकेट लीग का आयोजन विकास ढाका करा रहा था, जो किसी वजह से रद हो गई। जिसके बाद उत्तराखंड सोल्जर्स की टीम के खरीदार पूर्व विधायक नारायण पाल और यूपी वॉरियर्स हेमंत शर्मा ने लाखों की धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने बीते 6 फरवरी को विकास ढाका को होटल से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया था। जिसके बाद विकास ने अपने अधिवक्ता गौरव कुमार पांडे और सौरभ कुमार पांडे की मदद से एसीजेएम कोर्ट में जमानत याचिका लगाई। 9 फरवरी को कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई की। विकास के अधिवक्ताओं ने बताया कि पुलिस ने एफआईआर में बीएनएस की धारा 318/4 लगाई, जबकि इसका अपराध विकास पर बनता ही नहीं। इस धारा में भी मुक. दमा दर्ज करने के बाद नियमत आरा. `पी को 35ए का नोटिस दिया जाना चाहिए था और यदि गिरफ्तारी जरूरी थी तो उसका ठोस आधार देना आवश्यक था। पुलिस को चाहिए था कि धारा 318/4 लगाते, लेकिन इसके तहत गिरफ्तारी का प्रावधान नहीं था। इसके अलावा कोर्ट को मुकदमा दर्ज करने से पहले गिरफ्तारी, गिरफ्तारी के बाद तहरीर और फिर मुकदमा दर्ज दलील दी गई। इन सभी को देखते हुए कोर्ट ने गिरफ्तारी को अवैध माना और विकास को जमानत दे दी। गौरव और सौरभ ने बताया कि उन्होंने विकास की ओर से हाईकोर्ट में भी ज्यूडीशियल कस्टडी को लेकर याचिका लगाई है। उच्च न्यायालय में रिमांड ऑर्डर मांगा था, जिसे 11 फरवरी को कोर्ट में दाखिल किया जाएगा।

# भैरव चौक में पहाड़ी आर्मी ने दिया सांकेतिक धरना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भैरव चौक में पहाड़ी आर्मी के नगराध्यक्ष भुवन चंद्र पाण्डेय के नेतृत्व में सोमवार को पीड़ित परिवारों के साथ सांकेतिक धरना दिया गया। इस दौरान नगर अध्यक्ष भुवन चंद्र पाण्डेय ने बताया कि कोरोना महामारी के दौरान आग लगने के कारण इन परिवारों के मकान और दुकान को केवल रिपेयर के लिए खाली कराया गया था, लेकिन जमीन और मकान को किसी अन्य पक्ष को बेच दिया गया। वर्तमान में उस जगह पर एक आल. ीशान होटल खड़ा है और नीचे की दुकानें विभिन्न व्यक्तियों को बेची जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवारों ने जिला विकास प्राधिकरण, कुमाऊँ कमिश्नर, तहसील, एसडीएम, और मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाई, और अगस्त 2023 में अतिक्रमण ध्वस्तीकरण का आदेश जारी किया गया था। लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने मांग की कि पूरे अतिक्रमण को ध्वस्त किया जाए और जमीन सरकार के कब्जे में ली जाए, या इसे पहाड़ी लोगों के लिए विश्रामगृह, स्वास्थ्य लाभ केंद्र या अस्पताल के रूप में उपयोग में लाया जाए। उन्होंने चेताया अगर तीन दिन के भीतर कार्रवाई नहीं हुई तो पहाड़ी आर्मी आंदोलन को बाध्य होगी। धरने में प्रदीप रौतेला, कृष्णा आर्या, भुवन चंद्र पाण्डेय, राजेंद्र कांडपाल, कविता जीना मौजूद रहे।

# दमुवाढूंगा में लगा बहुउद्देशीय शिविर

- नशा, भूमि सीमांकन, बिजली, सड़क के मुद्दे उठे
- एडीएम ने अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत दमुवाढूंगा स्थित अम्बेडकर पार्क में सोमवार को आयोजित बहुउद्देश्यीय शिविर में सैकड़ों लोगों ने अपनी समस्याएं दर्ज कराई। शि. विर में कुल 89 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से अधिकांश का निस्तारण



मौके पर ही विभागीय अधिकारियों ने किया। शिविर में सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी बड़ी संख्या में लोगों को दिया गया। क्षेत्रीय लोगों ने युवाओं के नशे की गिरफ्त में आने की समस्या को प्रमुखता से उठाते हुए नशे के खिलाफ विशेष अभियान चलाने की मांग की। शि. विर में पहुंचे अपर जिलाधिकारी विवेक राय ने आम जनता से सीधे संवाद किया और विभागीय अधिक. ारियों के साथ समन्वय कर समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ अभियान में आमजन का सहयोग जरूरी है। इसके लिए पुलिस विभाग व स्वयंसेवी संस्थाओं को नियमित चेकिंग अभियान चलाने तथा नशे में लिप्त लोगों की काउंसलिंग कराने के निर्देश दिए गए। शिविर में भूमि सीमांकन, विद्युत पोल शिफ्टिंग, एडीबी द्वारा सड़क खुदाई के बाद मरम्मत न किए जाने, राशन कार्ड निर्माण, पेयजल आपूर्ति और भूमि विवाद से जुड़ी समस्याएं भी सामने आई। भूमि सीमांकन की शिकायत पर तहसीलदार व राजस्व निरीक्षक को मौके पर निरीक्षण कर समाधान के निर्देश दिए गए। शिविर में 23 विभागों ने स्टॉल लगाकर सेवाएं दी। साथ ही वृद्धावस्था, विधवा व दिव्यांग पेंशन के लिए 13 लोगों को आवेदन पत्र वितरित किए गए। इस दौरान नगर आयुक्त परितोष वर्मा, सचिव जिला विकास प्राधिकरण विजय नाथ शुक्ल, एसडीएम राहुल साह, तहसीलदार कुलदीप पाण्डे सहित विभिन्न विभागों के अधिक. ारी व स्थानीय जनता मौजूद रही।

# डिस्ट्रिब्यूटर, होलसेलर व रिटेल प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे के निर्देशों के क्रम में सोमवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा बागेश्वर नगर क्षेत्र में डिस्ट्रिब्यूटर, होलसेलर एवं रिटेल प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य खाद्य सामग्री की गुणवत्ता, सुरक्षा एवं अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख–रखाव को सुनिश्चित करना रहा। निरीक्षण के दौरान डिस्ट्रिब्यूटर एवं होलसेलरों को खाद्य सामग्री की खरीद, बिक्री एवं आपूर्ति से संबंधित रिकॉर्ड एवं बिल नियमों के अनुरूप व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही एक्सपायर्ड खाद्य सामग्री को पृथक कर सुरक्षित रूप से संग्रहीत करने तथा नियमानुसार निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा गया। संदेह के आधार पर एक खाद्य तेल, दो मसालों एवं एक एनर्जी ड्रिंक के नमूने जांच हेतु लिए गए, जिन्हें राज्य खाद्य एवं औषधि प्रयोगशाला, रुद्रपुर भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने सभी खाद्य कारोबारियों से अपील की है कि वे खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के अंतर्गत खाद्य सामग्री के क्रय–विक्रय एवं भंडारण से संबंधित समस्त अभिलेख निर्धारित मानकों के अनुसार अद्यतन एवं व्यवस्थित रखें, ताकि आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई जा सके।

# एसडीएम की तैनाती न होने पर रोष

- धरने पर बैठे पार्षद रवि जोशी
- समर्थन में विधायक सुमित भी एसडीएम कोर्ट पहुंचे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एसडीएम राहुल शाह के तबादले के कई दिन बीत जाने के बावजूद हल्द्वानी में नए एसडीएम की तैनाती न होने व प्रशासनिक और न्यायिक कार्य ठप होने के साथ ही आम जनता को हो रही परेशानियों को लेकर सोमवार को पार्षद रवि जोशी एसडीएम कोर्ट परिसर में प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए धरने में बैठ गए। धरने में बैठे रवि



जोशी को कांग्रेस विधायक सुमित हृदयेश ने अपना समर्थन देते हुए वह भी एसडीएम कोर्ट के बाहर धरने में बैठ गए। धरनास्थल पर पार्षद रवि जोशी ने कहा कि एसडीएम राहुल शाह के तबादले के कई दिन बीत जाने के बावजूद हल्द्वानी में नए एसडीएम की तैनाती नहीं हो पाई है, जिससे एसडीएम कार्यालय में न्यायिक कार्य पूरी तरह प्रभावित हो गया है। इससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

एसडीएम कोर्ट में लंबित मामलों की सुनवाई नहीं हो पा रही है, जबकि धारा 143 और 229–बी से जुड़े मामले तथा विवाह पंजीकरण जैसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक कार्य भी ठप पड़े हुए हैं। जनता की परेशानी को लेकर वह धरने में बैठे है। पार्षद रवि के धरने का समर्थन करने के लिए शहर विधायक सुमित हृदयेश भी मौके पर पहुंचे। इस दौरान विधायक सुमित हृदयेश ने कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत और जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल से फोन पर वार्ता कर नए एसडीएम की तैनाती शीघ्र करने की मांग की। इस दौरान प्रशास. निक अधिकारियों ने कहा कि एसडीएम की नियुक्ति शासन स्तर से होती है, लेकिन आश्वासन दिया कि बहुत जल्द किसी अधिकारी को एसडीएम का चार्ज सौंप दिया जायेगा। प्रशासनिक अधिकारियों के आश्वासन के बाद पार्षद रवि जोशी ने अपना धरना समाप्त कर दिया।

## हीरानगर में गोल्ज्यू जागर आज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पर्वतीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं के संरक्षण के उद्देश्य से पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच हीरानगर द्वारा कल यानि आज मंगलवार को मंच प्रांगण में गोल्ज्यू की पारंपरिक जागर का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर देव आह्वान के साथ न्याय के देवता गोल्ज्यू की विधिवत पूजा–अर्चना संपन्न की जाएगी। मंच के अध्यक्ष खड़क सिंह बगडवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि यह धार्मिक आयोजन श्रद्धा और आस्था के साथ पारंपरिक रीति–रिवाजों के अनुसार किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि जागर के अगले दिन 11 फरवरी (बुधवार) को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

# जयपुर के लिए एसी स्लीपर बस सेवा शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड परिवहन निगम की काठगोदाम डिपो से जयपुर के लिए एसी स्लीपर बस सेवा सोमवार को शुरू हो गई। बस सेवा का शुभारंभ पंडित गोविंद बल्लभ जोशी ने विधिवत पूजा–अर्चना के बाद किया गया। मंडलीय महाप्रबंधक संचालन पूजा जोशी, सहायक महाप्रबंधक काठगोदाम गणेश चंद पंत और सहायक महाप्रबंधक हल्द्वानी संजय पांडे ने बस संख्या यूके–04 पीए–9190 को हरी झंडी दिखाकर जयपुर को रवाना किया। यह बस हल्द्वानी रोडवेज स्टेशन से प्रतिदिन शाम चार बजे तथा जयपुर के सिंधी कैंप बस स्टेशन से भी शाम चार बजे प्रस्थान करेगी। वर्तमान में बस सेवा की बुकिंग ऑफलाइन शुरू की गई है, जबकि जल्द ही ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा भी शुरू की जाएगी। जयपुर तक सिटिंग सीट का किराया 1077 रुपये तथा स्लीपर सीट का किराया 1300 रुपये निर्धारित किया



गया है। इसके अलावा रुद्रपुर का किराया 106 रुपये, मुरादाबाद 305 रुपये, दिल्ली 730 रुपये, गुरुग्राम 799 रुपये, मानेसर 830 रुपये, बहरोड़ 946 रुपये, कोटपूतली 967 रुपये और पावटा 987 रुपये रखा गया है। स्लीपर सीट के लिए 223 रुपये अतिरिक्त देय होंगे। सहायक महाप्र. बंधक गणेश चंद पंत ने बताया कि पहले दिन बस 12 यात्रियों को लेकर जयपुर के लिए रवाना हुई। बस में चालक तनवीर और सैफ तथा परिच. ालक संदीप बिष्ट तैनात रहे। इस मौके पर उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कमल पपनै, केंद्र प्रभारी काठगोदाम रघुवीर चौधरी, निरंजन लाल, नवीन कोठारी, नवनीत कपिल, अजय शर्मा और मोहन आर्या आदि मौजूद रहे।

## जिलेभर के वकील कल को करेंगे प्रदर्शन

**नैनीताल।** जिला बार एसोसिएशन के महासचिव दीपक रूबाली के मुता. बिक राजस्व अदालतों में चल रही अनियमिताओं के समाधान के लिए प्रशासन की ओर से लिखित रुप में शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं करने के विरोध में 11 फरवरी बुधवार को नैनीताल समेत जिलेभर के अन्य अदालतों के अधिवकता प्रदर्शन करेंगे। रुबाली के मुताबिक मामले में एसोसिएशन ने इस आशय का पत्र कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत को दे दिया गया है।

# मातृभाषा ही हमारी पहचानः विद्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कुमाऊनी भाषा के संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर सौहार्द जन सेवा समिति द्वारा चलाए जा रहे अभियान की श्रृंखला में तीसरे दिन सोमवार को सेंट लॉरेंस स्कूल देवलचौड़ में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्य अनीता जोशी एवं संस्था अध्यक्ष विद्या महतोलिया द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने कुमाऊनी भाषा में सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। कार्यक्रम में कुल 15 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिन्होंने विभिन्न विषयों पर कुमाऊनी भाषा में कविता पाठ एवं भाषण प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। संस्था अध्यक्ष विद्या महतो. लिया ने कहा कि मातृभाषा ही हमारी पहचान है। उन्होंने कहा कि चाहे हम देश या विदेश कहीं भी रहें, अपनी बोली, भाषा, रीति–रिवाज और संस्कृति को कभी नहीं भूलना चाहिए। इसी उद्देश्य से संस्था द्वारा विद्यालयों को माध्यम बनाकर यह अभियान चलाया जा रहा है। प्रतियोगिता में रक्षित पांडेय ने प्रथम, प्रियंशी तिवारी ने द्वितीय तथा वर्तिका भट्ट और उन्नति नोला ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर संस्था अध्यक्ष ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर पुष्पा कांडपाल, नरेंद्र बंगारी, ममता जोशी, नीरजा बोरा, विद्या जोशी, अंजू पांडे, पूर्णिमा पांडे, ममता भट्ट, ईश्वर चंद्र भट्ट, पुनीता पांडे आदि मौजूद रहे।

## लापता दो छात्र गाजियाबाद से बरामद

**हल्द्वानी।** बीते दिनों बनभूलपुरा थानाक्षेत्र से लापता हुए दो छात्रों को पुलिस ने गाजियाबाद में सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस ने दोनो छात्रों को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार बनभूलपुरा थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश फर्त्याल ने बताया कि मोहम्मदी मस्जिद के पास रहने वाले दो छात्र बीते 7 फरवरी को स्कूल जाने के बाद गायब हो गए थे।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरा नाम **MOHAMMAD MOHTASIM** है जिसको बदलकर मैंने अपना नाम **MOHTASEEM** कर लिया है भविष्य में मुझे **MOHTASEEM S/O IKBAL** के नाम से जाना जाये निवासी– 129, बन्हेरा टांडा बन्हेरा टांडा मंगलौर बन्हेरा टांडा डाकघर टोडा बन्हेरा जिला हरिद्वार, उत्तराखंड – 247656.

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई–राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**

**देहरादून कार्यालय 63/9 ई–राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल–9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com


*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# पाकिस्तान-भारत के बीच विश्व कप मैच पर आखिरी फैसला प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ लेंगे



● आईसीसी ने बांग्लादेश की मांगों पर पॉजिटिव जवाब दिया और बीसीबी की शिकायतों को दूर करने के लिए फॉर्मूला तैयार किया

**इस्लामाबाद, वार्ता।** प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ इस बात पर आखिरी फैसला लेंगे कि पाकिस्तान पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 में भारत के मैच का बॉयकॉट जारी रखेगा या नहीं। रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चेयरमैन मोहसिन नकवी आज दिन में बाद में प्रधानमंत्री शहबाज से मिलकर उन्हें इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) के डेलीगेशन के साथ अपनी हालिया बातचीत के बारे में जानकारी देंगे। जियो न्यूज ने सोमवार को बताया कि पाकिस्तान ने बांग्लादेश के साथ एकजुटता दिखाते हुए अपने कट्टर विरोधी भारत के साथ नहीं खेलने के अपने फैसले की घोषणा की है, जिसे सुरक्षा चिताओं के कारण टीम को भारत भेजने से इनकार करने के बाद टूर्नामेंट से हटा दिया गया था। एक दिन पहले,पीसीबी,आईसीसी और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के बीच पांच घंटे से ज्यादा समय तक बातचीत चली, जिसमें नकवी, बीसीबी प्रेसिडेंट अमीनुल इस्लाम बुलबुल और आईसीसी के डिप्टी चेयरमैन इमरान ख्वाजा शामिल हुए थे। जियो न्यूज के मुताबिक, मीटिंग के दौरान आईसीसी ने बांग्लादेश की मांगों पर पॉजिटिव जवाब दिया और बीसीबी की शिकायतों को दूर करने के लिए एक फॉर्मूला तैयार किया गया। आईसीसी और बीसीबी के बीच प्रपोजल का लेन-देन हुआ, जबकि पीसीबी ने बातचीत के दौरान कोऑर्डिनेट करने में अहम भूमिका निभाई। आईसीसी के डिप्टी चीफ ख्वाजा प्रपोजल को फाइनल मंजूरी देने के लिए काउंसिल के हेडक्वार्टर लौट आए हैं, जबकि बुलबुल ढाका में अधिकारियों को जानकारी देने के लिए बांग्लादेश वापस चले गए हैं। एक बार प्रपोज्ड फॉर्मूला फाइनल हो जाने के बाद, आईसीसी और बीसीबी के अधिकारी सोमवार को बाद में फिर से मिलेंगे ताकि अगला कदम तय किया जा सके। बांग्लादेश और भारतीय क्रिकेट बोर्ड के बीच तनाव तब बढ़ गया जब बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफजिुर रहमान को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के निर्देशों के बाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से हटा दिया गया, जिससे ढाका में कड़ी प्रतिक्रिया हुई। इसके बाद, बीसीबी ने आईसीसी से बांग्लादेश के मैच भारत से बाहर कराने की रिक्वेस्ट की, लेकिन रिक्वेस्ट खारिज कर दी गई। बाद में आईसीसी ने टूर्नामेंट में बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड को शामिल किया, यह कहते हुए कि 7 फरवरी को वर्ल्ड कप शुरू होने के इतने करीब शेड्यूल में बदलाव करना प्रैक्टिकल नहीं है। पीसीबी ने इस फैसले पर कड़ी प्रतिक्रिया दी।



## संक्षिप्त खेल समाचार

### केएल राहुल के शतक से कर्नाटक सेमीफाइनल में

**मुंबई, वार्ता।** केएल राहुल (130) और आर स्मरण (नाबाद 83) की शानदार पारियों की बदौलत कर्नाटक ने सोमवार को मुंबई पर चार विकेट से जीत दर्ज कर रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में जगह बना ली। यहां कर्नाटक ने कल के दो विकेट पर 113 रनों से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में कर्नाटक का तीसरा विकेट करुण नायर (13) के रूप में गिरा। उन्हें शार्दुल ठाकुर ने पगबाधा आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए आर स्मरण ने केएल राहुल के साथ चौथे विकेट के लिए 147 रन जोड़कर अपनी टीम की जीत की नींव रखी। इसी दौरान केएल राहुल ने अपना शतक पूरा किया। 58वें ओवर में तुषार ने केएल राहुल को आउट कर पवेलियन भेज दिया।

### जमाल व उनकी टीम ने जीता प्रो. एम

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रोफेशनल जमाल हुसैन और उनकी टीम ने कुतुब गोल्फ कोर्स में डीपी वर्ल्ड प्लेयर्स चैंपियनशिप का प्रो-एम इवेंट जीता। जमाल की टीम में एमेच्योर डा. अनिल कोहली, नीतू अंबानी, निशांत कालिया और राजीव कपूर शामिल थे और उन्होंने 48-5 का स्कोर बनाया। प्रोफेशनल रोहित बैसोया और उनकी टीम जिसमें एमेच्योर कर्नल अनुज चतुर्वेदी, कर्नल आई एस कोहली और जीवेश नागरथ शामिल थे, 48-8 के स्कोर के साथ प्रो-एम में रनर-अप रहे। होल नंबर 6 पर पिन के सबसे करीब पहुंचने का मुकाबला डी पी सिंह ने जीता, जिन्होंने इसे पिन से दो फीट और दो इंच के अंदर उतारा। होल नंबर 10 सुनील बेनीवाल ने जीता, जिन्होंने इसे पिन से चार फीट के अंदर लैंड किया। नीरज ठाकुर ने होल नंबर 13 पर पिन के सबसे करीब पहुंचकर जीत हासिल की, क्योंकि उनका शॉट पिन से चार फीट और पांच इंच के अंदर लैंड हुआ।

## पहले ही मैच में चोटिल हुए इटली के कप्तान वेन मैडसन



**कोलकाता, वार्ता।** इटली के पहले टी-20 विश्व कप अभियान की शुरुआत बेहद दुर्भाग्यपूर्ण अंदाज में हुई है। स्कॉटलैंड के खिलाफ ईडन गार्डन्स में उनके पहले मैच के चौथे ही ओवर में टीम के कप्तान वेन मैडसन के कंधे पर गंभीर चोट आई। मैडसन मिडविकेट पर फील्डिग कर रहे थे।

जॉर्ज मंसी के पुल शॉट को रोकने की कोशिश में उन्हें यह चोट लग गई। वह बाईं ओर डाइव करते हुए गेंद को रोकना चाह रहे थे, लेकिन वह प्रैक्टिस पिच पर गिर गए। इसके तुरंत बाद उन्होंने मेडिकल मदद मांगी। थोड़ी देर बाद वह अपने बाएं हाथ को तौलिए से सहारा देते हुए मैदान से बाहर चले गए। 42 साल के मैडसेन इटली के सबसे अनुभवी क्रिकेटर हैं। वह अपना पहला विश्व कप खेल रहे हैं और उन्हें तुरंत एक्स रे के लिए ले जाया गया। आमतौर पर अगर कंधा डिस्लोकेट होता है तो उससे उबरने में सात से 21 दिन लग सकते हैं, जबकि गंभीर मामलों में इसमें तीन से चार महीने तक का वक्त भी लग सकता है।

## नीदरलैंड्स का मुकाबला नामीबिया से

● पाकिस्तान का सामना आज कोलंबो में यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका से होगा

**नई दिल्ली/कोलंबो, वार्ता।** पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप 2026 मंगलवार को दो ग्रुप ए लीग मैचों के साथ जारी रहेगा। नीदरलैंड्स का मुकाबला सुबह नई दिल्ली में नामीबिया से होगा, जिसके बाद पाकिस्तान का मुक. ाबला शाम को कोलंबो में यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका से होगा।

नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में, नीदरलैंड्स टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज करना चाहेगा, जब वे नामीबिया से भिड़ेंगे। यह मैच भारतीय समयानुसार सुबह 11:00 बजे शुरू होगा। डच टीम को अपने शुरुआती गेम में पाकिस्तान से करीबी हार का सामना करना पड़ा था, जहां 148 रन का बचाव करते हुए डिसिप्लिन्ड बॉलिग परफॉर्मेंस के बावजूद फील्डिंग की चूक महंगी साबित हुई थी। कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स, जिन्होंने उस मैच में 37 रन बनाकर टॉप स्कोर किया था, एक बार फिर नीदरलैंड्स की बैटिग में अहम भूमिका निभाएंगे। ओपनर माइकल लेविट उनके मुख्य अटैकिग ऑप्शन बने हुए हैं, जिन्होंने अपने पिछले सात टी-20 इंटरनेशनल मैचों में 282 रन बनाए हैं और नामीबिया के खिलाफ हाल ही में हुए मैच में यादगार 135 रन बनाए थे। आर्यन दत्त और पॉल वैन मीकेरेन की लीडरशिप वाली बॉलिग यूनिट ने पहले गेम में उम्मीद जगाई थी और बैटिग-फ्रेंडली सरफेस पर उनका फिर से टेस्ट होगा। नामीबिया ने हाल के महीनों में अपने पिछले नौ में से सात मैच जीतकर, लगातार अच्छे नतीजों के बाद अपना वर्ल्ड कप कैंपेन शुरू किया है। स्कॉटलैंड के खिलाफ वार्म-अप गेम में 88 रन बनाने वाले जान फाइलिक और कप्तान गेरहार्ड इरास्मस टीम की रीढ़ हैं। रूबेन ट्रम्पेलमैन और जेजे स्मिट एक ऐसे बॉलिग अटैक को लीड करते हैं जो हाल के मैचों में असरदार रहा है। हालांकि नामीबिया कॉन्फिडेंस के साथ आ रही है, लेकिन हाल के हेड-टू-हेड नतीजों के आधार पर नीदरलैंड्स का पलड़ा थोड़ा भारी है। दिन में बाद में, पाकिस्तान का सामना कोलंबो के सिंहली स्पोर्ट्स क्लब ग्राउंड में यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका से होगा, मैच लोकल टाइम के हिसाब से शाम 7:00 बजे शुरू होगा। पाकिस्तान ने अपने कैंपेन की शुरुआत नीदरलैंड्स पर तीन विकेट से रोमांचक जीत के साथ की, जिसमें फहीम के आखिरी पलों में किए गए प्रहारों की मदद से टीम को जीत मिली।

## सारा बनी अबू धाबी ओपन की रानी

● सारा बेजलेक ने एकातेरिना को 7-6(5), 6-1 से हराकर अबू धाबी ओपन का खिताब जीता

**अबू धाबी, वार्ता।** चेकिया की 20 साल की खिलाड़ी सारा बेजलेक ने एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा को 7-6 (5), 6-1 से हराकर अबू धाबी ओपन का खिताब जीत लिया।

जीत के बाद बेजलेक ने कहा कि मैं आपको बता सकती हूं कि सारा प्रेशर मुझ पर से निकल गया।मैं बस खुश थी - मेरे दिमाग में कुछ नहीं था। मैं बस उस पल का मजा ले रही थी। क्वालिफायर की आठ दिनों के लाइफ-चेंजिंग बवंडर में यह सातवीं जीत थी। पहले सेट के टाईब्रेक में 4-2 से पीछे होने के बाद, बेजलेक ने आखिरी छह में से पांच पॉइंट जीते और दूसरे सेट को एकतरफा अंदाज में जीतकर यह डब्ल्यूटीए 500 टाइटल अपने नाम कर लिया। बेजलेक डब्ल्यूटीए टूर पर अपनी छाप छोड़ने वाली टैलेंटेड चेक महिलाओं की लंबी लाइन में एक और हैं। शुरू में, उनकी रैंकिंग नंबर 101 थी - सोमवार को, वह नंबर 52 पर पहुंच जायेंगी, जो हमवतन बारबोरा क्रेजसिकोवा से एक स्थान आगे है, जो दो बार की ग्रैंड स्लैम सिगल्स चैंपियन हैं। 49 स्थानों की उस छलांग के बारे में बेजलेक ने कहा कि ओह, इसका बहुत मतलब है। लेकिन मुझे पता है कि इसके पीछे वह सारी मेहनत है जो मैंने और टीम ने पिछले कुछ हफ्तों, महीनों, सालों से की है।

## स्कॉटलैंड ने इटली को हराया



● जॉर्ज मंसी ने 84 और ब्रैंडन मक्मलेन की 41 रनों की शानदार पारियों की बदौलत स्कॉटलैंड ने इटली को 73 रनों से हराया

**कोलकाता, वार्ता।** जॉर्ज मंसी (84) और ब्रैंडन मक्मलेन (नाबाद 41) की शानदार पारियों के बाद माइकल लीस्क (नाबाद 22 रन और चार विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत स्कॉटलैंड ने सोमवार को टी-20 विश्वकप में इटली को 73 रनों से हराकर टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की। 208 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इटली की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में जस्टिन मोस्का (शून्य) का विकेट गंवा दिया।

इसके बाद एंथनी मोस्का और जे जे स्मट्स की जोड़ी ने दूसरे विकेट के लिए 31 रन जोड़े। चौथे ओवर में ब्रैडली करी ने जे जे स्मट्स 11 गेंदों में 22 रन को आउटकर पवेलियन भेज दिया। एंथनी मोस्का (13) रन बनाकर आउट हुये। संकट के समय हैरी मनेंटी और बेंजमिन मनेंटी की जोड़ी ने पारी को संभाला। 13वें ओवर में माइकल लीस्क ने हैरी मनेंटी 25 गेंदों में 37 रन को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। अगले ही ओवर में ऑलिवर डेविडसन ने बेंजमिन मनेंटी को आउट कर पवेलियन भेज दिया। बेंजमिन मनेंटी ने 31 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए 52 रन बनाये। इसके बाद स्कॉटलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे इटली के बल्लेबाज नहीं टिक सके और उनकी पूरी टीम 16-4 ओवर में 134 रन पर सिमट गई। स्कॉटलैंड के लिए माइकल लीस्क ने चार विकेट लिए। मार्क वॉट को दो विकेट मिले। ब्रैडली करी, ब्रैड व्हील और ऑलिवर डेविडसन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां टॉस जीतकर इटली ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी स्कॉटलैंड की जॉर्ज मंसी और माइकल जोंस की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 126 रन जोड़े। 14वें ओवर में ग्रांट स्टुअर्ट ने जॉर्ज मंसी को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा।

## राज्यसभा-लोकसभा ने विश्व कप विजेता अंडर-19 टीम को बधाई दी

● राधाकृष्णन ने टीम की उपलब्धि को उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय अंडर-19 टीम ने भारत का मान बढ़ाया

**नई दिल्ली, वार्ता।** राजयसभा और लोकसभा ने सोमवार को अंडर-19 विश्वकप विजेता भारतीय क्रिकेट टीम की सराहना की और उसे भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। यहां राजयसभा में सदन की कार्यवाही शुरू होते ही सभापति सीपी राधाकृष्णन ने टीम की उपलब्धि का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय अंडर-19 क्रिकेट टीम ने जिम्बावव्वे के हरारे में इंग्लैंड को बड़े अंतर से हराकर देश का मान बढ़ाया है।

यह रिकॉर्ड छठी जीत हमारे युवाओं की प्रतिभा और प्रतिबद्धता को दिखाती है। सफलता का श्रेय पूरी टीम को जाता है, खासकर युवा प्रतिभा वैभव सूर्यवंशी की विशेष सराहना करनी होगी जिन्होंने 175 रन बनाये जो अंडर-19 विश्वकप फाइनल में सबसे अधिक है। उन्होंने इस जीत के लिए टीम के सभी सदस्यों, कोच और पूरे सपोर्ट स्टाफ का बधाई देते हुए उनके उजजवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। वहीं लोकसभा में अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन को बताया कि छह फरवरी को अंडर-19 भारतीय क्रिकेट टीम ने विश्व कप जीता है।

## कॉम्प्लान ने युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी को ब्रांड एंबेसडर बनाया



**नई दिल्ली, वार्ता।** जाइडस वेलनेस के न्यूट्रिशनल ड्रिक ब्रांड, कॉम्प्लान ने भारतीय क्रिकेट के होनहार और सबसे कम उम्र के शतकवीर वैभव सूर्यवंशी को अपना नया ब्रांड एंबेसडर बनाया है। बच्चों की न्यूट्रिशन कैटेगरी में ब्रांड की अहमियत को मजबूत करने के लिए एक स्ट्रेटेजिक कदम के तौर पर, इस अपॉइंटमेंट को कॉम्प्लान के नए नेशनल कैंपेन, 'थोड़ा प्लान, थोड़ा कॉम्प्लान' के लॉन्च के साथ सपोर्ट किया गया है।

कॉम्प्लान के इस लंबे समय से चले आ रहे विश्वास को दिखाते हुए कि बच्चों को अपने सपनों को पूरा करने और उन्हें पूरा करने के लिए मजबूत बनाया जाना चाहिए, यह कैंपेन इस विश्वास पर बना है कि रोजाना की प्लानिग, मांओं के लगातार सपोर्ट और सही न्यूट्रिशन पार्टनर से बड़े सपने पूरे होते हैं। वैभव सूर्यवंशी का सफर इसी विश्वास से काफी मिलता-जुलता है। उनका शुरुआती डिसिप्लिन, कड़ी तैयारी और लगातार फोकस दिखाता है कि कैसे स्ट्रक्चर्ड रूटीन, लगातार कोशिश और मांओं के लगातार गाइडेंस से, जिसे पूरे न्यूट्रिशन का सपोर्ट मिलता है, एम्बिशन को आकार मिलता है। जाइडस वेलनेस के सीईओ, तरुण अरोड़ा ने कहा कि कॉम्प्लान में, हमारा मकसद हमेशा से ही संभावनाओं को बढ़ावा देना रहा है। जैसे-जैसे बच्चों के न्यूट्रिशन से उम्मीदें बढ़ रही हैं, हम भरोसेमंद, साइंस पर आधारित समाधानों और तैयारी और अनुशासन पर जोर देने वाले मूल्यों के जरिए परिवारों को सपोर्ट करने पर ध्यान दे रहे हैं। वैभव का सफर इसी सोच को दिखाता है।

## हर्षित की सफल सर्जरी हुई



**बेंगलुरु, वार्ता।** तेज गेंदबाज हर्षित राणा, जो चोट के कारण पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप 2026 से बाहर हो गए थे, ने रविवार को भारतीय क्रिकेट फैंस के लिए राहत की खबर दी, जब उन्होंने बताया कि उनकी सर्जरी सफल रही है। हर्षित ने सोशल मीडिया पर हॉस्पिटल से एक फोटो शेयर की, मुस्कुराते हुए और फैंस को अपनी हालत के बारे में अपडेट करते हुए। युवा पेसर ने कहा कि उनका फोकस अब दो मिशन पर है - जल्दी ठीक होना और टीम इंडिया में वापसी। उनके पॉजटिव अपडेट ने भारतीय कैंप की चिताओं को कम कर दिया है, टीम मैनेजमेंट को उम्मीद है कि वह कॉम्पिटिटिव क्रिकेट में जल्द वापसी करेंगे। भारत के सबसे होनहार तेज गेंदबाजों में से एक माने जाने वाले हर्षित पिछले दो सालों से नेशनल सेटअप में रेगुलर रहे हैं और उन्हें भविष्य का स्टार माना जाता है। हालांकि, मेगा इवेंट शुरू होने से ठीक एक दिन पहले उनके घुटने में चोट लग गई, जिससे वह टूर्नामेंट से बाहर हो गए। यह चोट टी-20 वर्ल्ड कप से पहले दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ प्रैक्टिस मैच के दौरान लगी थी। बॉलिग करते समय, हर्षित को घुटने में तकलीफ हुई, जो तेजी से बिगड़ गई। वह सिर्फ एक ओवर ही कर पाए और मैदान छोड़ने से पहले रन-अप के दौरान दो बार जूझते रहे, उनके घुटने में साफ दर्द था। बाद में मेडिकल जांच से यह कन्फर्म हो गया कि वह टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। उनके हटने के बाद, अनुभवी तेज गें. दबाज मोहम्मद सिराज को भारतीय टीम में उनकी जगह शामिल किया गया। सिराज ने तुरंत असर डाला, यूनाइटेड स्टेट्स के खिलाफ शुरुआती मैच में शानदार प्रदर्शन किया, जहां उन्होंने तीन विकेट लिए और भारत की 29 रन की जीत में अहम भूमिका निभाई।

## सुपर-8 में जगह पक्की करने उतरेंगा न्यूजीलैंड

● न्यूजीलैंड टी-20 विश्व कप के अपने दूसरे मुकाबले में संयुक्त अरब अमीरात से भिड़ेगी



**चेन्नई, वार्ता।** अपने पहले मैच में अफगानिस्तान से 2024 की हार का बदला लेने के बाद, न्यूजीलैंड कल यहां वर्ल्ड कप टी 20 मुकाबले में अपने दूसरे मैच में यूनाइटेड अरब अमीरात (यूएई) से भिड़ेगी, जिससे वह इस ग्रुप ऑफ डेथ में सुपर 8 में अपनी जगह पक्की करने की कोशिश करेगी। दो दिनों के मुकाबलों के नतीजों को देखते हुए, जिसमें कम रैंक वाली टीमों ने पसंदीदा टीमों को कड़ी टक्कर दी, इस इवेंट में एक नया घोड़ा उभर सकता है क्योंकि ब्लैक कैप्स को कल एक और कड़ी विरोधी टीम का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि इसे असमान टीमों के बीच का मुक. ाबला माना जा सकता है, लेकिन कीवी टीम चेपॉक स्टेडियम में अपनी विरोधी टीम यूएई से निश्चित रूप से सावधान रहेगी। जैसा कि सभी कप्तानों ने माना, इस टूर्नामेंट में किसी भी टीम को हल्के में नहीं लिया जा सकता क्योंकि कोई भी टीम उलटफेर करने की काबिलियत रखती है, यह मंत्र सभी पर लागू होता है। इस अहम मैच में, कीवी टीम, जिसने अपने कैंपेन की शुरुआत जीत के साथ की थी, अपने मौके मजबूत करने के लिए बेताब होगी, जिसके लिए टॉप ऑर्डर को अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत है। वे एक बार फिर टिम सीफर्ट से टॉप ऑर्डर में धमाकेदार प्रदर्शन करने की उम्मीद करेंगे, साथ ही फिन एलन और रचिन रवींद्र भी, जो उसी जगह पर अफगानों के खिलाफ गोल्डन डक पर आउट हो गए थे। पेसरों और स्पिनरों से भरी टीम में काफी दम है और वे साफ तौर पर फेवरेट के तौर पर शुरुआत करेंगे, लेकिन मैदान पर उनका प्रदर्शन सबसे ज्यादा मायने रखता है। कीवी टीम शायद उसी टीम को बनाए रखेगी जिसने अफगानिस्तान को पांच विकेट से हराया था और सुपर 8 में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को पूरा करेगी। दूसरी ओर, यूएई एक उभरती हुई टीम है, जिसने इस टूर्नामेंट से पहले फुल मेंबर देशों के खिलाफ हाल ही में कुछ सफलता हासिल की है। वर्ल्ड कप स्टेज पर तीसरी बार वापस आकर, वे 2022 में नामीबिया को हराकर, इस कॉम्पिटिशन में अपनी पिछली अकेली जीत में और इजाफा करने की उम्मीद करेंगे। मुहम्मद वसीम ने उस दिन फिफ्टी बनाई थी और टीम के शानदार बैटर के तौर पर देश की उम्मीदें उन पर टिकी होंगी। उन्होंने पिछले मई में बांग्लादेश पर सरप्राइज सीरीज जीत में शानदार प्रदर्शन किया था, जबकि हैदर अली ने बॉल से शानदार प्रदर्शन किया था। जुनैद सिद्दीकी 2022 स्क्वॉड के सिर्फ तीन बचे हुए खिलाड़ियों में से एक हैं, और यूएई को उम्मीद होगी कि वे अपने ग्रुप राइवल्स की तुलना में अनुभव की इस कमी को दूर कर सकें।

## शूट-ऑफ में मनु से फिसला स्वर्ण, 24 मी. पिस्टल में ईशा को कांस्य

**नई दिल्ली, वार्ता।** एशियन राइफल/पिस्टल चैंपियनशिप 2026 में 25 मीटर महिला पिस्टल के रोमांचक फाइनल में भारत की मनु भाकर स्वर्ण पदक से बेहद करीब रहकर चूक गईं। डा. कर्णी सिंह शूटिग रेंज में खेले गए इस फाइनल में वियतनाम की थुई त्रांग गुयेन ने दो शूट-ऑफ के बाद स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

वहीं, ईशा सिंह ने इस चैंपियनशिप में अपना दूसरा व्यक्तिगत पदक जीतते हुए कांस्य हासिल किया। जूनियर वर्ग में नाम्या कपूर ने एक और बेहद रोमांचक शूट-ऑफ में स्वर्ण पदक जीता, जबकि इसी स्पर्धा में अंजलि भगवत ने कांस्य पदक अपने नाम किया। इसके साथ ही भारत के कुल पदकों की संख्या 60 तक पहुंच गई है, जिसमें 37 स्वर्ण, 13 रजत और 10 कांस्य पदक शामिल हैं। फाइनल में ईशा सिंह ने पहली सीरीज में परफेक्ट पांच शॉट लगाकर शानदार शुरुआत की, जबकि मनु भाकर और थुई त्रांग ने चार-चार शॉट लगाए। तीनों निशानेबाजों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली और हर सीरीज के बाद पदक की स्थिति बदलती रही। भारतीय निशानेबाज लगातार वियतनामी खिलाड़ी पर दबाव बनाए हुए थे, लेकिन छठी सीरीज में गुयेन के परफेक्ट पांच शॉट्स ने उन्हें दो अंकों की बढ़त दिला दी। सातवीं सीरीज में गुयेन के एक शॉट लगाने का फायदा मनु और ईशा ने उठाते हुए अंतर कम कर दिया। आठवीं सीरीज के बाद 30 अंकों के साथ बढ़त पर चल रहीं ईशा सिंह नौवीं सीरीज में सभी शॉट चूक गईं।

# मंत्री देशराज ने किया सड़क का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** विधानसभा क्षेत्र झबरेड़ा के अकबरपुर झोझा गांव में राज्य मंत्री देशराज कर्णवाल द्वारा इंटरलॉकिंग सड़क का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। इस सड़क के निर्माण से जहाँ ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलेगी वहीं अरबी मदरसे की छात्र छात्राओं को काफी लाभ मिलेगा।

जानकारी के अनुसार इस इंटरलौकिंग सड़क का उदघाटन करने से पहले राज्य मंत्री देशराज कर्णवाल का सैंकड़ो ग्रामीणों द्वारा पगड़ी और फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान राज्य मंत्री देशराज कर्णवाल ने कहा कि उत्तराखंड सरकार लगातार विकास कार्यों को आगे बढ़ा रही है प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शहर से लेकर गांव गांव के विकास को लेकर बेहद गंभीर



है गौरतलब है कि पिछले दिनों कीचड़ होने के चलते अरबी मदरसे में जाने वाले बच्चों को इस मार्ग से गुजरने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था जिसके चलते राज्य मंत्री देशराज कर्णवाल ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया था कि जल्द ही सड़क का निर्माण कराया जाएगा आज लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई गई सड़क का राज्य मंत्री देशराज कर्ण वाल द्वारा सड़क का उद्घाटन कराया गया।

वहीं इस दौरान ग्रामीणों में भारी उत्साह था। इस मौके पर कारी मेहताब कारी मुराद भूट्टू प्रधान इकराम प्रधान,तालिब,जमशेद, रहमान, जाबिर राशन डीलर,हाजी जमशेद,हाजी रियासत,डॉक्टर गयूर आदि सैंकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे।

# युवक की ट्रेन से कटकर मौत परिजनों में मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** रायसी बालावाली के बीच एक 26 वर्षीय युवक की ट्रेन से कटने से मौत हो गई जिससे परिजनों में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार लक्सर कोतवाली प्रभारी प्रवीण कोश्यारी ने जानकारी देते हुए बताया 9 फरवरी 2026 को आरपीएफ एफकंट्रोल रूम मुरादाबाद द्वारा सूचना दी गई की रायसी बालावाली के बीच किलोमीटर 1529 खंबा नंबर 7 से 9 के मध्य एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा है। सूचना पर तुरंत ही रायसी पुलिस चौकी प्रभारी नीरज रावत को पुलिस बल के साथ मौके पर भेजा गया पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा एक अज्ञात शव रेलवे लाइन पर पड़ा था जिसके सिर पर काफी चोट लगी थी। उन्होंने बताया शव की सिंनाक्त के प्रयास किए गए तो शव की सीनाक्त सोनू कुमार पुत्र रूडे सिंह निवासी ग्राम नंदपुर थाना लक्सर हरिद्वार उम्र 26 वर्ष के रूप में हुई है। नवयुवक होने के कारण मृतक के शव का पंचनामा की कार्रवाई नहीं की जा सकी। शव को मोर्चरी रुड़की भिजवाया गया है आवश्यक कार्रवाई की जा रही है तथा शांति व्यवस्था कायम है। ऐसा जानकारी में आया है कि मृतक का अपनी पत्नी से छोटी सी बात को लेकर विवाद हुआ जिससे आवेश में आकर उसने ट्रेन के आगे आकर आत्महत्या कर ली।

# आपस में मारपीट करने वाले तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार द्वारा जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखने और असामाजिक तत्वोंझ पर पैनी नजर रखने के लिए पुलिस को निर्देश दिए गए हैं। इन निर्देशों के अनुपालन में, कोतवाली लक्सर पुलिस ने सुल्तानपुर क्षेत्र में कार्रवाई की है। जिसके तहत तीन लोगों को पकडा गया है।

जानकारी के अनुसार दिनांक 09.02.2026 को सुल्तानपुर क्षेत्र में आपसी लड़ाई-झगड़ा कर शांति व्यवस्था को प्रभावित करने वाले 3 व्यक्तियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण: गुलशेर पुत्र गफूर (उम्र 28 वर्ष)अयूब पुत्र याकूब (उम्र 52 वर्षअमन पुत्र सगीर (उम्र 20 वर्ष बताया निवासीगण: मीरावाला मोहल्ला, सुल्तानपुर, कोतवाली लक्सर, हरिद्वार है। पकड़े गए अभियुक्तों के विरुद्ध कोतवाली लक्सर में धारा172 बी0एन0एस0एस0 के तहत कार्यवाही की जा रही है। पुलिसटीम: उ0नि0 नरेन्द्रसिंह, अ0उ0नि0 रंजीत नौटियालका, नि0 सतपाल राणाका, नि0 अरविन्द्र चौहान शामिल रहे। पकड़े गए तीनों व्यक्तियों के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# लंढौरा व झबरेड़ा में स्मार्ट मीटर को लेकर शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा/झबरेडा।** विद्युत वितरण उपखंड लंढौरा के तहत स्मार्ट मीटर शिकायत निवारण एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें मौजूद अधिकारियों ने उपभोक्ताओं की समस्याओं को सुना। तथा स्मार्ट मीटर से होने वाले फायदों की जानकारी दी।

सोमवार को लंढौरा विद्युत उपखंड कार्यालय पर स्मार्ट मीटर शिकायत निवारण और जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर से होने वाले फायदों, ऑनलाइन बिल भुगतान और विद्युत चोरी से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी गई। कैंप का नेतृत्व विद्युत उपखंड अधिकारी गुलशन बुलानी ने करते हुए कहा कि "हर घर स्मार्ट मीटर लगवाना समय की जरूरत है। उपभोक्ता समय से बिल जमा करें और किसी भी प्रकार की समस्या होने पर सीधे लंढौरा उपखंड कार्यालय से संपर्क करें उन्होंने बिजली चोरों के खिलाफ सघन अभियान चलाने व पकड़े जाने पर कार्रवाई की बात भी कही, इस दौरान उपखंड अधिकारी गुलशन बुलानी, अवर अभियंता विनोद कुमार, अवर अभियंता नसीम अहमद, अवर अभियंता संजना, अवर अभियंता परीक्षण शाला दिनेश सिंह, गौरव पुंडीर हैदर अली सहित विधुत उपखंड के सभी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में उपभोक्ता मौजूद रहे।



वहीं विद्युत स्मार्ट मीटर को लेकर झबरेड़ा विद्युत उपखंड परिसर में स्मार्ट मीटर पखवाड़े का आयोजन किया गया जिसमें उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर के विषय में विभिन्न जानकारी दी गई। सोमवार को कस्बा झबरेड़ा स्थित विद्युत उपखंड परिसर में ऊर्जा निगम अधिकारियों द्वारा झबरेडा सब डिवीजन में स्मार्ट मीटर को लेकर स्मार्ट मीटर पखवाड़ा

**❖विद्युत वितरण खण्ड के अधिकारियों ने स्मार्ट की शिकायत निवारण व जागरूकता शिविर में लोगों की समस्याएं सुनी**

का आयोजन किया गया। मीटर एसडीओ रजनीश सैनी और झबरेडा एसडीओ मोहम्मद रिजवान के नेतृत्व में स्मार्ट मीटर पखवाड़े का आयोजन किया गया। जिसमें उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर के फायदे जैसे रियल टाइम मोनिटरिंग,स्मार्ट मीटर मोबाइल ऐप के दैनिक इस्तेमाल से बिजली की बचत आदि के बारे में कैंप के माध्यम से व घर घर जाकर बताया गया। साथ ही एसडीओ रजनीश सैनी ने बताया कि विद्युत स्मार्ट मीटर की जानकारी विस्तृत रूप से उपभोक्ताओं को देने के लिए क्षेत्र के सभी गांव में 09. 02.26 से 23.02.26 तक कैंप लगाए जाएंगे ताकि विद्युत उपभोक्ताओ को स्मार्ट मीटर के बारे में सही जानकारी मिल सके। स्मार्ट मीटर को लेकर लोगों के मन मस्तिष्क में अलग-अलग भ्रांतियां बनी हुई हैं। जिनको दूर करने का काम ऊर्जा निगम के अधिकारियों द्वारा लगातार किया जा रहा है।

## बेटो को गंभीर अपराध में फंसाने की धमकी देकर

# पिता से 6 लाख की साइबर ठगी अज्ञात ठगों के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** थाना क्षेत्र के गुम्मावाला गांव में साइबर ठगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। अज्ञात ठगों ने व्हाट्सएप कॉल के जरिए एक व्यक्ति को उसके बेटे के गंभीर अपराध में फंसे होने का डर दिखाकर करीब छह लाख रुपये की ठगी कर ली।पुलिस ने अज्ञात ठगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पिरान कलियर थाना क्षेत्र के गुम्मावाला गांव निवासी योगेश कुमार सैनी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 3 फरवरी को वह अपने एक मित्र को लेकर जौलीग्रांट अस्पताल गया था। इसी दौरान सुबह करीब 11 बजे उसके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से व्हाट्सएप कॉल आई। कॉल करने वाले ने पहले उसके बेटे प्रतीक सैनी की घबराई हुई आवाज सुनाई और फिर आरोप लगाया कि प्रतीक और उसके दोस्तों ने एक युवती के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या कर दी है।ठग ने स्वयं को प्रभावशाली बताते हुए कहा कि मृतका के पिता हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता हैं और यदि तत्काल पैसे नहीं दिए गए तो बेटे को जेल भेज दिया जाएगा। इस दौरान ठगों ने पीड़ित को बेटे से संपर्क न करने की चेतावनी भी दी। डर और घबराहट में आकर योगेश कुमार ने पहले 50 हजार रुपये गूगल पे के माध्यम से ट्रांसफर किए। इसके बाद अलग-अलग खातों में लगातार रुपये डालने का दबाव बनाया गया।ठगों के झांसे में आकर पीड़ित ने अपने परिचितों से उधार लेकर विभिन्न खातों में कुल मिलाकर लगभग छह लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। बाद में जब उसने अपनी बेटी से संपर्क किया तो पता चला कि उसका बेटा प्रतीक सुरक्षित है और घर पर ही मौजूद है। इसके बाद पूरे मामले का खुलासा हुआ।पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# ढंडेरा में क्रिकेट टूर्नामेंट का सेमीफाइनल मुकाबला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** डबल फाटक मोहनपुरा के नजदीक स्थित मैदान में ढंडेरा स्पोर्ट्स क्लब द्वारा आयोजित ढंडेरा सुपर कप सात दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का सेमीफाइनल मुकाबला रविवार को खेला गया। सेमीफाइनल मैच का शुभारंभ कांग्रेस नेता ने किया किया सेमीफाइनल मुकाबले को देखने के लिए बड़ी संख्या में खेल प्रेमी एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

जानकारी के अनुसार इस अवसर पर टूर्नामेंट के आयोजक एवं संयोजक आकाश मधवाल द्वारा मुख्य अतिथि उदय सिंह पुंडीर को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। आकाश मधवाल ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस टूर्नामेंट का उद्देश्य क्षेत्र के युवाओं को खेल के प्रति प्रेरित करना और उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतर मंच उपलब्ध कराना है। सेमीफाइनल मुकाबले को देखने



के लिए बड़ी संख्या में खेल प्रेमी एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। दर्शकों की मौजूदगी से मैदान में उत्साह, जोश और खेल भावना का वातावरण बना रहा।

## एक वारंटी को किया गिरफ्तार

**झबरेड़ा।** पुलिस द्वारा काफी समय से वांछित चल रहे एक गैर जमानती वारंटी को रविवार रात्रि उसके घर पर दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया गया। थानाध्यक्ष अजय शाह ने बताया कि ग्राम टिकोला कोतवाली मंगलौर निवासी अनुज पुत्र सुरेश काफी समय से गाली गलौज मारपीट व अन्य मामले में काफी समय से फरार चल रहा था। न्यायालय द्वारा गैर जमानती वारंट के साथ-साथ कुर्की वारंट भी जारी कर दिए गए थे। पुलिस द्वारा रविवार रात्रि उक्त के घर पर दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया गया। सोमवार को उक्त वारंटी का चालान करते हुए न्यायालय में पेश किया गया है।

## बाइक चोरी मामले में अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** देर शाम अपने घर वापस जाते समय एक दुकानदार की बाइक दो दिन पूर्व रास्ते में उस समय चोरी हो गई जब वह रास्ते में बाइक खड़ी कर शौच करने लगा था । अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। बताया कि वह झबरेड़ा कस्बा में नए मोबाइल बेचने व रिपेयरिंग की दुकान करता है। रविवार देर शाम जब वह कस्बे से दुकान बंद कर प्रतिदिन की तरह अपने घर मानक पूर आदमपुर जा रहा था तो उसी समय रास्ते में वह सड़क किनारे बाइक खड़ी कर तथा चाबी भी बाइक में ही लगी छोड़कर शौच करने लगा था ।उसी समय किसी अज्ञात के द्वारा बाइक चोरी कर ली गई। थानाध्यक्ष अजय शाह का कहना है कि तहरीर के आधार पर बाइक चोरी की रिपोर्ट अज्ञात के खिलाफ दर्ज कर ली गई है।

## सिविल लाइन कोतवाली पुलिस ने युवक को

# अवैध तमंचा व जिंदा कारतूस के साथ पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सिविल लाइन कोतवाली पुलिस ने युवक को जिंदा कारतूस व्यक्ति के साथ गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली रुड़की पुलिस द्वारा दौराने गश्त नहर पटरी सोनाली पुल तिराह के पास से एक संदिग्ध व्यक्ति आबिद पुत्र यामीन निवासी गांव रासना थाना रोहटा जिला मेरठ उ0प्र0 उम्र करीब 35 वर्ष को पकडा जिसकी तलाशी मे उक्त व्यक्ति से एक अवैध देशी तमंचा व एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ जो रूडकी क्षेत्र मे किसी घटना को अंजाम देने आया। घटना से पहले ही पुलिस ने किया गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध कोतवाली रूडकी पर मु0अ0सं0 35/2026 धारा 25 (1-ख)(क) ।.।ब्ज मे दर्ज किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम आबिद पुत्र यामीन निवासी गांव रासना थाना रोहटा जिला मेरठ उ0प्र0 है। उससे एक देशी तमन्चा (315 बोर) 01 जिन्दा कारतूस बरामद किया।



# अवैध कच्ची शराब के साथ एक नशा तस्कर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया गया है उसके कब्जे से 5 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई है।

प्रवीण कोश्यारी कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा नशीले पदार्थों की अवैध तस्करी बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के लिए पुलिस को निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा 8 फरवरी 2026 को क्षेत्र से एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया गया उसके कब्जे से 5 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम दीपक पुत्र संजय निवासी पंडित पुरी थाना लक्सर बताया उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में हेड कांस्टेबल रविंद्र कुमार कांस्टेबल राजेंद्र सिंह शामिल रहे पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## हड़ताल को लेकर बिजली कर्मचारी संगठनों की बैठक

**रुड़की।** उत्तरांचल बिजली कर्मचारी संघ एटक एवं उत्तराखंड विद्युत संविदा संगठन की एक संयुक्त आवश्यक बैठक अधिकारी-कर्मचारी संयुक्त मोर्चा द्वारा प्रस्तावित हड़ताल के परिप्रेक्ष्य में आयोजित की गई। बैठक नंबर 6 बिजली घर स्थित संगठन कार्यालय में श्री देवेंद्र कुमार शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन दीपक शांडिल्य ने किया। इस दौरान हड़ताल से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए कर्मचारियों से एकजुट रहने का आह्वान किया गया। बैठक में भरत सिंह रावत, कुलदीप शर्मा, विकास गुप्ता, सर्वेश कुमार, दीपक गौनियाल, अंकित सैनी, नरेंद्र कुमार, सत्येंद्र, सचिन चौहान, नाथी राम, रोहित कुमार, सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आंबेडकर समाज कल्याण समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सोमपाल का शपथ ग्रहण समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** इंदिरा बिहार कॉलोनी स्थित आंबेडकर भवन में रविवार को डॉक्टर भीम राव आंबेडकर समाज कल्याण समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सोमपाल सिंह का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समिति के पूर्व अध्यक्ष शीशराम और शिवप्रकाश ने सोमपाल सिंह को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

समारोह की अध्यक्षता ईश्वर सिंह ने की, जबकि संचालन महामंत्री विनोद जयंत ने किया। इस दौरान वक्ताओं ने समाज के उत्थान और संगठन को मजबूत बनाने पर जोर देते हुए नव-निर्वाचित अध्यक्ष को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष सोहनवीर सिंह, प्रेम सिंह, रणवीर गौतम, अंकित बौद्ध, महिपाल सिंह, सत्यपाल सिंह, प्रमोद कुमार, तेलूराम, अनिल कुमार, प्रियांशु, दिनेश कुमार, लक्ष्मी चंद, नंदलाल, नत्थू सिंह, राजबीर सिंह, अजीत सिंह सहित कई सदस्य और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## मशीन देने का झांसा देकर लाखों की ठगी

**रुड़की।** एक उद्यमी से ऑटो पार्ट्स बनाने की मशीन भेजने का झांसा देकर लाखों रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के मानकपुर आदमपुर झबरेड़ा निवासी जीतू कुमार ने पुलिस को बताया कि देवभूमि औद्योगिक क्षेत्र, गांव बंदाखेड़ी में उनकी ऑटो पार्ट्स बनाने की कंपनी है। जनवरी 2024 में उनका संपर्क पुणे के त्रिवेणीनगर, तलवाड़ा रोड, के सुनीर्ल से हुआ था।

## चंद्रशेखर पब्लिक स्कूल में समारोह का आयोजन

# कक्षा 12 के छात्रों को दी भावभीनी विदाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** चंद्रशेखर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में कक्षा 12 के विद्यार्थियों के सम्मान में एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मात्र एक औपचारिक विदाई नहीं, बल्कि भावनाओं का एक सजीव संगम बन गया। बरसों तक जिन कक्षाओं में हँसी गूँजी और जहाँ सपनों ने आकार लिया, आज उन्हीं दीवारों ने अपने प्रिय विद्यार्थियों को नम आँखों और सुनहरे भविष्य की शुभकामनाओं के साथ विदा किया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने भावपूर्ण स्वागत गीत और मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देकर सभी का मन मोह लिया। इन प्रस्तुतियों ने बीते वर्षों के अनगिनत साझा पलों को एक बार फिर जीवंत कर दिया। विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए, तो पूरा सभागार भावुक हो उठा। विदाई के इन क्षणों में शब्द कम पड़ रहे थे, पर हर चेहरा एक नई शुरुआत के आत्मविश्वास से चमक रहा था। समारोह के मुख्य आकर्षण के रूप में विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विभिन्न उपाधियों से सम्मानित किया गया। घ्मिस सीएसपीएस नंदिनी अरोड़ा, घ्मास्टर सीएसपीएस कृष्णा (कॉमर्स), मास्टर इवनिंग मोहम्मद अहमद, मिस इवनिंग अन्नया (कॉमर्स), ऑल राउंडर आदित्य (साइंस), क्रिएटिव जीनियस वंशिका बसीवाल, मोस्ट डिसिप्लिन श्रेया मिश्रा, घ्हाईएस्ट



अटेंडेंस अतुल (कॉमर्स) को पुरस्कृत किया गया। पुरस्कारों की घोषणा के दौरान तालियों की गूँज ने छात्रों के उत्साह को दोगुना कर दिया। घ्प्रबंधक अभिषेक चंद्रा, अध्यक्ष राखी चंद्रा और प्रधानाचार्या पूनम चंद्रा ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया। उन्होंने छात्रों को जीवन की प्रत्येक परीक्षा में ईमानदारी और सच्चाई के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य, अटूट आत्मविश्वास और निरंतर सफलता की कामना करते हुए कहा कि यह विदाई अंत नहीं, बल्कि एक नए अध्याय की सुंदर शुरुआत है।

# कोर्ट के आदेश पर अवैध पटाखों का विनष्टीकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने अवैध रूप से संग्रहित पटाखों का नियमानुसार विनष्टीकरण किया। यह कार्रवाई संभावित दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए पूरी सतर्कता और कानूनी प्रक्रिया के तहत की गई।

थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने बताया कि 09 अक्टूबर को ईमलीखेड़ा क्षेत्र में आबादी के बीच स्थित शुभमपाल पुत्र राधेश्याम के आवास पर पुलिस द्वारा छापेमारी की गई थी। छापेमारी के दौरान बिना किसी वैध लाइसेंस के भारी मात्रा में अवैध पटाखों का भंडारण पाया गया।पुलिस ने तत्काल आरोपी के खिलाफ विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर बरामद विस्फोटक सामग्री को सुरक्षित रूप से मालखाने में जमा कराया। विस्फोटक सामग्री होने के कारण शॉर्ट सर्किट अथवा किसी बड़ी जनहानि की आशंका बनी हुई थी।पुलिस ने पटाखों के विनष्टीकरण हेतु न्यायालय में रिपोर्ट प्रेषित की गई।रिपोर्ट पर संज्ञान लेते हुए कोर्ट ने अवैध पटाखों के तत्काल विनष्टीकरण के आदेश जारी किए



गए। पुलिस ने सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करते हुए निर्धारित मानकों के अनुसार पटाखों का सुरक्षित विनष्टीकरण किया गया है।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# संसद में तमाशा

इस समय संसद का बजट सत्र चल रहा है और मुद्दों की भी कमी नहीं है। तमाम तरह का तमाशा हो रहा है, लेकिन अगर नहीं हो रही है, तो चर्चा नहीं हो रही है। विपक्ष के नेता राहुल गांधी आरोप लगा रहे हैं कि उन्हें सदन में बोलने नहीं दिया जा रहा है। नौवें दिन की स्थिति भी अन्य दिन की तरह ही देखने में आई। केवल 13 मिनट ही लोकसभा चल पाई। दो बार लोकसभा को चलाने की कोशिश की गई, लेकिन यह कोशिश सफल नहीं हो सकी और संसद को सोमवार दो बजे मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। यूं तो संसद में तमाशा होना आम बात होकर रह गई है, लेकिन यह देखकर बेहद पीड़ा होती है कि जहां लोकसभा के भीतर एक स्वस्थ चर्चा होनी चाहिए थी, उसकी जगह अब शोर-शराबा लेता दिखाई दे रहा है और यह प्रवृत्ति समय के साथ-साथ बढ़ती जा रही है। सबसे अजब बात तो यह है कि अब लोकसभा में शब्दों और पदों की भी कोई मर्यादा नहीं रह गई है और छिन्न-भिन्न होती दिखाई दे रही है। हमारे माननीयों को समझना चाहिए कि राजनीति में विचारधारा में मतभेद एक आम बात है लेकिन यह व्यक्तिगत नहीं होने चाहिएं। विपक्ष अगर यह चाहता है कि चीन को लेकर पूर्व सेनाध्यक्ष एमएम नरवणे की किताब पर चर्चा होनी चाहिए, तो वह कहां गलत है। ठीक हाल ही में अमेरिका से एक डील हुई है, जिसका सरकार भी जोर-शोर से प्रचार कर रही है। उस पर चर्चा क्यों नहीं होनी चाहिए। यह देखना भी दिलचस्प रहा कि जब पीएम मोदी को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर अपना संबोधन देना था, तो वह संसद नहीं आए। विपक्ष जहां यह कह रहा है कि वह डर की वजह से नहीं आए, तो वहीं लोकसभा स्पीकर ओम बिडला अजीब ही तर्क देते दिखाई दिए कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसलिए नहीं आए क्योंकि उन पर सदन में हमला हो सकता था। विशेषकर उन्होंने महिला सांसदों का जिक्र किया। सोमवार को 11 कांग्रेसी महिला सांसदों ने लोकसभा स्पीकर को इस संबंध में पत्र भी लिखा। जिसमें उन्होंने कहा कि इस तरह के आरोप लगाकर ओम बिडला ने महिलाओं का अपमान किया है। उन्होंने पत्र में कहा है कि उनका विरोध शांतिपूर्ण, दृढ़ और पूरी तरह लोकतांत्रिक मानदंडों के भीतर था। उनकी सत्यनिष्ठा पर सवाल उठाना हर उस महिला पर गंभीर हमला है जो साहस के साथ जीवन में अपनी पहचान बनाती है। उन्होंने लोकसभा स्पीकर से स्वतंत्र रूप से कार्य करने और लोकसभा की गरिमा बहाल करने का आग्रह किया। सूत्र तो यह भी बताते हैं कि विपक्ष बिडला की टिप्पणी से इतना आहत है कि उनके विरुद्ध महाभियोग ला सकता है। नि:संदेह ऐसी स्थिति किसी भी लोकतांत्रिक देश के लिए आदर्श स्थिति नहीं कही जा सकती। सभी को ध्यान रखना चाहिए कि लोकतंत्र में नैतिकता व मर्यादा बेहद महत्वपूर्ण स्थान रखती है।

## शैडो प्रधानमंत्री होता है विपक्ष का नेता



लोकसभा में विपक्ष को अपनी बात रखने का मौका नहीं दिया जा रहा है, जबकि सत्तापक्ष के सदस्य कुछ भी बोलने के लिए स्वतंत्र है चाहे अपमानजनक टिप्पणी ही क्यों न हो, संसद की नियमावली के अनुसार विपक्ष का नेता शैडो प्रधानमंत्री होता है, लेकिन उन्हें इस सत्र में सदन के अंदर कुछ भी बोलने की अनुमति नहीं दी जाती है, सरकार के लोग कुछ भी कह सकते हैं, सत्तापक्ष के लोग अपमान. जनक टिप्पणी कर सकते हैं, किसी पर हमला कर सकते हैं, लेकिन हमारे गठबधन के दलों के नेताओं को भी अपनी बात नहीं रखने दी जाती है, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने स्वयं कांग्रेस की महिला सांसदों के पर गंभीर आरोप लगाया है, इससे साफ पता चलता है कि विपक्ष के लिए सदन में कोई जगह नहीं है, विपक्ष के नेता हो या विपक्ष के किसी अन्य दल के नेता हो, उन्हें नहीं बोलने दिया जाता है।

**-केसी वेणुगोपाल, संगठन महासचिव, कांग्रेस**

# उत्तर प्रदेश के ब्राह्मणों और मुसलमानों को अपने पक्ष में करने की कवायद





एम हसन

बहुजन समाज पार्टी द्धबीएसपीऋ ने उत्तर प्रदेश में अपनी खोई हुई जमीन वापस पाने के लिए पुरजोर प्रयास शुरू कर दिए हैं। पिछले 20 वर्षों में लगातार चुनावी हार झेलने के बाद, पार्टी नेतृत्व इस बात पर दृढ़ हो गया है कि दलित-ब्राह्मण-मुस्लिम-ओबीसी के व्यापक गठबंधन के बिना 2027 के यूपी विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करना मुश्किल होगा। इसलिए, बीएसपी प्रमुख मायावती 2007 के उस फॉर्मूले को दोहराने की कोशिश कर रही हैं, जिसने पहली बार पार्टी को अपने दम पर सत्ता में पहुंचाया था।

इसी को ध्यान में रखते हुए, अगले साल के चुनावी माहौल को देखते हुए, जिला, विधानसभा क्षेत्रों और अन्य पदाधिकारियों सहित लगभग 3000 पार्टी नेता आज लखनऊ में नेतृत्व से निर्देश लेने के लिए एकत्रित हुए। बीएसपी मुख्यालय में दिन भर चली बैठक के दौरान मायावती ने जमीनी स्तर के नेताओं को तुरंत तैयारियां शुरू करने का निर्देश दिया। मतदाता सूचियों में एसआईआर में काफी बदलावों को देखते हुए, पार्टी ने स्थानीय समितियों का पुनर्गठन करने का निर्णय लिया है।

मायावती ने नेटफ्लिक्स फिल्म घुसखोर पंडित के शीर्षक पर अपनी त्वरित और तीखी प्रतिक्रिया में ब्राह्मण कार्ड का भरपूर इस्तेमाल किया। मायावती, जो आमतौर पर ऐसे मुद्दों पर प्रतिक्रिया देने से बचती हैं, ने शीर्षक की निंदा की और निर्देशक एवं निर्माता के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। हालांकि उत्तर प्रदेश भाजपा सरकार ने भी निर्देशक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर तुरंत कार्रवाई की, लेकिन इस मुद्दे पर मायावती का लहजा बेहद स्पष्ट था। आज के सम्मेलन में मायावती के उत्तराधिकारी आकाश आनंद भी चर्चा का केंद्र थे।

हालांकि, ऐसे समय में जब पार्टी वापसी के लिए अंतिम प्रयास कर रही है, मायावती के इस ब्राह्मण-मुस्लिम कार्ड पर सबकी नजर रहेगी। जहां एक ओर 2007 के ब्राह्मण नेता सतीश चंद्र मिश्रा पार्टी में हैं, वहीं तत्कालीन मुस्लिम नेता नसीमुद्दीन सिद्दीकी पिछले महीने कांग्रेस छोड़ने के बाद किसी और बेहतर अवसर की तलाश में हैं। फिलहाल बसपा के पास उत्तर प्रदेश का कोई ऐसा मुस्लिम चेहरा नहीं है जो उन्हें वापस पार्टी में ला सके। हालांकि उत्तर प्रदेश में ब्राह्मण समुदाय के भाजपा से असंतुष्ट होने की खबरें आ रही हैं, लेकिन क्या वे सचमुच भगवा ब्रिगेड से अलग हो जाएंगे, यह एक विवादास्पद सवाल है। 2007 में राजनीतिक परिस्थितियां बिलकुल अलग थीं, जब यह लामबंदी कारगर साबित हुई थी।

इसी प्रकार, मुस्लिम समुदाय का सपा से बसपा की ओर जाना तभी संभव होगा जब समुदाय को यह आश्वासन दिया जाए कि ब्राह्मी-दलित समुदाय बसपा के पक्ष में एकजुट हो जाएगा। पिछले 12 वर्षों में समुदाय राजनीतिक रूप से हाशिए पर रहा है और सबसे बढ़कर सम्मान और सुरक्षा के लिए संघर्ष कर रहा है। समुदाय में यह प्रबल भावना है कि ए मुद्दे अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, जिन पर किसी भी राजनीतिक दल को ध्यान देना चाहिए जो उनका समर्थन चाहता है।

दलित नेता कांशी राम के मार्गदर्शन में मायावती ने राजनीतिक परिदृश्य में उभरकर 2007 में उत्तर प्रदेश की पहली दलित मुख्यमंत्री का पद अपने दम पर हासिल किया था और उनके सहयोगियों ने उन्हें 2009 के लोकसभा चुनाव में एक मजबूत प्रधानमंत्री पद की उम्मीदवार के रूप में पेश किया था। अब लगभग दो दशक बाद पार्टी की किस्मत में भारी गिरावट आई है। कांशी राम ने सभी समुदायों को मिलाकर एक मजबूत दलित जनाधार बनाया था, लेकिन वर्षों से यह आधार खोता चला गया है। 2007-2012 के बसपा शासनकाल के दौरान यह गिरावट स्पष्ट रूप से देखी गई, जब ष्जाटवष समुदाय पर विशेष राजनी. तिक बल दिया गया, जिससे अन्य समुदाय उनसे अलग हो गए। दलितों का दूसरा सबसे महत्वपूर्ण वर्ग, पासी, इस मुद्दे पर काफी मुखर हो गया था। बसपा के 2007 के कार्यकाल के बाद पार्टी छोड़ने पर मजबूर हुए प्रतिद्वंद्वियों द्वारा कांशी राम की कमाई, मायावती ने गवई (मायावती ने कांशी राम की कमाई बर्बाद कर दी) का नारा अक्सर दो. हराया जाता था।

2009 के आम चुनाव में पार्टी का राष्ट्रीय वोट शेयर 6।2 प्रतिशत था, जो 2014 में घटकर 4।2 प्रतिशत (कोई सीट नहीं मिली), 2019 में समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन में उत्तर प्रदेश की दस सीटों पर जीत के साथ 3।7 प्रतिशत और 2024 में 2.04 प्रतिशत रह गया। 2019 को छोड़कर, पिछले तीन लोकसभा चुनावों में बसपा का किसी अन्य पार्टी के साथ कोई गठबंधन नहीं था। वर्तमान में दलित संगठन के लिए कोई स्पष्ट राष्ट्रीय पहचान न होने के कारण, अगर बसपा को अपने गृह राज्य उत्तर प्रदेश में टिके रहना है तो उसे भाजपा के 41.37 प्रतिशत और सपा के 33.59 प्रतिशत वोट शेयर से मुकाबला करना होगा। उत्तर प्रदेश में 2024 के लोकसभा चुनाव में, जब बसपा ने सभी 80 सीटों पर चुनाव लड़ा था, तो उसका वोट शेयर लगभग 9।24 प्रतिशत था। बसपा की किसी भी सीट पर जीत के विपरीत, नवगठित प्रतिद्वंद्वी दलित संगठन आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश से नगीना लोकसभा सीट पर कब्जा कर लिया। चूंकि शेखर बसपा के वोट बैंक में सेंध लगाने के लिए कुशल प्रयास कर रहे हैं, इसलिए मायावती ने विशेष रूप से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए खंडित दलित वोटों को पुन: प्राप्त करने के लिए एक कार्य योजना तैयार की है।

> मुस्लिम समुदाय का सपा से बसपा की ओर जाना तभी संभव होगा जब समुदाय को यह आश्वासन दिया जाए कि ब्राह्मण-दलित समुदाय बसपा के पक्ष में एकजुट हो जाएगा। पिछले 12 वर्षों में यह समुदाय राजनीतिक रूप से हाशिए पर रहा है और सबसे बढ़कर इसने ष्सम्मान और सुरक्षाष के लिए संघर्ष किया है।

अब बसपा के लिए 2027 के चुनाव करो या मरो की लड़ाई हैं और जमीनी स्तर के नेताओं से आज जीत के लिए काम करने को कहा गया। चूंकि उत्तर प्रदेश में सत्ता हासिल करने के लिए कम से कम तीन या उससे अधिक प्रभावशाली जातियों का गठबंधन जरूरी है, इसलिए बसपा अब दलित-पिछड़ा और मुस्लिम समुदायों के गठबंधन के लिए बेताब है। हालांकि, बसपा अब सभी दलित समुदायों की एकीकृत आवाज नहीं रह गई है और उसे अन्य समुदायों के साथ काम करने से पहले उन्हें एक मंच पर लाना होगा। उत्तर प्रदेश में सत्ता में आने के लिए कम से कम 30 प्रतिशत से अधिक वोट शेयर जरूरी है, बसपा के लिए इस आंकड़े तक पहुंचना 12 प्रतिशत (2022 के नतीजों में) से काफी मुश्किल लग रहा है। भगवा ब्रिगेड को टक्कर देने के इस बड़े लक्ष्य को हासिल करने के लिए उसे मजबूत स्थिति में मौजूद सपा को दूसरे पायदान से हटाना होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# और अधिक गर्म होती धरती, लंबे होते पक्षियों के पैर

**इसे जानने के लिए डीकिन विवि. की वैकासिक पारिस्थितिकीविद एलेक्जेंड्रा मैकक्वीन ने प्राकृतिक आवासों में पक्षियों की ऊष्मीय तस्वीरें लीं। ऊष्मा ( अवरक्त ) कैमरे की मदद से उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई वुड डक, बनफ्शी कीचमुर्गी और बेमिसाल परी-पिद्दी सहित कई पक्षी प्रजातियों की तस्वीरें लीं। तुलना के लिए उन्होंने हवा की गति, तापमान, आद्रता और सौर विकिरण भी मापा ताकि पक्षियों के शरीर की बाहरी सतह के तापमान की गणना कर सकें।**

पक्षियों के रोएंदार पंख उनके शरीर की ऊष्मा बिखरने नहीं देते और उन्हें गर्म बनाए रखते हैं। दूसरी ओर, चोंच उन्हें ठंडा रखती है, जब शरीर बहुत अधिक गर्म हो जाता है तो चोंच से ही ऊष्मा बाहर निकालती है, लेकिन जब ज्यादा संवेदी ताप नियंत्रक की जरूरत होती है, तो वे अपनी टांगों से काम लेते हैं। ऑस्ट्रेलिया में चौदह पक्षी प्रजातियों पर किए गए अध्ययन में पता चला है कि पक्षी अपने पैरों में रक्त प्रवाह को कम-ज्यादा करके शरीर की गर्मी को कम-ज्यादा बिखेर सकते हैं। पक्षियों के शीतलक यानी उनकी चोंच और पैर में बेशुमार रक्तवाहिकाएं होती हैं और ए कुचालक पंखों से ढंकी नहीं होती हैं। इससे उन्हें गर्मी बढ़ने पर शरीर का तापमान कम करने में मदद मिलती है। इसलिए तोतों और उष्णकटिबंधीय जलवायु में रहने वाले अन्य पक्षियों की चोंच बड़ी और टांगें लंबी होती हैं, लेकिन पक्षियों में ताप नियंत्रण से जुड़ी अधिकतर जानकारी प्रयोगशाला अध्ययनों पर आधारित थीं। सवाल था कि क्या प्राकृतिक परिस्थिति में यही बात लागू होती है? इसे जानने के लिए डीकिन विश्वविद्यालय की वैकासिक पारिस्थितिकीविद एलेक्जेंड्रा मैकक्वीन ने प्राकृतिक आवासों में पक्षियों की ऊष्मीय तस्वीरें लीं। ऊष्मा (अवरक्त) कैमरे की मदद से उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई वुड डक, बनफ्शी कीचमुर्गी Porphyrio porphyrio और बेमिसाल परी-पिद्दी Malurus cyaneus सहित कई पक्षी प्रजातियों की तस्वीरें लीं। तुलना के लिए उन्होंने हवा की गति, तापमान, आर्द्रता और सौर विकिरण भी मापा ताकि पक्षियों के शरीर की बाहरी सतह के तापमान की गणना कर सकें। गर्मियों में, जब बाहर का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक होता है तो पक्षी शरीर की अतिरिक्त गर्मी को निकालने के लिए अपनी चोंच और टांगों दोनों का उपयोग करते हैं। सर्दियों में, जब बाहर का तापमान कम होता है, कभी-कभी 2.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है, तो पक्षियों की चोंच तो गर्मी छोड़ती रहती है, लेकिन उनकी टांगें ऊष्मा बिखेरना बंद कर देती हैं। उनके पैर ठंडे थे यानी उन्होंने पैरों में रक्त प्रवाह रोक (या बहुत कम कर) दिया था ताकि ऊष्मा का ह्रास कम रहे। बायोलॉजी लैटर्स में प्रकाशित यह निष्कर्ष ठीक ही लगते हैं, क्योंकि पक्षियों का अपनी चोंच की रक्त वाहिकाओं पर नियंत्रण कम होता है, क्योंकि चोंच उनके मस्तिष्क के करीब होती है जहां निरंतर रक्त प्रवाह जरूरी है। बहरहाल इस अध्ययन से यह समझने में मदद मिलती है कि ठंडी जलवायु में रहने वाले पक्षियों की चोंच छोटी क्यों होती है। साथ ही अनुमान है कि जैसे-जैसे वैश्विक तापमान बढ़ता जाएगा और पृथ्वी गर्म होती जाएगी तो संभव है कि वर्ष में बहुत अलग-अलग तापमान झेल रही पक्षी प्रजातियों की टांगें लंबी होती जाएंगी, जिनके रक्त प्रवाह और ऊष्मा के संतुलन पर पक्षी का अधिक नियंत्रण होता है। फिलहाल उम्मीद है कि इस तरह के और भी अध्ययनों से यह बेहतर ढंग से समझने में मदद मिलेगी कि दुनिया भर के पक्षी जलवायु परिवर्तन से कैसे निपटेंगे।



# शहरी विकास : पुरातन और आधुनिकता में संघर्ष



विनीत नारायण

काशी के मणिकर्णिका घाट को लेकर उपजे विवाद ने एक बार फिर इस प्रश्न को देश के सामने खड़ा कर दिया है कि हमारी प्राचीन धरोहरों को हानि पहुंचाए बिना शहरों का आधुनिकरण कैसे किया जाए? यह प्रश्न भारत के धार्मिक नगरों में चल रहे शहरी विकास कार्यों के संदर्भ में और भी ज्वलंत हो गया है।

धर्मनगरियों व ऐतिहासिक भवनों का जीर्णोद्धार या सौन्दईकरण एक बहुत ही जटिल प्रक्रिया है। जटिल इसलिए कि चुनौतियां अनंत है। लोगों की धार्मिक भावनाएं, पुरोहित समाज के पैतृक अधिकार, वहां आने वाले आम आदमी से अति धनी लोगों तक की अपेक्षाओं को पूरा करना, सीमित स्थान और संसाधनों के बीच व्यापक व्यवस्थाऐं करना, इन नगरों की कानून व्यवस्था और तीर्थयात्रियों की सुरक्षा को सुनिश्चति करना। इस सबके लिए जिस अनुभव, कलात्मक अभिरूचि व आध्यात्मिक चेतना की आवश्यक्ता होती है, प्राय: उसका प्रशासनिक व्यवस्था में अभाव होता है। सड़क, खड़जे, नालियां, फ्लाई ओवर जैसी आधारभूत संरचनाओं के निर्माण का अनुभव रखने वाला प्रशासन तंत्र इन नगरों के जीर्णोद्धार और सौन्दईकरण में वो बात नहीं ला सकता, जो इन्हें विश्वस्तरीय तीर्थस्थल बना दे। कारण यह है कि सड़क, खड़जे की मानसिकता से टैंडर निकालने वाले, डीपीआर बनाने वाले और ठेके देने वाले, इस दायरे के बाहर सोच ही नहीं पाते। अगर सोच पाते होते तो आज तक इन शहरों में कुछ कर दिखाते। पिछले इतने दशकों में इन धर्मनगरियों में विकास प्राधिकरणों ने क्या एक भी इमारत ऐसी बनाई है, जिसे देखा-दिखाया जा सके? क्या इन प्राधिकरणों ने शहरों की वास्तुकला को आगे बढ़ाया है या इन पुरातन शहरों में दियासलाई के डिब्बों जैसे भवन खड़े कर दिए हैं। नतीजतन ये सांस्कृतिक स्थल अपनी पहचान तेजी से खोते जा रहे हैं।



माना कि विकास की प्रक्रिया को रोका नहीं जा सकता। बढ़ती आबादी की मांग को भी पूरा करना होता है। मकान, दुकान, बाजार भी बनाने होते हैं, पर पुरातन नगरों की आत्मा को मारकर नहीं। अंदर से भवन कितना ही आधुनिक क्यों न हो, बाहर से उसका स्वरूप, उस शहर की वास्तुकला की पहचान को प्रदर्शित करने वाला होना चाहिए। भूटान एक ऐसा देश है, जहां एक भी भवन भूटान की बौद्ध संस्कृति के विप. रीत नहीं बनाया जा सकता। चाहे होटल, दफ्तर या दुकान कुछ भी हो। सबके खिड़की, दरवाजे और छज्जे बुद्ध विहारों के सांस्कृतिक स्वरूप को दर्शाते हैं। इससे न सिर्फ कलात्मकता बनीं रहती है, बल्कि ए और भी ज्यादा आकर्षक लगते हैं। दुनिया के तमाम पर्यटन वाले नगर, इस बात का विशेष ध्यान रखते हैं। जबकि भारत में आज भी पुराने ढर्रे से सोचा और किया जा रहा है। फिर कैसे सुधरेगा इन पुरातन नगरों का स्वरूप? विकास की प्रक्रिया में जहां एक तरफ रचनात्मक सोच और कलात्मक दृष्टि का अभाव स्पष्ट दिखाई देता है वहीं भ्रष्टाचार भी अन्य क्षेत्रों की तरह स्थिति को बिगाड़ने में बड़ी भूमिका निभाता है। शहरी विकास की प्रक्रिया में दो तरह का भ्रष्टाचार होता है, 'करप्शन ऑफ डिजाईन' व 'करप्शन ऑफ इम्पलीमेंटेशन'। यानि नक्शे बनाने में भ्रष्टाचार और निर्माण करने में भ्रष्टाचार। निर्माण का भ्रष्टाचार तो भारतव्यापी है। बिना कमीशन लिए कोई सरकारी आदमी कागज बढ़ाना नहीं चाहता। पर डिजाईन का भ्रष्टाचार तो और भी गंभीर है। यानि तीर्थस्थलों के विकास की योजनाऐं बनाने में ही अगर सही समझ और अनुभवी लोगों की मदद नहीं ली जाएगी और उद्देश्य अवैध धन कमाना होगा, तो योजनाऐं ही नाहक महत्वाकांक्षी बनाई जाएंगी। गलत लोगों से नक्शे बनावाए जाएंगे और सत्ता के मद में डंडे के जोर पर योजनाऐं लागू करवाई जाएंगी। नतीजतन धर्मक्षेत्रों का विनाश होगा, विकास नहीं। पिछले तीन दशकों में, इस तरह कितना व्यापक विनाश धर्मक्षेत्रों का किया गया है कि उसके दर्जनों उदाहरण दिए जा सकते हैं। फिर भी अनुभव से कुछ सीखा नहीं जा रहा। सारे निर्णय पुराने ढर्रे पर ही लिए जा रहे हैं, तो कैसे सजेंगी हमारी धर्मनगरियां? पिछले 24 वर्षों से मैं ब्रज में धरोहरों के जीर्णोद्धार और संरक्षण में जुटा हूं और इसी चिंता में घुलता जा रहा हूं। शोर मचाओ तो लोगों को बुरा लगता है और चुप होकर बैठो तो दम घुटता है कि अपनी आंखों के सामने, अपनी धार्मिक विरासत का विनाश कैसे हो जाने दें? जब से केंद्र में भाजपा की सरकार आई है, तब से धर्मक्षेत्रों का विकास राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का भी उद्देश्य रहा है, इसलिए संघ नेतृत्व को चाहिए कि धर्मक्षेत्रों के विकास पर स्पष्ट नीति निधार्रित करने के लिए अनुभवी और चुने हुए लोगों की राष्ट्रीय और क्षेत्रीय गोष्ठी बुलाए और उनकी राय लेकर नीति निर्धारण में सकारात्मक योगदान करे। पर इस विषय को राजनीति से अलग रखा जाए। क्योंकि धरोहर किसी एक दल के सत्ता में रहने या न रहने से अपना स्वरूप नहीं बदलती। उनका अस्तित्व सदियों से है और सदियों तक रहेगा। इसलिए धरोहरों के संरक्षण में जुटे लोगों और विशेषज्ञों के प्रति राग द्वेष की भावना से अलग हटकर केवल धरोहरों के हित में ही निर्णय लिए जाएं। नीतियों में क्रांतिकारी परिवर्तन किए बिना, वांछित सुधार आना असंभव है। फिर तो वही होगा कि 'चौबे जी गए छब्बे बनने और दूबे बनके लौटे'। पर इसमें भी एक खतरा है। क्योंकि जब कभी सरकारी स्तर पर ऐसा विचार-विमर्श करना होना होता है, तो निहित स्वार्थ सार्थक विचारों को दबवाने के लिए या उनका विरोध करवाने के लिए, सत्ता के दलालनुमा लोगों को विशेषज्ञ या समाजसेवी बताकर इन बैठकों में बुला लेते हैं और सही बात को आगे नहीं बढ़ने देते।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# एपस्टीन फाइल्स: 10 देशों में इस्तीफे, 80 ताकतवर लोगों की जांच

## अमेरिका से यूरोप तक असर, राजनेताओं-अरबपतियों और शाही परिवारों तक फैली जांच

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़े सीक्रेट दस्तावेज सामने आते ही दुनिया भर में हड़कंप मच गया है। अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट ने करीब 30 लाख पेज के डॉक्यूमेंट्स 30 जनवरी को जारी किए हैं। इसके बाद 10 देशों में 15 से ज्यादा बड़े अधिकारियों को पद छोड़ना पड़ा है। 80 से ज्यादा ताकतवर लोगों पर जांच चल रही है।

इन फाइलों में नेता, राजदूत, अरबपति और शाही परिवारों के नाम शामिल हैं। ईमेल, फ्लाइट लॉग और संपर्क रिकॉर्ड में 700 से 1000 असरदार लोगों का जिक्र है। कई मामलों में नाबालिग लड़कियों के यौन शोषण के आरोप भी हैं। दस्तावेजों में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन और हिलेरी क्लिंटन जैसे हाई-प्रोफाइल नाम अलग-अलग संदर्भों में सामने आए हैं। एपस्टीन खुलासे के बाद सबसे ज्यादा हड़कंप यूरोप में है। करीब 10 देशों में इस्तीफों का दौर शुरू हो गया है। सबसे ज्यादा ब्रिटेन में 3 अधिकारियों को पद छोड़ना पड़ा। पूर्व राजदूत पीटर मैंडेलसन, सलाहकार एडम पेरी और पीएम कीर स्टार्मर के चीफ ऑफ स्टाफ मॉर्गन मैकस्वीनी ने इस्तीफा दिया। स्लोवाकिया में पूर्व विदेश मंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मीरोस्लाव लाइचाक ने 300 से अधिक ईमेल और आपत्तिजनक चौट सामने आने पर इस्तीफा दिया। स्वीडन की सीनियर डिप्लोमेट जोआना रुबिनस्टीन ने पद छोड़ा। नॉर्वे की राजदूत मोना जूल, अमे. रिका में लेबर मिनिस्टर एलेक्स एकोस्टा और एमआईटी लैब प्रमुख जोइची इतो ने इस्तीफा दिया। एपस्टीन फाइल्स कई देशों की सरकारों के लिए कूटनीतिक और राजनीतिक शर्मिंदगी का कारण बन गईं। ब्रिटिश पीएम स्टार्मर को माफी मांगनी पड़ी, जबकि प्रिंस एंड्रयू के खिलाफ ब्रिटिश पुलिस ने नई फाइलों के आधार पर 'फेश रिव्यू' शुरू किया। नॉर्वे में राजदूत मोना जुएल को निलंबित किया गया और पूर्व पीएम थोरबजॉर्न जगलैंड के खिलाफ भ्रष्टाचार जांच शुरू हुई। सीनियर डिप्लोमेट तेर्झे रोड-लार्सन पर भी जांच चल रही है। फ्रांस में पूर्व मंत्री जैक लैंग को आधिक. ारिक समन जारी हुआ। पोलैंड, लातविया और तुर्की ने मानव तस्करी के साथ आधिकारिक साठगांठ की जांच के लिए स्पेशल टीमें बनाईं। जस्टिस डिपार्टमेंट की तरफ से जारी तस्वीर में प्रिंस एंड्रयू एक महिला के ऊपर घुटनों के बल झुके हुए दिखते हैं। कुछ बड़े नाम सामने आने के बाद उन्हें और उनके परिवारों को सार्वजनिक रूप से माफी या अफसोस जताना पड़ा। नॉर्वे की क्राउन प्रिंसेस मेटे-मारिट के ईमेल और संवाद सामने आने पर राजशाही स्तर की संस्थागत समीक्षा हुई और उन्होंने सार्वजनिक माफी मांगी। माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने एपस्टीन से मुलाकातों और संवाद पर अफसोस जताया तथा फाउंडेशन के बोर्ड से इस्तीफा दिया। इजरायल के पूर्व पीएम एहुद बराक का नाम न्यूयॉर्क में एपस्टीन के अपार्टमेंट में ठहरने और बैठकों के रिकॉर्ड में आया, जिसके बाद उन्हें सफाई देनी पड़ी।



■ एपस्टीन खुलासे के बाद सबसे ज्यादा हड़कंप यूरोप में है, करीब 10 देशों में इस्तीफों का दौर शुरू हो गया है

### एपस्टीन फाइल्स में जुकरबर्ग-मस्क की तस्वीर

**लंदन।** एपस्टीन फाइल्स में टेस्ला के मालिक इलॉन मस्क और मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग की तस्वीर सामने आई है। इस तस्वीर में सिलिकॉन वैली के बड़े टेक दिग्गज साथ में डिनर करते नजर आ रहे हैं। इसमें पेपाल के को-फाउंडर पीटर थील और एमआईटी मीडिया लैब के पूर्व डायरेक्टर जोई इतो भी दिख रहे हैं। यह फोटो साल 2015 की बताई जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह वही डिनर पार्टी है, जिसे यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन ने 'वाइल्ड डिनर' कहा था। एपस्टीन ने यह तस्वीर अगस्त 2015 में खुद को ईमेल की थी और इसे फ्रेम कराकर अपने न्यूयॉर्क स्थित अपार्टमेंट में लगा रखा था। अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट ने 30 जनवरी को एपस्टीन फाइल्स के 30 लाख दस्तावेज सार्वजनिक किए थे, जिसके बाद से इस मामले में लगातार नए खुलासे हो रहे हैं। जस्टिस डिपार्टमेंट की फाइलों के मुताबिक, 2 अगस्त 2015 को एपस्टीन ने अपने दोस्त पीटर एटिया को ईमेल भेजकर लिखा था कि उस रात एलन मस्क, पीटर थील और मार्क जुकरबर्ग के साथ डिनर है।

### पुतिन से नजदीकी बढ़ाना चाहता था यौन अपराधी एपस्टीन

**वॉशिंगटन।** अमेरिका जस्टिस डिपार्टमेंट (डीओजे) के नए दस्तावेजों से खुलासा हुआ है कि यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के करीब जाने की कोशिश कर रहा था। एपस्टीन ने कई मौकों पर पुतिन और उनके करीबी अधिकारियों तक पहुंच बनाने के प्रयास किए। एपस्टीन 2018 में रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के जरिए पुतिन तक अपनी बात पहुंचाना चाहता था। उसने इसके लिए नॉर्वे के पूर्व पीएम थॉर्बजॉर्न यागलैंड से संपर्क किया था। जून 2018 के एक ईमेल में एपस्टीन ने नॉर्वे के पूर्व पीएम थोर्ब्योर्न यागलैंड से कहा था कि वह पुतिन को यह सुझाव दें कि रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव उससे बातचीत करें। दस्तावेजों के मुताबिक, एपस्टीन खुद को एक ऐसे प्रभावशाली व्यक्ति के तौर पर पेश कर रहा था, जो अंतर्राष्ट्रीय राजनीति और निवेश जैसे मुद्दों पर रूस की मदद कर सकता है।

### एपस्टीन से संपर्क के खुलासा: जॉर्डन में नॉर्वे की राजदूत ने दिया इस्तीफा

**ओस्लो।** नॉर्वे की जॉर्डन में राजदूत तथा इराक के लिए भी मान्यता प्राप्त मोना जूल ने अमेरिकी यौन अपराधी जेफ्री एप्स्टीन के साथ संपर्कों से जुड़े खुलासों के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। नॉर्वे के विदेश मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। विदेश मंत्री एस्पेन बार्थ आइडे ने जूल के इस्तीफे को 'सही और आवश्यक' बताते हुए कहा कि दोषसिद्ध यौन अपराधी के साथ उनका संपर्क 'गंभीर निर्णयात्मक चूक' को दर्शाता है और इससे इस पद के लिए आवश्यक भरोसे के स्तर को बहाल करना कठिन हो गया था। मंत्रालय के अनुसार, जूल को पिछले सप्ताह उनके कार्य दायित्वों से मुक्त कर दिया गया था, जबकि मंत्रालय उनके एप्स्टीन से संबंधों और संपर्कों की समीक्षा कर रहा था। मंत्रालय ने कहा कि जूल के इस्तीफे के बाद भी आंतरिक जांच जारी रहेगी, जिसमें सेवा के दौरान और सेवा से बाहर राज्य कर्मचारियों एवं अधिकारियों पर लागू नियमों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### थाईलैंड: अनुतिन चर्नविराकुल ने किया चुनाव जीतने का ऐलान

**बैंकॉक।** थाईलैंड के कार्यवाहक प्रधानमंत्री और भुमजैथाई पार्टी के नेता अनुतिन चर्नविराकुल ने कहा है कि उनकी पार्टी ने थाईलैंड के संसदीय चुनाव जीत लिये हैं। चर्नविराकुल ने रविवार को एक संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा करते हुए कहा कि यह पूरे देश की जीत है। चुनाव आयोग द्वारा 87 प्रतिशत बैलेट गिने जाने तक भुमजैथाई पार्टी ने बहुमत हासिल कर ली। पीपल्स पार्टी दूसरे स्थान पर रही जबकि फ्यू थाई पार्टी तीसरे स्थान पर रही।

### उत्तरी नाइजीरिया में सड़क दुर्घटना में 30 लोगों की मौत

**अबूजा।** उत्तरी नाइजीरिया में बड़े पैमाने पर हुए सड़क हादसे में कम से कम 30 लोगों की मौ हो गई। यह जानकारी डेली पोस्ट अखबार ने रविवार को स्थानीय अधिकारियों के हवाले से दी। रिपोर्ट के अनुसार, यह घटना देश के दूसरे सबसे बड़े राज्य कानो में घटी। कई लोग घायल हो गए। अखबार ने दुर्घटना का कारण लापरवाही से वाहन चलाना बताया है। खबरों के अनुसार, राज्य के राज्यपाल अल्हाजी यूसुफ ने पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है।

### तुर्की में एक टन से ज्यादा नशीले पदार्थ जब्त, 144 तस्कर गिरफ्तार

**इस्तांबुल।** तुर्की के गृह मंत्री अली येरलिकाया ने सोमवार को घोषणा की कि तुर्की पुलिस ने पिछले 10 दिनों में देश भर में चलाये गये अभियानों में 1.24 टन नशीले पदार्थ जब्त किए हैं और नशीली दवाओं की तस्करी करने वाले 144 संदिग्धों को हिरासत में लिया है। येरलिकाया ने एक्स पर एक बयान में कहा कि इन छापों के दौरान पुलिस ने 18.3 लाख नशे की गोलियां भी जब्त कीं।

# ट्रेड डील में भारत को मिली बड़ी राहत

## भारत को 25 प्रतिशत पेनल्टी टैरिफ वापस करेगा अमेरिका

**नई दिल्ली।** अमेरिका के साथ हुई ट्रेड डील में भारत को एक बड़ी राहत मिली है। अमे. रिकी प्रशासन ने न सिर्फ टैरिफ दर को 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत किया है, बल्कि रूस से तेल इम्पोर्ट के कारण पेनल्टी के रूप में लगाए गए 25 प्रतिशत टैरिफ को वापस करने का भी फैसला लिया है।

इस फैसले से भारतीय कारोबारियों को 40 हजार करोड़ की राहत मिलने की उम्मीद है। व्हाइट हाउस से जारी आधिकारिक जानकारी के अनुसार 27 अगस्त 2025 से लेकर 6 फरवरी 2026 के बीच अमेरिका द्वारा किए गए जिन इम्पोर्ट पर यह पेनल्टी लगी थी, उनका रिफंड दिया जाएगा। यह रिफंड अमेरिका के कस्टम्स एंड बॉर्डर प्रोटेक्शन कानून के तहत जारी किया जाएगा। भारतीय निर्यातकों को कितना रिफंड मिलेगा, ये अभी तय नहीं है। क्योंकि रिफंड की राशि अमेरिकी इम्पोर्टर को दी जाएगी, फिर वे भारतीय एक्सपोर्टर के साथ बात. चीत करके इस राशि का बंटवारा करेंगे। भारत से अमेरिकी निर्यात का 60 प्रतिशत हिस्सा टैरिफ दायरे में। इस हिसाब से देखें तो अब तक अमेरिका ने भारत से आयात पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाकर करीब 4 अरब डॉलर (40 हजार करोड़ रुपए) अतिरिक्त वसूले हैं। यही राशि रिफंड होगी, जिसमें भारतीय कारोबारियों को भी हिस्सा मिलेगा। ट्रेड डील को लेकर अंत. रिम समझौते के ढांचे के अनुसार भारत रूस से तेल का आयात दोबारा शुरू न करे, इस पर निगरानी रखने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने तीन मंत्रियों की एक टास्क फोर्स का गठन किया है। इसमें वाणिज्य मंत्री, विदेश मंत्री और वित्त मंत्री शामिल हैं। इस समिति को लगता है कि भारत ने रूस से तेल का इम्पोर्ट दोबारा शुरू कर दिया है, तो वह राष्ट्रपति ट्रम्प को दोबारा 25 प्रतिशत पेनल्टी लगाने और अन्य कार्रवाई करने के लिए सिफारिश कर सकती है। ट्रेड डील को लेकर भारत सरकार ने कहा है कि यह समझौता भारतीय अर्थव्यवस्था को नई गति और नई ऊंचाइयां देने वाला साबित होगा। भारतीय किसानों को नुकसान पहुंचाने वाला कोई भी उत्पाद ट्रेड डील में शामिल नहीं है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया है कि अमेरिका को किन चीजों पर टैरिफ छूट नहीं दी है और किन चीजों को भारत में एंट्री नहीं दी गई है। बिना छिलके वाले अनाज और आटा, आलू, प्याज, मटर, बीन्स, खीरा, मशरूम, संतरा, अंगूर, नीबू और मिश्रित डिब्बाबंद सब्जियां भारत में प्रवेश नहीं करेंगी। अमे. रिका से ट्रेड डील पर वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को कहा कि यह लेन-देन का मामला है। अगर मैं कुछ भी नहीं दूंगा, तो अपने किसानों के लिए अमेरिका में बाजार कैसे खोलूंगा? अमेरिकी बाजार खुलने से हमारे किसानों की आय बढ़ेगी। अगर कोई कहता है कि दो पन्नों के संयुक्त बयान में सुरक्षा नहीं है, तो वो गुमराह कर रहा है। अभी कई बातों पर स्पष्टता बाकी है। भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने एनडीटीवी से बातचीत में भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील होने की पुष्टि की। उन्होंने कहा: कुछ तकनीकी कागजों पर अगले कुछ दिनों में दस्तखत होंगे, लेकिन डील लगभग तय है। गोर ने कहा: यह टैरिफ समझौता प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रम्प के बीच कई सालों से चली आ रही मजबूत दोस्ती का नतीजा है। यह टैरिफ दूसरे देशों की तुलना में बहुत कम है।



■ देश के कारोबारियों को 40 हजार करोड़ की राहत मिलेगी रूसी तेल खरीद पर पेनल्टी लगाई थी


### जापान के सत्तारूढ़ एलडीपी की आम चुनाव में एकतरफा जीत

**टोक्यो।** जापान में रविवार को हुए आम चुनाव में सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) और जापान इनोवेशन पार्टी (जेआईपी) के गठबंधन ने निचले सदन में दो-तिहाई से अधिक बहुमत हासिल कर लिया है। सरकारी प्रसारक एनएचके ने सोमवार तड़के यह जानकारी दी। एनएचके के अनुसार, सत्तारूढ़ गठबंधन ने कुल 352 सीटें जीतीं, जो निचले सदन में पारित लेकिन उच्च सदन (हाउस ऑफ काउंसिलर्स) द्वारा खारिज किसी विधेयक को पुन: पारित कराने के लिए आवश्यक दो-तिहाई बहुमत से अधिक है। एलडीपी के पास चुनाव से पहले 198 सीटें थीं। पार्टी ने अपने दम पर ही 465 सदस्ईय निचले सदन में दो-तिहाई बहुमत प्राप्त कर लिया और कुल 316 सीटें जीतीं। वहीं, जूनियर सहयोगी जेआईपी के लिए परिणाम अपेक्षाकृत कमजोर रहे। पार्टी ने निचले सदन में अपनी पूर्व 34 सीटों के मुकाबले केवल दो सीटों की बढ़ोतरी की है। एनएचके के मुता. बिक, एलडीपी के अकेले बहुमत में होने से गठबंधन में जेआईपी का प्रभाव कम होने की संभावना है।

### ईरान की अमेरिका के साथ बातचीत प्रगति पर: पेजेशकियान

**तेहरान।** ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने रविवार को अपने देश और अमेरिका के बीच हाल ही में हुई परमाणु वार्ता को प्रगति पर कहा। उन्होंने ये टिप्पणियां एक्स पर एक पोस्ट में कीं जिसमें उन्होंने शुक्रवार को ओमान की राजधानी मस्कट में ईरानी और अमेरिकी प्रतिनिधिमंडलों के बीच हुई अप्रत्यक्ष वार्ता पर प्रकाश डाला।

पेजेशकियान ने कहा कि ये चर्चाएं पश्चिम एशिया क्षेत्र में मित्रवत सरकारों द्वारा किए गए अनुवर्ती प्रयासों के परिणामस्वरूप हुईं, और इस बात पर बल दिया कि ईरान की हमेशा से ही संवाद द्वारा मुद्दों को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाने की चुनी हुई रणनीति रही है। इसी बीच, तेहरान में एक राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची, जिन्होंने शुक्रवार की वार्ता में देश के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया, ने कहा कि कोई हमें यह नहीं बता सकता कि हमारे पास क्या होना चाहिए और क्या नहीं होना चाहिए। उन्होंने आश्वासन दिया कि ईरान का परमाणु हथियार बनाने का कोई इरादा नहीं है, साथ ही उन्होंने किसी भी प्रकार की दादागिरी को दृढ़ता से खारिज कर दिया। अराघची ने कहा कि अगर वे ईरानी लोगों से बल प्रयोग की भाषा में बात करेंगे तो हम भी उन्हें उसी भाषा में जवाब देंगे। हालांकि, अगर वे हमसे सम्मान की भाषा में बात करेंगे तो उन्हें भी उसी भाषा में जवाब दिया जाएगा। शुक्रवार को हुई वार्ता अमेरिका और ईरान के बीच क्षेत्रीय तनाव बढ़ने के बीच हुई, जिसमें मध्य पूर्व में हाल ही में अमेरिका द्वारा सैन्य जमावड़ा और ईरान द्वारा तैयारियों में तेजी शामिल हैं।



■ अगर वे हमसे सम्मान की भाषा में बात करेंगे, तो उन्हें भी उसी भाषा में जवाब दिया जाएगा



नई दिल्ली। डीटीए तमिल स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी के मिलने के बाद स्कूल के बाहर खड़े छात्र।

### हांगकांग के पूर्व मीडिया दिग्गज जिम्मी लाई को 20 साल की सजा

**बीजिंग।** हांगकांग के पूर्व मीडिया दिग्गज जिम्मी लाई को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून का उल्लंघन करने के आरोप में 20 साल जेल की सजा सुनाई गई है। यह जानकारी स्थानीय प्रसारक आरटीएचके ने सोमवार को दी। दिसम्बर 2025 में, हांगकांग उच्च न्यायालय ने लाई को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के उल्लंघन के तीनों मामलों में दोषी करार दिया था। प्रसारक ने कहा कि लाई को दी गई सजा 2020 के राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के उल्लंघन के लिए अब तक की सबसे कठोर सजा है। लाई को अगस्त 2020 में विदेशी ताकतों के साथ मिलीभगत एवं धोखाधड़ी करने के आरोपों में हिरासत में लिया गया था।

# भारत ने सेशेल्स को दिया 17 करोड़ 50 लाख डॉलर का पैकेज

## दोनों देशों ने राजधानी नई दिल्ली में साझेदारी बढ़ाने के लिए संयुक्त विजन जारी किया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत और सेशेल्स ने साझेदारी को अगले चरण तक ले जाने के लिए एक संयुक्त विजन जारी किया जा रहा है और भारत ने सेशेल्स की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए उसके लिए 17 करोड़ 50 लाख डॉलर के विशेष आर्थिक पैकेज की घोषणा की है।

मोदी ने भारत की यात्रा पर आए सेशेल्स के राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी के साथ व्यापक वार्ता के बाद सोमवार को यहां संयुक्त वक्तव्य में यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि विकास साझेदारी भारत-सेशेल्स संबंधों की मजबूत नींव रही है। हमारे सभी प्रयास सेशेल्स की प्राथमिकताओं और आवश्यकताओं पर आधारित रहे हैं। इस दिशा में आगे बढ़ते हुए आज हम 17 करोड़ 50 लाख डॉलर के विशेष आर्थिक पैकेज की घोषणा करने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह पैकेज आवास, ई मोबिलिटी, व्यावसायिक प्रशिक्षण, स्वास्थ्य, रक्षा और समुद्री सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में ठोस परियोजनाओं मैं सहयोग करेगा। मोदी ने कहा कि भारत और सेशेल्स की साझेदारी एक नए चरण में प्रवेश कर रही है। सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए आज हम 'भारत-सेशेल्स संयुक्त विजन' जारी करने जा रहे हैं जो आने वाले वर्षों में परस्पर सहयोग का रोड़मैप बनेगा। उन्होंने कहा कि भारत और सेशेल्स के संबंध केवल राजनयिक संपर्क तक सीमित नहीं है। हिंद महासागर की लहरें सदियों से हमारे लोगों को जोड़ती आई हैं। इसके तटों पर दोनों देशों के बीच व्यापार बढ़ा, संस्कृतियां मिलीं और विश्वास की परंपराएं मजबूत होती गईं। उन्होंने कहा कि भारत और सेशेल्स न केवल भूगोल से, बल्कि इतिहास, विश्वास और भविष्य के लिए एक साझा दृष्टिकोण से भी जुड़े हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारा नाता कल, आज, और आने वाले कल का है। एक समुद्री पड़ोसी और विश्वसनीय साझेदार के रूप में सेशेल्स भारत के महासागर विजन का अभिन्न अंग है। हमारा सहयोग जल, थल और नभ को समाि. हत करता है। आज की चर्चाओं में हमने इस साझेदारी को और अधिक सशक्त बनाने का मार्ग प्रशस्त किया। अपने आर्थिक सहयोग को और सुदृढ़ बनाने के लिए नए अवसरों की तलाश जारी रखने पर हम सहमत हैं। स्थानीय मुद्राओं में व्यापार बढ़ाने के साथ साथ हम फिन टैक और डिजिटल समाधान के क्षेत्र में भी आगे बढ़ेंगे।



■ हमारे सभी प्रयास सेशेल्स की प्राथमिकताओं और आवश्यकताओं पर आधारित रहे हैं: सरकार

# यूरेनियम इनरिचमेंट बंद नहीं करेंगे: ईरान

## कहा: डराकर हमसे कुछ नहीं करवाया जा सकता है, अमेरिका की नीयत पर भरोसा नहीं

**तेहरान।** ईरान ने अमेरिका के दबाव को सख्ती से खारिज करते हुए कहा है कि वो अपना यूरेनियम संवर्धन (यूरेनियम इनरिचमेंट) प्रोग्राम किसी भी हाल में नहीं छोड़ेगा, चाहे उसे सैन्य धमकियां मिलें या नए प्रतिबंध लगाए जाएं।

तेहरान में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि ईरान को डराकर उसकी परमाणु नीति नहीं बदली जा सकती और अमेरिका की मंशा पर हमें भरोसा नहीं है। यह बयान ऐसे समय आया है जब कई सालों बाद ईरान और अमेरिका के बीच ओमान में बातचीत फिर से शुरू हुई है। ईरान चाहता है कि उस पर लगे कड़े आर्थिक प्रतिबंध हटें, जबकि अमे. रिका ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर रोक चाहता है। अराघची ने साफ कहा कि यूरेनियम संवर्धन ईरान के लिए किसी भी हालत में समझौते का मुद्दा नहीं है। उन्होंने कहा कि किसी देश को यह अधिकार नहीं है कि वह ईरान को बताए कि उसे क्या करना चाहिए, भले ही युद्ध की धमकी क्यों न दी जाए। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य तैनाती, जैसे कि यूएसएस अब्राहम लिंकन एयरक्राफ्ट कैरियर की मौजूदगी, ईरान को डराने में नाकाम रहेगी। ईरानी विदेश मंत्री ने कहा कि अमेरिका पर भरोसा करना मुश्किल है और यह साफ नहीं है कि वाशिंगटन सच में डिप्लोमेटिक हल चाहता भी है या नहीं। उन्होंने दोहराया कि ईरान ऐसा कोई समझौता नहीं करेगा जो उसकी आजादी और सम्मान के खिलाफ हो। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर प्रतिबंधों में राहत मिलती है तो ईरान भरोसा बढ़ाने वाले कुछ कदमों पर विचार कर सकता है, लेकिन यह सब आपसी सम्मान पर निर्भर करेगा। पश्चिमी देश और इजराइल लंबे समय से आरोप लगाते रहे हैं कि ईरान परमाणु हथियार बनाना चाहता है, लेकिन ईरान इस बात से इनकार करता है। अराघची ने कहा कि ईरान किसी परमाणु बम की तलाश में नहीं है और उसकी असली ताकत बड़ी शक्तियों को 'न' कहने की क्षमता है। इस बीच अमेरिका, ईरान के आसपास लगातार अपनी सैन्य ताकत का प्रदर्शन कर रहा है। ईरान के साथ अमेरिकी वार्ताकार स्टीव विटकॉफ और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सलाहकार जारेड कुशनर ने कुछ समय पहले यूएसएस अब्राहम लिंकन एयरक्राफ्ट कैरियर का दौरा किया था। अमेरिकी सेना ने कहा कि यह तैनाती सुरक्षा के लिए है और ट्रम्प की 'शांति के लिए ताकत' की नीति का हिस्सा है। ईरान और अमेरिका के बीच ओमान में न्यूक्लियर मुद्दे पर 6 फरवरी को बातचीत हुई थी। ट्रम्प ने इसे 'बहुत अच्छा' बताया था, जबकि ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियन ने इसे शांति के लिए 'एक कदम आगे' कहा था।



■ ईरान चाहता है कि उस पर लगे कड़े आर्थिक प्रतिबंध हटें जबकि अमेरिका ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर रोक चाहता है

